सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 14 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 14, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 250 अंकों की गिरावट

वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच सेंसेक्स 250 .48 अंक गिरकर 83,627 .69 अंक पर बंद हुआ। } 14

## सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति व लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। } 16

## कुत्ते ने काटा तो देना होगा भारी जुर्माना

### उच्चतम न्यायालय ने नियमों में ढिलाई बरतने पर राज्यों को दी चेतावनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पिछले पांच वर्षों में आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने पर मंगलवार को चिंता व्यक्त की और कहा कि वह कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए राज्यों को भारी मुआवजा देने का आदेश देगा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ता प्रेमियों और उन्हें खाना देने वालों को भी जिम्मेदार और जवाबदेह ठहराया जाएगा। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य



सरकारों से भारी मुआवजा देने को कहेंगे क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही, इन आवारा कुत्तों को खाना देने वालों की भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है तो आप उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? ये कुत्ते इधर-उधर क्यों घूमते हैं? लोगों को काटते हैं और डराते हैं। न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा जब कुत्ते नौ साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए? वह संगठन जो उन्हें खाना दे रहा है, उसे? आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें।

उच्चतम न्यालय सात नवंबर, 2025 के अपने उस आदेश में संशोधन के अनुरोध वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों और सड़कों से इन आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया था। न्यायालय ने कहा कि सबसे अजीब बात यह है कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मकर संक्रांति पर संगम पहुंच सकते हैं एक करोड़ श्रद्धालु

### ○ भीड़ प्रबंधन की व्यापक योजना तैयार ○ सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतेजाम ○ घाटों पर स्नान की विशेष व्यवस्था

जिला संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले का दूसरा स्नान पर्व मकर संक्राति 15 जनवरी को है। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व में 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान संपन्न कराने के बाद अब मेला प्रशासन ने मकर संक्रांति स्नान पर्व के लिए कमर कस ली है। इसके लिए स्नान घाटों पर विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, इसके लिए घाटों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इस दौरान एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान का प्रशासन का अनुमान है।

माघ मेला-2024 में इस पर्व पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। इस बार लगभग तीन गुना अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान को देखते हुए मेला प्रशासन ने भी भीड़ प्रबंधन का मेगा प्लान तैयार किया है। माघ मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है भीड़



प्रबन्धन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग विकसित की गयी है, जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे। माघ मेला 2025-26 में कुल 12100 फीट लम्बाई में घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं चेंजिंग रूम, पुआॅल, कॉसा, शौचालय आदि उपलब्ध हैं। मेला अधिकारी के अनुसार माघ मेले में गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है। प्रयागराज में दोनों नदियों में गिरने वाले सभी 81 नालों की टैपिंग की जा चुकी है। निरंतर गंगा जल की मॉनिटरिंग हो रही है। शासन के निर्देश पर माघ मेले में स्वच्छता, सुरक्षा और सुगम परिवहन पर विशेष जोर दिया गया है। मेला अधिकारी ऋषिराज बताते हैं कि माघ मेले को खुले में शौच मुक्त, दुर्गन्ध मुक्त और गंगा में जीरो डिस्चार्ज के लिए लगभग 25,880 शौचालय, 11 हजार डस्टबिन, 10 लाख से अधिक लाइनर बैग, 25 सक्शन गाड़ियां एवं 3,300 सफाई कर्मी तैनात किये गये हैं। श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुलभ आवागमन हेतु बाइक टैक्सी और गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गयी है। माघ मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय बताते हैं कि सम्पूर्ण मेला ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बदायूं में सील बंद फैक्टरी में तैनात तीन सुरक्षा गार्डों की दम घुटने से मौत

बदायूं। बदायूं जिले के उझानी थाना क्षेत्र के गांव कूड़ा नरसिंहपुर में सील बंद मेंथा फैक्टरी में तीन सुरक्षा गार्डों की दम घुटने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिजन फैक्टरी पहुंचे और जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे तैसे लोगों को शांत कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीते साल इस फैक्टरी में भीषण आग लगने के बाद प्रशासन द्वारा इसको सील कर दिया गया था। बदायूं जिले के उझानी कस्बे के दिल्ली राजमार्ग पर स्थित मेंथा ऑयल फैक्टरी में तैनात तीन सुरक्षा गार्ड कमरे में पड़े मिले जिनमें से दो की मौत हो चुकी थी जबकि एक की गंभीर हालात को देखते हुए उसे उपचार के लिये राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान जुगेन्द्र (32), भानु (22) और विवेक (27) के रूप में हुई जो सुरक्षा गार्ड के रूप में तैनात थे।

### 2.71 लाख रुपये प्रति किलो के नये शिखर पर चांदी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमतें 6,000 रुपये उछलकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं जबकि स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी के बीच सोना 1,45,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने उच्चतम स्तर पर जा पहुंचा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी ने लगातार तीसरे दिन अपनी बढ़त जारी रखी और 6,000 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत उछलकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी 15,000 रुपये यानी छह प्रतिशत की जबर्दस्त उछाल के साथ 2,65,000 रुपये प्रति किग्रा के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 7.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

○ दान विलेख व किरायेदारी की रजिस्ट्री पर रियायत (पृष्ठ-02)
○ धामी ने माता रणकोची धाम से किया जनसंवाद (पृष्ठ-02)
○ उत्तराखंड : धान की खेती पर लग सकता है बैन (पृष्ठ-14)
○ रूस से तेल खरीदने में भारत तीसरे स्थान पर (पृष्ठ-14)
○ पेंशन के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन किया (पृष्ठ-14)

# नये भारत की कार्य संस्कृति का प्रतीक है 'प्रगति'

### ○ इंटेंट, टेक्नोलॉजी व अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से सुनिश्चित हो रहे ठोस परिणाम ○ प्रगति मॉडल से यूपी बना इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन: योगी




विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि नए भारत की नई कार्यसंस्कृति का सशक्त उदाहरण है। मंगलवार को आयोजित विशेष प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति उस प्रशासनिक मॉडल को दर्शाता है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी और 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के पास 10.48 लाख करोड़ रुपये की 330 परियोजनाओं के साथ देश का सबसे बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो है। इनमें परिवहन, ऊर्जा, शहरी विकास, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट शामिल हैं। इनमें से 2.37 लाख करोड़ रुपये की लागत की 128 परियोजनाएं (39%) पहले ही पूर्ण होकर कमीशन हो चुकी हैं, जबकि 8.11 लाख करोड़ रुपये की 202 परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रगति पर हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 4.19 लाख करोड़ रुपये की लागत के 65 बड़े प्रोजेक्ट प्रगति के अंतर्गत शामिल हैं। इनमें से 26 परियोजनाएं पूरी होकर कमीशन हो चुकी हैं, जबकि 39 परियोजनाएं निर्माण के विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति ने यह सिद्ध किया है कि जब इंटेंट, टेक्नोलॉजी व अकाउंटेबिलिटी एक साथ आती हैं, तो आउटकम अपने आप सुनिश्चित हो जाते हैं। डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को मजबूती देते हुए प्रगति एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना है, जहां अंतर-मंत्रालयीय व अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से जटिल समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव हुआ है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महिलाओं के खिलाफ अपराध किया तो यमराज से होगी मुलाकात

जिला संवाददाता

गोरखपुर (उप्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि महिलाएं भयमुक्त वातावरण में शिक्षण संस्थान और बाजार जा सकें तथा चेतावनी दी कि अगर किसी गुंडे ने दुस्साहस किया तो अगले चौराहे पर उसकी मुलाकात यमराज से होगी।

गोरखपुर महोत्सव को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने हर नौजवान को



रोजगार, किसान को सम्मान और हर व्यापारी और उद्यमी को भय मुक्त वातावरण दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों को दी धमकी

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को अमेरिका के साथ अपने व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करना होगा। इस कदम का भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे ईरान के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों पर असर पड़ सकता है।

ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा तत्काल प्रभाव से इस्लामिक गणराज्य ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को अमेरिका के साथ किए जाने वाले सभी प्रकार के व्यापार पर 25 प्रतिशत का शुल्क देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान अब सीमाएं लांघ रहा है और इसी वजह से उन्हें और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को कठोर विकल्पों पर विचार करना पड़ रहा है। ईरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में चीन, तुर्किये, भारत, यूएई, पाकिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। ट्रंप की इस घोषणा का असर भारत पर पड़ सकता है जो हाल के वर्षों में ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मंदिर के पास मिले पशु अवशेष, तनाव

### ○ प्रदर्शन के बाद दो अभियुक्त गिरफ्तार ○ चार पुलिसकर्मी निलंबित

जिला संवाददाता

कानपुर। जिले के बिल्हौर इलाके में एक मंदिर के पास प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में बिल्हौर के थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्रवाई सोमवार को जानवरों के अवशेष मिलने के विरोध में स्थानीय लोगों और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किये जाने के बाद की गई है। पुलिस अधिकारियों ने यहां बताया कि यह मामला सोमवार शाम को सामने आया, जब ग्रामीणों ने बिल्हौर के गढ़नापुर इलाके में एक मंदिर के पास पशुओं के अवशेष, मांस,




हड्डियां और खाल देखीं तथा पुलिस को इसकी सूचना दी। अवशेषों का एक वीडियो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया। उन्होंने बताया कि इसके तुरंत बाद, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अवशेष जानबूझकर धार्मिक स्थल के पास रखे गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने शाकिर और एक अन्य स्थानीय निवासी रहमान पर गोहत्या में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जम्मू-कश्मीर : पांच और सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद से संबंध के संदेह में मंगलवार को पांच सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दीं। उपराज्यपाल के प्रशासन ने 2020 से अब तक ऐसे 85 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया है, जिन्हें आतंकवादी समूहों के लिए काम करते पाया गया था।

एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य सरकारी तंत्र के भीतर मौजूद आतंकवादी तंत्र और उसके बुनियादी ढांचे की जड़ों को निशाना बनाना है। अधिकारी ने बताया, बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में शिक्षक मोहम्मद इशफाक, प्रयोगशाला तकनीशियन तारिक अहमद राह, सहायक लाइनमैन बशीर अहमद मीर, वन विभाग में वन क्षेत्र कर्मी फारूक अहमद भट ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जेब में सांप लेकर अस्पताल पहुंचा युवक, मचा हड़कंप

### ○ डस लेने से नाराज होकर पकड़ा ○ दिया गया एंटी वेनम

जिला संवाददाता

मथुरा। मथुरा जिले में हुई एक अजीबोगरीब घटना में एक ई-रिक्शा चालक अपनी जैकेट की जेब में सांप लेकर जिला अस्पताल पहुंच गया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर नीरज अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि मथुरा नगर का निवासी ई-रिक्शा चालक दीपक (39) सोमवार को अपनी जेब में करीब डेढ़ फुट लम्बा सांप लेकर अस्पताल में आया और कहा कि इसी सांप ने उसे काटा है लिहाजा उसे एंटी वेनम इंजेक्शन (जहर के प्रभाव से बचाने वाला इंजेक्शन) लगाया जाए।

उन्होंने बताया कि दीपक से कहा गया कि वह सांप को अस्पताल के बाहर छोड़कर आये क्योंकि इससे दूसरे



मरीजों को खतरा हो सकता है और उसके नहीं मानने पर पुलिस को बुलाया गया, जिसने सांप को एक डिब्बे में बंद कर दिया। अग्रवाल ने बताया कि उसके बाद दीपक को एंटी वेनम इंजेक्शन दिया गया और वह अपने घर चला गया। हालांकि उन्हें शक था कि सांप दीपक का ही था। इस बीच, सोशल मीडिया मंच पर घटना का एक वीडियो भी प्रसारित हो रहा है। वीडियो में अस्पताल के अंदर कोई व्यक्ति कथित रूप से दीपक से पूछ रहा है कि उसके साथ क्या हुआ है। इस पर दीपक कहता है कि उसे सांप ने काट लिया था। वह लगभग आधे घंटे पहले अस्पताल पहुंचा था। वीडियो ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलवाये अलाव, लोगों ने आग तापकर ली राहत की सांस

# जरूरतमंदों की सेवा और सहायता ही हमारा संकल्प : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मंगलवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से राहत दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाये। सर्दी में घर से निकले लोगों को इससे बड़ी सहूलियत महसूस हुई। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर अपना खाली वक्त बिताया। मंगलवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह इन अलावों का सहारा लेते दिखे। अस्पताल आए










मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस मानवीय पहल का तहेदिल से स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर राहत महसूस की। गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने का प्रयास करते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर समाज के अन्य लोगों को भी ऐसा करने की प्रेरणा देते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दान विलेख व किरायेदारी की रजिस्ट्री पर बड़ी रियायत

## स्टांप और पंजीयन शुल्क में व्यापक कटौती, जनता को मिलेगी सीधी राहत

विशेष संवाददाता (vol)



- अब मात्र 10 हजार रुपये में करा सकेंगे संपत्ति का पारिवारिक बंटवारा
- विवादों में कमी, पारदर्शिता और सुगम पंजीकरण पर सरकार का फोकस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार आम नागरिकों, महिलाओं, छोटे व्यवसायियों और परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से स्टांप एवं पंजीयन शुल्क से जुड़ी महत्वपूर्ण सुधारात्मक पहल कर रही है। इसके तहत, दान विलेख, किरायेदारी विलेख और महिलाओं के पक्ष में रजिस्ट्री पर बड़ी रियायत प्रदान की जा रही है।

योगी सरकार का लक्ष्य है कि संपत्ति से जुड़े लेन-देन, पंजीयन, बंटवारा और दान जैसी प्रक्रियाएं सरल, किफायती और विवादरहित हों। सरकार का यह फैसला लोककल्याण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, जिससे करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ पहुंचेगा।

मंगलवार को विधान भवन कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पारिवारिक अचल संपत्ति के बंटवारे में अब भारी खर्च नहीं करना पड़ेगा। पहले बंटवारे के दौरान लाखों रुपये का स्टांप और रजिस्ट्रेशन शुल्क देना पड़ता था, लेकिन अब पारिवारिक विभाजन विलेख पर स्टांप शुल्क 5000 रुपये और रजिस्ट्रेशन शुल्क अधिकतम 5000 रुपये तक सीमित कर दिया गया है। कुल 10 हजार रुपये में परिवार अपनी संपत्तियों का वैध और न्यायसंगत बंटवारा करा सकेंगे। इससे परिवारों में आपसी विवाद कम होंगे, अनावश्यक मुकदमे और न्यायालयों का बोझ घटेगा तथा सही समय पर संपत्ति का स्वामित्व स्थापित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का मानना है कि पारिवारिक सौहार्द सामाजिक एकजुटता की आधारशिला है और यह निर्णय उसी सोच का प्रतिबिंब है।

मंत्री जायसवाल ने कहा कि महिलाओं के पक्ष में स्टांप शुल्क में बड़ी राहत दी गई है। अब महिलाओं/बेटियों के नाम दर्ज होने वाले विलेखों पर स्टांप शुल्क में 1 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। पहले यह सुविधा 10 लाख रुपये के रजिस्ट्रेशन मूल्य तक सीमित थी, लेकिन योगी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तक कर दिया है। यानी अब 1 करोड़ रुपये तक मूल्य की संपत्ति की रजिस्ट्री में भी महिलाओं को छूट का लाभ मिलेगा। इससे महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीकरण को बढ़ावा मिलेगा और वे आर्थिक रूप से अधिक सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन सकेंगी। छूट की सीमा को 10 गुना तक विस्तार देना सरकार के महिला सशक्तीकरण के प्रति गंभीर संकल्प को दशार्ता है। मंत्री रवींद्र जायसवाल ने दान विलेख से संबंधित प्रावधानों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों के बीच आवासीय, व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान विलेख पर स्टांप शुल्क की अधिकतम सीमा 5000 रुपये निर्धारित कर दी गई है। इससे संपत्तियों के हस्तांतरण की प्रक्रिया और अधिक सुगम व किफायती होगी। अनधिकृत, अवैध तरीकों से संपत्ति हस्तांतरण की प्रवृत्ति में कमी आएगी और पारिवारिक व्यवसायों के उत्तराधिकार में सुगमता बढ़ेगी। छोटे व्यवसायियों को भी इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। किरायेदारी विलेखों पर भी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।

अब किरायेदारी रजिस्ट्री पर स्टांप एवं पंजीयन शुल्क में 90 प्रतिशत तक की कमी की गई है। इससे किरायेदार और मकान मालिक दोनों के अधिकारों का संरक्षण होगा और किराए के विवादों में कमी आएगी। साथ ही किरायेदारी को औपचारिक स्वरूप मिलेगा, जिससे आवास तथा व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

जायसवाल ने कहा कि सरकार की यह पूरी श्रृंखला आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से की गई है। इन फैसलों से पारदर्शिता बढ़ेगी, राजस्व प्रणाली मजबूत होगी, न्यायालयों के बोझ में कमी आएगी और समाज में विश्वास एवं विकास का वातावरण सुदृढ़ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में विभाग आम जनता के अनुकूल, सरल और डिजिटल प्रणाली विकसित करने की दिशा में निरंतर काम कर रहा है, ताकि हर नागरिक को समयबद्ध और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# पिछड़े विकास खंडों में योजनाओं का लाभ पहुंचायें : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निर्देश दिया है कि पिछड़े विकास खंडों में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पोषण, बुनियादी सुविधा और सामाजिक विकास के काम तेजी से कराए जाएं। राज्य के पिछड़े ब्लॉकों में समग्र विकास कराने के साथ योजनाओं का लाभ अधिकतम लाभार्थियों तक समय से पहुंचाएं। मुख्य सचिव ने मंगलवार को आकांक्षी विकास खंडों में होने वाले कामों की समीक्षा में कार्यक्रम से जुड़े इंडिकेटर्स में पिछड़े विकास खंडों की स्थिति, डाटा की गुणवत्ता तथा सुधारात्मक कदमों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पोर्टल पर संबंधित इंडिकेटर्स में त्रुटिरहित डाटा का अंकन कराया जाए।

उन इंडिकेटर्स में जहां आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति अभी भी राज्य औसत से कम है, सुधार के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही जिन इंडिकेटर्स में अभी भी विकास खंडों की प्रगति राज्य औसत से कम है, उनके लिए जनपद एवं विकास खंड स्तर से समन्वय स्थापित कर लक्षित प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि आकांक्षात्मक विकास खंडों के लिए विभाग अपनी प्राथमिकता अनुसार संबंधित महत्वपूर्ण नए लक्ष्य उपलब्ध कराएं। इनमें शत-प्रतिशत अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। लक्ष्य प्रगति की जिला व विकास खंड स्तर के अधिकारियों के साथ त्रैमासिक समीक्षा की जाए। फ्रंट लाइन वर्कर्स के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और इनकी सूचना व कार्यवृत्त नियोजन विभाग को उपलब्ध कराई जाए। लक्ष्य की वर्तमान प्रगति के अनुसार ब्लॉक डवलपमेंट स्ट्रैटेजी को लागू किया जाए। विभागों द्वारा निर्धारित 50 इंडिकेटर्स का डेटा नियोजन विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए।



## किसानों को सिंचाई सुविधाओं की योजना का दें लाभ

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा है कि जल शक्ति मंत्रालय से संचालित आधुनिकीकरण कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन (एमसीएडीडब्ल्यूएम) योजना का लाभ किसानों को दिया जाए। किसानों को योजना का लाभ मिलने से सिंचाई सुविधाओं का बेहतर उपयोग होगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। कहा कि परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की विलंब की स्थिति में तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ अधिकतम संख्या में कृषकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पहुँचाया जाए, जिससे जल उपयोग की दक्षता बढ़े, सिंचाई सुविधाओं का बेहतर दोहन हो तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि हो। जल शक्ति मंत्रालय से संचालित आधुनिकीकरण कमांड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन योजना के अंतर्गत चयनित क्लस्टरों की द्वितीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने उक्त निर्देश दिए। बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभिन्न कन्वर्जेंस विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। एमसीएडीडब्ल्यूएम योजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की एक उप-योजना है, कमांड क्षेत्रों में आधुनिक सिंचाई प्रणालियों के माध्यम से जल संसाधनों के कुशल उपयोग, जल संरक्षण तथा किसानों की आय वृद्धि पर केंद्रित है।

# भाजपा दोबारा फर्जी वोट बनाने में लगी है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

- सपा अध्यक्ष ने नेताओं और कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा मतदाता सूची की एसआईआर प्रक्रिया में धांधली करना चाहती है। भाजपा दोबारा फर्जी वोट बनाने में लगी है। बीजेपी लोकतांत्रिक व्यवस्था अपवित्र करने पर उतावली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों ने अगर वोट बनाने में हेराफेरी की तो फर्जी वोट बनवाने वालों, अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जायेगी। एफआईआर का प्रारूप सपा के सभी बीएलए और बूथ प्रभारियों को भेजा जा रहा है।

मंगलवार को पार्टी राज्य मुख्यालय, लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर घर-घर जाएं और लोगों से संपर्क कर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को बताएं। उन्होंने प्रदेश की सम्मानित जनता से भाजपा की साजिशों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता और मतदाता भाजपा के साथ नहीं है। भाजपा भूमाफिया की भूमिका में है। प्रदेश भर में सरकारी और गरीबों की जमीनों पर भाजपाई अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है। हर विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार की इन्तिहा कर दी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का पता नहीं चलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि मतदाता सूची के लिए किया जा रहा एसआईआर ही एनआरसी है। जो काम गृह मंत्रालय का था उसे भाजपा सरकार चुनाव आयोग से करा रही है। एसआईआर के बाद भी मतदाता सूची में तमाम खामियां सामने आ रही है। मुख्यमंत्री ने खुद स्वीकार किया है कि चार करोड़ वोट कट रहे हैं।

## अखिलेश यादव को पवन मनोचा ने दी लोहड़ी की बधाई



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को देशवासियों को हर्षोल्लास, उमंग और उत्साह के पावन पर्व लोहड़ी की बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होने कहा कि लोहड़ी पर्व प्रकृति के प्रति गहरी आस्था का भी त्योहार है। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर पंजाबी समाज के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ महामंत्री लखनऊ व्यापार मंण्डल पवन मनोचा ने अखिलेश यादव से मुलाकात कर पावन पर्व लोहड़ी की बधाई दी और रेवड़ी तथा मिठाई भेंट की। अखिलेश यादव ने सभी के सुखःसमृद्धि की कामना की। पवन मनोचा के साथ सिंह साहब (रूबल), सचिन चड्ढा, कुश अरोड़ा, संतोष रावत तथा हार्दिक मनोचा भी इस मौके पर मौजूद रहे।

# एआई से पूरी तरह बदल जायेगी ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर

## उत्तर प्रदेश एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कान्फ्रेंस में एआई एक्सपर्ट ने रखे विचार

विशेष संवाददाता (vol)

- एआई के इस्तेमाल से शहरी और ग्रामीण इलाकों के बीच का कम होगा फर्क

**लखनऊ।** स्वास्थ्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका को लेकर राजधानी के होटल में चल रहे उत्तर प्रदेश एआई एंड हेल्थ इनोवेशन कान्फ्रेंस के दूसरे दिन मंगलवार को एआई एक्सपर्ट ने अपने विचार रखे। एक्सपर्ट बोले, तकनीक अगर सही तरीके से अपनाई जाए, तो वह देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बना सकती है। खासतौर पर शहरी और ग्रामीण इलाकों के बीच जो फर्क है, उसे एआई के जरिए काफी हद तक कम किया जा सकता है।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा कि एआई का असली फायदा तब मिलेगा, जब यह फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स को सशक्त बनाए। आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और डॉक्टर ही गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाते हैं। अगर तकनीक इनकी मदद करे, तो इलाज समय पर और बेहतर हो सकता है। उन्होंने टेलीमेडिसिन और रिमोट केयर को बढ़ाने पर भी जोर दिया, ताकि दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी आसानी से डॉक्टरों की सलाह मिल सके। उन्होंने कहा कि करीब 1.80 लाख आशा कार्यकता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम और चीफ हेल्थ ऑफिसर प्रदेश और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। ये कर्मचारी गांव और कस्बों में लोगों से सीधे जुड़े होते हैं। एआई आधारित टूल्स ऐसे होने चाहिए, जो इनके रोजमर्रा के काम को आसान बनाएं, न की बोझ बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर जैसे केंद्रों में एआई का सही इस्तेमाल कर दूरस्थ इलाकों में भी अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं।

विभिन्न सत्रों में एआई समाधानों की बात हुई। जो पहले से ही मैदान में काम कर रहे हैं, उनका मकसद है बीमारी को शुरू में ही पहचानना और मरीज को सही समय पर सही अस्पताल तक पहुंचाना। विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई को सफल बनाने के लिए विभागों के बीच तालमेल बहुत जरूरी है। सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, बल्कि अन्य सरकारी विभागों को भी मिलकर काम करना होगा। नीति बनाने से लेकर उसे लागू करने तक, हर स्तर पर सहयोग होगा, तभी एआई का सही फायदा मिलेगा। इससे गांव स्तर से लेकर बड़े अस्पतालों तक, हर जगह एक जैसी और बेहतर सेवाएं दी जा सकेंगी। पैनल में शामिल एआई एक्सपर्ट ने कहा कि जब देश की करीब आधी आबादी महिलाएं और बच्चे हैं, तब उनके स्वास्थ्य डाटा की सुरक्षा बहुत जरूरी है। मरीज की सहमति के बिना डाटा का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। पारदर्शिता और भरोसा ही किसी भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव होती है। अगर लोग सिस्टम पर भरोसा करेंगे, तभी वे नई तकनीक को अपनाएंगे। एआई की मदद से मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। एआई आधारित सिस्टम गर्भवती महिलाओं में खतरे के संकेत पहले ही पहचान सकता है। इससे आशा कार्यकर्ता समय रहते महिला को अस्पताल तक पहुंचा सकती हैं। गांव स्तर पर जल्दी पहचान और सही रेफरल से मां और बच्चे दोनों की जान बचाई जा सकती है। कार्यक्रम में अरविंद कुमार महानिदेशक, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया, प्रो. आर के सिंह एसजीपीजीआई, डॉ. संजय सूद सी-डैक, मोहाली, प्रो. श्री राम गणपति और कर्नल समीर कंवर डीजी, पाथ आदि विशेषज्ञ शामिल हुए।

# वीबी-जी राम जी विकसित भारत की मजबूत नींव साबित होगी : किरेन रीजिजू



विशेष संवाददाता (vol)

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, विकसित भारत वीबी-जी राम जी मजदूर किसान और गांव के विकास का मंत्र**

**लखनऊ।** भाजपा वीबी-जी राम जी अधिनियम में निहित गांव, गरीब और किसान के चहुंमुखी विकास, आर्थिक उन्नति और समृद्धि की प्रतिबद्धता को लेकर गांव, गली, मजरों, चौपालों पर पहुंचकर जनसंवाद करेगी। एनडीए की कार्यशाला में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरेन रिजिजू के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनखड़, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सुभासपा अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 से गांव के विकास और गरीब की आर्थिक उन्नति पर संवाद किया। इस दौरान राष्ट्रीय मंत्री सुरेन्द्र नागर, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह तथा निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने किया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजिजू ने कहा कि वीबी-जी राम जी विकसित भारत की मजबूत नींव साबित होगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब ग्रामीण भारत विकसित होगा। इसी सोच के साथ केंद्र की मोदी सरकार द्वारा वीबी-जी राम जी जैसे दूरदर्शी कानून को लाया गया है। यह केवल रोजगार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के सर्वांगीण विकास का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने ग्रामीण योजनाओं को केवल कागज, वोट बैंक और भ्रष्टाचार तक सीमित रखा। वीबी-जी राम जी ने इस सोच को बदला है।

उन्होंने कहा कि विरोधियों के पास जब तर्क नहीं होते, तो वे भ्रम और झूठे नैरेटिव फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी कार्यकर्ता ठान लें, तो विपक्ष द्वारा फैलाये जा रहे कोई भी भ्रम, कोई भी झूठ टिक नहीं पाएगा।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि विकसित भारत वीबी-जी राम जी मजदूर किसान और गांव के विकास का मंत्र है और कांग्रेस के भ्रष्टाचार का अंत है। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी से भ्रष्टाचार खत्म होगा गांव का विकास होगा ग्रामीण क्षेत्र में नए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े होंगे। जब गांव का विकास होगा तो देश का भी विकास होगा और देश विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज सवाल यह है कि आखिर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को विकसित भारत और भगवान श्रीराम के नाम से इतनी नफरत क्यों है? कांग्रेस चाहे कितनी भी साजिशें कर ले, भारत 2047 तक विकसित भारत बनकर रहेगा। इस संकल्प को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे पार्टी संगठन की योजनानुसार गांव-गांव व जन-जन तक वीबी-जी राम जी से आमजन को मिलने वाले लाभ के बारे में बताकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम और झूठ का पदार्फाश करें।

पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांव मजबूत होंगे तभी राष्ट्र मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि यह कानून सामाजिक न्याय, आर्थिक समावेशन और आत्मनिर्भरता का संतुलित मॉडल है। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और राम राज्य की लोककल्याणकारी सोच को वर्तमान समय की जरूरतों के अनुसार लागू किया गया है।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकसित भारत निर्माण के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। इस अधिनियम से देश की अर्थव्यस्था भी मजबूत होगी और श्रमिकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इस अधिनियम को हमें अभियान के रूप में लेकर हर गांव, गली, मजरे, टीले, चौपाल तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि पिछले नवम्बर से हम सभी एसआईआर के काम में लगे हुए हैं। हमें एसआईआर के साथ ही वीबी-जी राम जी जनजागरण अभियान में भी जुटना है। दोनों ही अभियान महत्वपूर्ण है इसलिए प्लानिंग के साथ सभी कार्यकर्ताओं को काम और समय का सदुपयोग करने की नीति पर काम करना हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा और वीबी-जी राम जी के बीच का अंतर तथा वीबी-जी राम जी की उपयोगिता को श्रमिको और किसानों के बीच पहुंचाना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश की कार्यशाला के बाद वीबी-जी राम जी की जिला कार्यशालाओं में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जिला सम्मेलन आयोजित करेगी और सम्मेलनों के माध्यम से वीबी-जी राम जी पर श्रमिकों, गामीणों, ग्राम प्रधानों, बीडीसी सदस्यों तथा किसानों के साथ संवाद करेगी।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना से 2,586 युवाओं को मिला रोजगार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय गति से आगे बढ़ रही है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक योजना के अंतर्गत 94 इकाइयां स्थापित की गई हैं, जिसके तहत 648.63 लाख रुपये का पूंजी निवेश संभव हुआ है। इसके माध्यम से 2,586 युवाओं को रोजगार दिलाने में सफलता मिली है। यह आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष में योजना ने मजबूत प्रगति दर्ज की है और शेष अवधि में लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इस योजना ने गांवों में उद्योग स्थापित कराकर स्थानीय युवाओं को उनके ही घर के पास रोजगार उपलब्ध कराने का रास्ता खोला है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित एवं तकनीकी योग्य बेरोजगार युवक-युवतियों को 10 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योगी सरकार ने उद्यमियों के लिए ब्याज सब्सिडी की बड़ी सुविधा दी है, जिसमें सामान्य वर्ग के उद्यमियों के लिए 4% से ऊपर का ब्याज सरकार देती है, जबकि आरक्षित वर्ग के उद्यमियों का पूरा ब्याज सरकार वहन करती है। योजना में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला उद्यमी पात्र हैं। चयन प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स के माध्यम से की जाती है। सामान्य वर्ग को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत, जबकि आरक्षित वर्ग को 5 प्रतिशत स्वयं का अंशदान देना होता है। सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में और अधिक युवाओं को इस योजना से जोड़कर स्व-रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। योगी सरकार ग्रामीण विकास को केवल सड़क और बिजली तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि ग्रामीण उद्योगों का नेटवर्क विकसित कर रही है।

## मिले टैबलेट, खिले चेहरे

**लखनऊ।** छात्राओं के समावेशी विकास, डिजिटल साक्षरता और तकनीकी सशक्तिकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत मंगलवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में मदद फाउंडेशन के सहयोग से समन्वय बैठक और टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग और मदद फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, गोरखपुर और महाराजगंज जनपदों के प्रधानाचार्यों को कुल 40 टैबलेट प्रदान किए गए। प्रत्येक विद्यालय को 20-20 टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। यह पहल पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। इसकी सफलता के आधार पर अन्य विद्यालयों में टैबलेट वितरण का दायरा बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण और मदद फाउंडेशन के फाउंडर राजेश मणि उपस्थित रहे।

# ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का भरोसेमंद ठिकाना बनता जा रहा है उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)

- प्रदेश में 1000 जीसीसी स्थापित करने, 5 लाख युवाओं को रोजगार दिलाने का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) निवेश की दृष्टि से एक उभरता हुआ गंतव्य बन गया है। पिछले नौ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नॉलेज और सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर भी मजबूती से अपने कदम बढ़ा रहा है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों का कहना है की आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश वैश्विक कंपनियों का एक बहुत बड़ा केंद्र बनेगा। प्रदेश में 1000 से अधिक जीसीसी स्थापित करने का लक्ष्य है, जिसके माध्यम से प्रदेश के पांच लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

उत्तर प्रदेश जीसीसी नीति 2024 के माध्यम से योगी सरकार ने जिस नीतिगत स्पष्टता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण को अपनाया है उससे वैश्विक कंपनियों की सबसे बड़ी चिंता दूर हो गई है। इनमें नियमों की अनिश्चितता और प्रक्रियाओं में देरी सबसे प्रमुख थी। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने स्पष्ट ढांचा तैयार किया है, जिससे निवेशकों को शुरूआत से ही नियम शर्तें और दायित्व समझ में आ सकें। इससे भरोसे का वातावरण बना है, निर्णय लेने की गति तेज हुई है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में इस समय लगभग 90 जीसीसी हैं। भूमि आधारित प्रोत्साहन, निवेश की शुरूआती लागत को घटाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश सरकार की सोच है कि जब निवेशक को शुरूआती चरण में संरचनात्मक सहयोग मिलेगा तो वह लंबे समय तक प्रदेश से जुड़ा रहेगा। यही कारण है कि अस्थायी ऑफिस या किराए की व्यवस्था के स्थान पर स्थायी औद्योगिक ढांचे को प्राथमिकता दी जा रही है। यह मॉडल प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को मजबूत और स्थिर बनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। प्रदेश सरकार का जोर केवल निवेश आकर्षित करने तक सीमित नहीं है, इसके समयबद्ध क्रियान्वयन पर भी है। इसके लिए जवाबदेही तय की गई है, जिससे परियोजनाएं तय समय में पूरी हो सकें। निवेशकों की नजर में उत्तर प्रदेश अब परिणाम देने वाला राज्य है जहाँ पर निवेश करना फायदेमंद है। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के जरिये प्रदेश में हाई वैल्यू रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, डेटा और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त होने का रास्ता मिल रहा है। इससे न केवल प्रदेश की मानव संसाधन क्षमता सुदृढ़ होगी बल्कि प्रतिभा पलायन की प्रवृत्ति पर भी प्रभावी रूप से नियंत्रण संभव होगा। विशेष रूप से कम विकसित क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित कर सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। जब वैश्विक कंपनियां इन क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगी तो स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# सीएम धामी ने चम्पावत में माता रणकोची धाम से किया जनसंवाद

## मुख्यमंत्री धामी ने चम्पावत में 117 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता (vol)



**चम्पावत (उत्तराखंड)।** धार्मिक पर्यटन को सुदृढ़ करने और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चम्पावत को विकास की बड़ी सौगात दी। पावन माता रणकोची धाम से मुख्यमंत्री ने जनपद के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।

मुख्यमंत्री धामी ने माता रणकोची मंदिर में पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं व सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्पावत केवल प्रशासनिक इकाई नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और ऐतिहासिक चेतना से जुड़ी विशिष्ट भूमि है। उन्होंने कहा कि यहां की धार्मिक भावना समाज को जोड़ने और आगे बढ़ाने वाली शक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माता रणकोची धाम का विकास किसी एक संरचना तक सीमित नहीं, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को सुदृढ़ करने का व्यापक प्रयास है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता से संवाद को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार की अवधारणा के तहत चम्पावत में न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित संवाद कार्यक्रमों से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हुआ है और पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। मुख्यमंत्री धामी ने विश्वास जताया कि संस्कृति, संवाद, आस्था और विकास के समन्वय से चम्पावत आने वाले वर्षों में उत्तराखण्ड के अग्रणी और आत्मनिर्भर जिलों में स्थान बनाएगा। उन्होंने नागरिकों से विकास कार्यों में सहयोग, सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और जनभागीदारी को सशक्त बनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्कृति संवर्धन पहल के अंतर्गत जनपद के प्राचीन मंदिरों के पुजारियों को कला, परंपरा और पहचान से जुड़ी सामग्री वितरित की। इस सामग्री में वाद्य यंत्र, धार्मिक ग्रंथ, पूजा-सामग्री एवं अन्य सांस्कृतिक उपकरण शामिल हैं, जिनका उद्देश्य लोक परंपराओं को सहेजना और नशा-मुक्त देवभूमि के संकल्प को मजबूती देना है। मुख्यमंत्री धामी ने माता रणकोची मंदिर परिसर से चम्पावत जनपद के लिए 170.15 करोड़ रुपये की लागत वाली 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

संक्षेप

## धारदार हथियार से हमला, छह पर केस

प्रतापगढ़। दुकान लगाने की रंजिश को लेकर विपक्षी दुकानदारों ने पीड़ित को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। लालगंज कोतवाली के लकुरी वाचन का पुरवा निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता पुत्र राजाराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि ग्यारह जनवरी की शाम छः बजे वह अपने ठेले पर फास्टफूड बेंच रहा था। उसके सामने गांव के रामसजीवन गुप्ता ने भी चाट की दुकान लगायी थी। आरोप है कि रंजिश के कारण रामसजीवन, शम्भू नाथ गुप्ता पुत्रगण राम नारायण, सोनू गुप्ता पुत्र शंभू गुप्ता, विकास गुप्ता व विशाल गुप्ता पुत्रगण रामसजीवन, मोनू गुप्ता पुत्र शंभू गुप्ता ने लाठी डंडे व धारदार हथियार से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। आरोपियो की पिटाई से वह बेहोश हो गया। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि घटना की जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आग से दस हजार नकदी समेत गृहस्थी खाक

प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के वीरगढ़ पूरे भगवत गांव निवासी बृजलाल शर्मा के घर में मंगलवार की सुबह नौ बजे अज्ञात कारणों से आग लग गयी। घटना के समय परिवार के लोग बाहर काम कर रहे थे। घर से धुंआ निकलता देख लोगों को घटना की जानकारी हुई। इस बीच आग से घर धू धू कर जलने लगा। ग्रामीणों की सूचना पर उदयपुर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। पीडित के मुताबिक आगजनी में उसकी दस हजार रुपए नकदी व गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया है।

## वाशिंग पाउडर से लदी पिकप पकड़ी, थाने में हो रही जांच

प्रतापगढ़। वाणिज्य कर की विशेष टीम ने अवैध वाशिंग पाउडरों से भरी एक पिकप को पकड़कर थाने ले गयी है। प्रयागराज के वाणिज्य कर विभाग की टीम ने मंगलवार को सांगीपुर के समीप वाशिंग पाउडर से भरी एक पिकप को रोक लिया। टीम ने वाहन चालक से वाशिंग पाउडर के बिल व कागजात मांगे तो वह नहीं दिखा सका। मामला संदिग्ध देख वाणिज्य कर टीम द्वारा वाशिंग पाउडर से भरी पिकप थाने ले जाकर खड़ा करा दिया गया है। सांगीपुर एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि मामले की जांच वाणिज्य कर की टीम द्वारा की जा रही है। जांच में वाशिंग पाउडर अवैध मिलने पर वाहन सीज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आज आयेंगे प्रभारी मंत्री

श्रावस्ती। प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग, उत्तर प्रदेश तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल एक दिवसीय भ्रमण पर आज दिनांक 14 जनवरी, 2026 को श्रावस्ती जनपद आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री अपरान्ह 01.00 बजे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचेंगे, जहां वे कोर कमेटी/विचार परिवार के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत अपरान्ह 01.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर एस0आई0आर0 के संबंध में समीक्षा बैठक करेंगे तथा विकसित भारत जी0 राम जी0 योजना के अंतर्गत प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 03.45 बजे मंत्री खरगौरा मोड़ स्थित सत्या ईंट भट्टा, एस0एस0बी0 कैम्प के सामने आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# बरेली में उत्तरायणी मेले की शुरुआत नहीं आ सके उत्तराखंड के सीएम धामी

जिला संवाददाता

**बरेली**। उत्तराखंड की जीवंत लोक संस्कृति की झलक दिखाने वाले उत्तरायणी मेले की शुरुआत मंगलवार को बरेली क्लब ग्राउंड में हुई। हालांकि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कार्यक्रम ऐन वक्त पर निरस्त होने की वजह से इसका औपचारिक उद्घाटन निर्धारित समय पर नहीं हो सका। उत्तरायणी जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय यह मेला उत्तराखंड के लोक नृत्य, संगीत, पारंपरिक परिधान और स्थानीय भोजन को प्रदर्शित करता है।

मेले के सांस्कृतिक समन्वयक पूरन दानू ने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रायोजित छह सांस्कृतिक दल मेले के दौरान प्रस्तुति देंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष अमित पंत ने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी का प्रस्तावित दौरा ऐन वक्त पर रद्द हो गया और इस वजह से मेले का औपचारिक उद्घाटन तय समय पर नहीं हो सका। हालांकि उन्होंने कहा कि मेला पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, 13 से 15 जनवरी तक जारी रहेगा। उद्घाटन से पहले, बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कोतवाली से एक जुलूस को हरी झंडी दिखाई जिसमें पारंपरिक उत्तराखंडी परिधान पहने कलाकार शामिल हुए। यह जुलूस मेले के स्थान पर पहुंचने से पहले शहर के मुख्य रास्तों से गुजरा। इस दौरान लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने लोगों को आकर्षित किया। पंत ने कहा कि मेले में जनता के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। मेला रोजाना सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा।

## मंडलायुक्त ने बूथों का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर- मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने गत मंगलवार को इटवा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने अमौना, मधवापुर और इटवा बूथों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने बीएलओ से मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से छूटे नहीं।

मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. और अन्य अधिकारियों के साथ नए मतदाताओं के लिए प्राप्त फार्म-6 की संख्या और घर-घर किए जा रहे सर्वे की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि फार्म-6 भरने वाले सभी पात्र व्यक्तियों के नाम सूची में जोड़े जाएं और गलत तस्वीरों को चिह्नित कर बदलवाया जाए। उन्होंने बीएलओ से फार्म के साथ लिए जा रहे घोषणा पत्रों के बारे में भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने यह भी कहा कि मतदाता सूची में नाम, आयु या वर्तनी संबंधी किसी भी त्रुटि को तत्काल दूर किया जाए। इस निरीक्षण के दौरान एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एडीएम न्यायिक ज्ञान प्रकाश, एसडीएम इटवा कुणाल सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और संबंधित बूथों के बीएलओ उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण निर्देश



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करें तथा प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा के भीतर निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन शासन की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आमजन को त्वरित न्याय और प्रशासनिक समाधान उपलब्ध कराना है। इसमें अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे।

## देवरिया में पेड़ से टकराई मोटरसाइकिल , दो युवकों की मौत

देवरिया। जिले के खुखुंदू क्षेत्र में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से उस पर सवार दो युवकों की मौत हो गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार खुखुंदू थाना क्षेत्र के बड़ीरार गांव निवासी सूरज गौड़ (23), अपने दोस्तों अनुज गौड़ और प्रिंस गौड़ (दोनों 18-18 साल) के साथ रविवार रात लगभग आठ बजे घर से भलुअनी जाने के लिए निकला था। उन्होंने कहा कि गांव से कुछ दूरी पर सामने अचानक एक जानवर के आ जाने से उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सूरज और अनुज को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रिंस का उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि दोनों युवकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं।

## मिशन शक्ति फेज 5 महिला साइबर सुरक्षा करती श्रावस्ती पुलिस

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेजझ5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता तथा साइबर अपराधों से बचाव को लेकर निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं के सुरक्षित एवं निर्भीक आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों को सक्रिय रूप से तैनात किया गया है। टीमें बाजारों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, बस स्टैंडों एवं प्रमुख चौराहों पर नियमित गश्त कर किसी भी अनुचित गतिविधि पर त्वरित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कर रही हैं। अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों की संवेदनशील उपस्थिति से महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है तथा पुलिस के प्रति विश्वास में वृद्धि हुई है। संवाद के माध्यम से महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपने दैनिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रमों में ऑनलाइन फ्रॉड, फेक कॉल, सोशल मीडिया उत्पीड़न, साइबर स्टॉकिंग एवं डिजिटल ठगी से बचाव की जानकारी दी जा रही है। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से त्वरित शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कार्यक्रमों के दौरान ईव-टीजिंग की रोकथाम, गुड टचझबैड टच, महिला एवं बाल सुरक्षा कानून तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर भी जानकारी दी गई। आपात स्थिति में सहायता हेतु 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 पुलिस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 108/102 स्वास्थ्य सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन एवं 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जनपद के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली बताते हुए सूचनात्मक पंपलेट भी वितरित किए गए।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास की मजबूत पहल



श्रावस्ती। इंडोझनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को मुख्यधारा से जोड़ने, आत्मनिर्भर बनाने तथा सीमा क्षेत्र में विश्वास और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित एक माह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का गरिमामय समापन सम्पन्न हुआ। थाना मल्हीपुर क्षेत्रान्तर्गत ब्लॉक जमुना के सीमावर्ती ग्रामों में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी एवं 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के संयुक्त नेतृत्व में किया गया। यह कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं एवं जरूरतमंद नागरिकों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण (11 प्रशिक्षार्थी), बेसिक इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण (25 प्रशिक्षार्थी) एवं सिलाईझकढ़ाई प्रशिक्षण (27 प्रशिक्षार्थी) का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। साथ ही सामाजिक दायित्व के तहत 10 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल का वितरण कर उन्हें दैनिक जीवन में सुविधा एवं आत्मसम्मान प्रदान किया गया। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल की इस नागरिक कल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक स्थिरता, विश्वास और सुरक्षा को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की भूमिका केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना भी उसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने मिशन शक्ति एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा महिलाओं को जागरूकता एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने अपने संबोधन में कहा कि सशस्त्र सीमा बल सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व के सिद्धांत पर कार्य करते हुए न केवल इंडोझनेपाल सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि सीमावर्ती नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की बात कही।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी जमुनहा प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी नगर सतीश कुमार शर्मा सहित एसएसबी एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रालोद प्रदेश सचिव को सगे भतीजे ने मारी गोली, हालत गंभीर

बाराबंकी। जिले के कुर्सी क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश सचिव अफसर अली को उनके ही भतीजे ने गोली मार दी। अली को गंभीर हालात में लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत नाजुक है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अफसर अली अपने गांव लोहराहर के पड़ोस में स्थित एक गांव में किसी परिचित के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल होने गये थे। वहां से लौटने के बाद अली गांव की एक दुकान के पास ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे तभी उनका सगा भतीजा उबैद वहां पहुंचा और तमंचे से उन पर गोली चला दी। गोली के छर्रे सीने में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने बताया कि परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

## बौद्धाचार्य प्रशिक्षण शिविर का धम्म सम्मेलन के साथ हुआ समापन



बांसी सिद्धार्थनगर- जिले के तहसील बांसी के माघ मेला स्थित मैरेज हॉल में भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा आयोजित दस दिवसीय 'श्रामणेर, बौद्धाचार्य एवं महिला उपासिका प्रशिक्षण शिविर' गत मंगलवार को भव्य धम्म सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर के माध्यम से 55 प्रशिक्षुओं ने 'बौद्धाचार्य' और 46 महिलाओं ने 'महिला उपासिका' की उपाधि प्राप्त की कार्यक्रम का शुभारंभ संघ नायक बौद्ध भिक्षु चंद्रमणि ने उपस्थित जनसमूह को त्रिशरण एवं पंचशील की दीक्षा दिलाकर किया। मुख्य अतिथि 'दी बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया' के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जयसेन बौद्ध (जगदीश गवई) ने वैश्विक हालातों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है, जहां राष्ट्र एक-दूसरे पर गोला-बारूद बरसा रहे हैं। ऐसे कठिन समय में केवल भगवान बुद्ध के बताए शांति, मैत्री और भाईचारे के विचार ही विश्व को विनाश से बचा सकते हैं। उन्होंने पाखंड और अंधविश्वास को त्यागकर बुद्ध की वैज्ञानिक विचारधारा को अपनाने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि और प्रांतीय अध्यक्ष (पूर्वांचल) निर्भय कुमार जैसल ने बताया कि भारतीय बौद्ध महासभा का लक्ष्य बुद्ध के धम्म का विस्तार कर समाज में आपसी सौहार्द बढ़ाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि यहाँ से प्रशिक्षित होकर निकलने वाले बौद्धाचार्य समाज में बौद्ध संस्कृति और संस्कारों का अलख जगाएंगे। केंद्रीय प्रशिक्षक बौद्ध उत्तम प्रधान ने जानकारी दी कि दस दिनों के भीतर प्रशिक्षुओं को 40 विभिन्न विषयों का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

# शातिर बदमाशों की लालगंज पुलिस से मुठभेड़

### एक बदमाश के पैर में लगी गोली, दो अन्य गिरफ्तार



**प्रतापगढ़**। दो दर्जन से अधिक मुकदमे में वांछित चल रहे शातिर चोर के गिरोह से पुलिस की मुठभेड हो गयी। बदमाशो की फायरिंग की जबाबी कार्रवाई में एक शातिर के पैर में गोली लग गयी। जबकि दो बदमाशो को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद गोली लगने से घायल बदमाश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार फोर्स के साथ सोमवार की रात गश्त पर निकले थे। रात ग्यारह बजे रानीगंज कैथौला के समीप कोला का वन के सामने एक बाइक पर तीन संदिग्ध आते दिखाई दिये। पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो तीनों बाइक से भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक फिसल कर पलट गयी। इसके बाद बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया।

लालगंज कोतवाल के साथ एसएसआई अरूण कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने जबाबी फायरिंग किया। इसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गयी। जबकि उसके दो साथी गिरफ्तार किये गये। गोली लगने से घायल बदमाश की पहचान लीलापुर थाना के तिना चितरी निवासी राजकुमार वर्मा पुत्र दशाराम वर्मा के रूप में हुई। वहीं गिरफ्तार बदमाश की पहचान लालगंज के खण्डवा निवासी अनुज सरोज व देवापुर चौखड़ निवासी अजय पटेल के रूप मे हुई। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से घायल बदमाश को लेकर पुलिस लालगंज ट्रामा सेंण्टर पहुंची। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बदमाशो के पास एक बिना नंबर की बाइक व एक तमंचा तथा छः हजार एक सौ दस रुपए बरामद हुए। मुठभेड की जानकारी मिलने पर देर रात अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय व सीओ आशुतोष मिश्र भी ट्रामा सेंटर पहुंचे और घायल बदमाश से पूछताछ किया। बदमाशो के खिलाफ लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है। लालगंज कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि राजकुमार के खिलाफ विभिन्न थानों में पचीस मुकदमें, अनुज पर उन्नींस और अजय पटेल पर बीस मुकदमें दर्ज हैं। उन्होने बताया कि पूछताछ के बाद गिरफ्तार दोनों बदमाशो को जेल भेजा गया है।

## सड़क हादसे में आठ लोग घायल इलेक्ट्रॉनिक टेम्पो हुआ क्षतिग्रस्त



डुमरियागंज सिद्धार्थनगर-जिले के नगर पंचायत भारत भारी के मोतीगंज चौराहे पर मंगलवार शाम हुए सड़क हादसे में एक इलेक्ट्रॉनिक टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में टेम्पो में सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार और अनियंत्रित आवागमन के चलते यह हादसा हुआ, जिसमें टेम्पो बुरी तरह से क्षतिग्रस हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को टेम्पो से बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार, घायलों को हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं, लेकिन सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद कुछ देर के लिए चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय नागरिकों में बृजेश गुप्ता, बालाजी, अजय कुमार, रियाज अहमद का कहना है कि मोतीगंज चौराहा पहले से ही दुर्घटनाओं के लिहाज से एक संवेदनशील स्थान है। यहां अक्सर तेज रफ्तार वाहनों, अव्यवस्थित यातायात और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हादसे होते रहते हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष देखा गया। उन्होंने मोतीगंज चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग को एक बार फिर तेज कर दिया है। लोगों का कहना है कि यदि चौराहे पर स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक और ट्रैफिक नियंत्रण की उचित व्यवस्था की जाए तो इस तरह की घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द इस दिशा में कार्रवाई करने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा उपाय नहीं किए गए, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। यह दुर्घटना एक बार फिर मोतीगंज चौराहे की बदहाल यातायात व्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है।

# अंतर्जनपदीय 'बरेली गैंग' का सदस्य गिरफ्तार

### इटवा थाना पुलिस और एसओजी ने किया गिरफ्तार, चोरी के जेवरात बरामद

जिला संवाददाता



सिद्धार्थनगर इटवा थाना और जनपदीय रडऋकी संयुक्त टीम ने अंतर्जनपदीय नकबजनी/चोरी करने वाले 'बरेली गैंग' का पदार्फाश करते हुए उसके एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी किए गए जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेशों के क्रम में, अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी इटवा प्रवीण प्रकाश के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह और रडऋप्रभारी जीवन त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर, 13 जनवरी 2026 को सुबह 04:55 बजे ग्राम पिपरा पठान, हनुमान मंदिर के पास से अनीस पुत्र रईस निवासी गौरडीह को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से विभिन्न घटनाओं में चोरी किया गया माल बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त अनीस ने स्वीकार किया कि वह वर्ष 2022 में जनपद शाहजहांपुर में चरस बिक्री के मुकदमे में जेल गया था। वहां उसकी मुलाकात दौलत उर्फ डान पुत्र रहमत खान और उमीद उर्फ उम्मीद खान पुत्र बाबू खां, निवासीगण जनपद बरेली से हुई थी। जेल से छूटने के बाद तीनों ने मिलकर सिद्धार्थनगर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से नकबजनी की घटनाओं को अंजाम दिया। अभियुक्त ने बताया कि चोरी किए गए जेवरात को वे आपस में बांट लेते थे। इनमें से कुछ जेवरात नेपाल में बेच दिए गए थे, जबकि शेष बचे जेवर आज नेपाल ले जाकर बेचने के उद्देश्य से जाते समय उसे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ने एटीएम चोरी के प्रयास सहित कई अन्य घटनाओं का भी खुलासा किया है। गैंग के अन्य दो सदस्य गोंडा में गिरफ्तार किए गए हैं, जिनके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक रवीन्द्र सिंह (रलड, थाना इटवा), उ0नि0 जीवन त्रिपाठी (प्रभारी रडऋ), उ0नि0 गोपाल, उ0नि0 रामजी यादव, हे0का0 राजीव शुक्ला, मनोज राय, आशुतोष दूबे, का0 वीरेंद्र तिवारी, रोहित चौहान, सत्येंद्र यादव, छविराज यादव (रडऋ टीम) तथा हे0का0 उपेन्द्र निषाद, का0 रुद्रप्रताप नायक, सुशान्त शर्मा (थाना इटवा) शामिल रहे।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)

प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री करूणा शंकर शर्मा | भूखण्ड सं0-के-1147 | सेक्टर-के, आशियाना, कानपुर रोड योजना | 15.10.2021 | 1. श्रीमती यशवंती शर्मा | 1. श्री राजीव शर्मा (पुत्र)<br>2. श्रीमती वीनम शर्मा (पुत्री)<br>3. श्री अमित शंकर शर्मा (पुत्र) | पत्नी<br>--<br>-- |
| 2 | स्व0मीना पाण्डेय | भूखण्ड सं0-डी-1/187, से0-एफ | जानकीपुरम योजना | 21.05.2025 | श्री भानू पाण्डेय-पति<br>गोस्वामी (विवाहित पुत्री) | 1. श्री शेखर पाण्डेय (पुत्र)<br>2. श्रीमती ज्योत्सना अंशुन<br>3. श्री शशांक पाण्डेय (पुत्र) | पुत्र/ पुत्रीगण |
| 3 | स्व0 जितेन्द्र कुमार रस्तोगी | भूखण्ड सं0-2/9 | विवेक खण्ड, गोमती नगर | 26.10.2016 | श्री दीपक रस्तोगी<br>श्री पंकज रस्तोगी | श्रीमती रेखा रस्तोगी-दान विलेख किया गया है। | पुत्री-वि0 |
| 4 | स्व0 राम दुलारी (आवंटी) | भवन/भूखण्ड सं0-एस. एस.-797 | सेक्टर-एन, अलीगंज | 03.11.2011 | 1. श्री प्रेम कुमार-पुत्र<br>4. श्री पिन्टू कनौजिया | 1. श्री प्यारे 2. श्री चन्द्रशेखर<br>3. श्रीमती रूपरानी<br>5. श्री सुधीर कुमार | पुत्र<br>पुत्रवधु<br>पौत्र |
| 5 | स्व0 अमरदेव सिंह<br>स्व0 मीरा सिंह<br>श्री आशितमातृ बोध<br>श्रीमती अनीता सिंह | भवन सं0-3/79 | विनय खण्ड, गोमती नगर | 07.02.2013<br>24.12.2020 | आशित मातृ बोध<br>श्रीमती अनीता सिंह | श्रीमती किरनप्रभा सिंह<br>श्रीमती आभा चतुर्वेदी<br>श्रीमती अर्चना सिंह<br>श्रीमती अल्पना वर्मा | पुत्री-वि0<br>पुत्री-वि0<br>पुत्री-वि0<br>पुत्री-वि0 |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# हम सिर्फ संभावनाओं की बात नहीं करते, परिणाम भी देते हैं : सीएम

## गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम उत्तर प्रदेश में निहित संभावनाओं की सिर्फ बात नहीं करते, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति से संभावनाओं के अनुरूप परिणाम भी देते हैं। सरकार की इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश माफियामुक्त, दंगामुक्त होकर विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी मंगलवार अपराह्न गोरखपुर महोत्सव के औपचारिक समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। रामगढ़ताल के सामने चंपा देवी पार्क में महोत्सव के मुख्य मंच से मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सरकार के प्रयासों से नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उद्यमियों, व्यापारियों को भयमुक्त वातावरण में कारोबार बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। बहन-बेटियों को मुस्कुराते हुए स्कूल-बाजार जाने का माहौल मिल रहा है। आज किसी ने बहन-बेटियों की राह में बाधा डालने का दुस्साहस किया तो अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने को तैयार मिलेंगे। यह तभी संभव हो रहा है जब सरकार में जनसेवा करने की दृढ़ इच्छाशक्ति है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी ताकत धैर्य और अनुशासन है। हमने कभी धैर्य नहीं खोया। उपेक्षा हुई तो संघर्ष का रास्ता अपनाया। इंसेफेलाइटिस की समस्या पर तत्कालीन सरकारों द्वारा की जा रही उपेक्षा का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि तब हमने सड़कों पर आंदोलन किया और जब सरकार में आए तो पूरी जिम्मेदारी की भावना के साथ दो वर्षों में इंसेफेलाइटिस का खात्मा कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर और उत्तर प्रदेश विकास की नई बुलंदियों पर है। 2017 के पहले भी जब देश आगे बढ़ रहा था तो गोरखपुर पीछे छूट गया था। तुलना की जाए तो 2017 के पहले और इसके बाद के उत्तर प्रदेश और गोरखपुर में जमीन-आसमान का अंतर दिखेगा। 2017 तक प्रदेशभर की तरह गोरखपुर भी उपद्रव, गुंडागर्दी की चपेट में था। गुंडा टैक्स वसूला जाता था। सड़कें जर्जर थीं, बिजली नहीं मिलती थी। गंदगी, बीमारी और इंसेफेलाइटिस का कहर था। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर की वर्तमान और पूर्व स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि कभी गोरखपुर माफियाराज और गुंडाराज के लिए कुख्यात था। प्रदेश की भी यही स्थिति थी। हर दूसरे-तीसरे दिन प्रदेश में दंगा होता था। व्यापारी, बहन, बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। व्यापारी गुंडा टैक्स देने को मजबूर थे। इंसेफेलाइटिस बीमारी चरम पर थी और नौनिहालों को इससे बचाने के लिए कोई पुरसाहाल नहीं था। नौजवान पलायन को मजबूर थे। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कायाकल्प के लिए जो अभियान शुरू किया, उसके परिणाम आज जमीनी धरातल पर नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले यहां आया कोई व्यक्ति यदि आज गोरखपुर आएगा तो वहां विकास से आए बदलाव के चलते शहर को पहचान नहीं पाएगा। ऐसी ही स्थिति अयोध्या, काशी, प्रयागराज को लेकर होगी। आठ साल बाद लखनऊ आए एक व्यक्ति द्वारा बताए गए संस्मरण को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह व्यक्ति लखनऊ को पहचान ही नहीं पाए। आठ साल पहले जब वह लखनऊ आए थे तब बहुत गंदगी थी, सड़कें संकरी थीं। और, उन्हें सूर्यास्त के बाद घर से न निकलने की सलाह दी गई थी। अब वह देर रात में भी भयमुक्त होकर निकल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर में शानदार कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर है। यहां फोरलेन और सिक्सलेन सड़कों का संजाल है। 10 वर्ष पूर्व गोरखपुर से लखनऊ जाने में 8 से 10 घण्टे, अयोध्या और काशी जाने में 6 घण्टे लग जाते थे। आज शानदार रोड कनेक्टिविटी होने से गोरखपुर से लखनऊ की दूरी साढ़े तीन घण्टे में, काशी की दूरी ढाई घण्टे में और अयोध्या की दूरी डेढ़ घण्टे में पूरी हो जाती है। 2017 के पहले गोरखपुर से सिर्फ एक वायुसेवा थी, वह भी कभी कभार ही मिलती थी। आज गोरखपुर से दिल्ली, मुंबई सहित कई प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवा है और दूरी एक से डेढ़ घण्टे में पूरी हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना तो पिछले 8 वर्षों में गोरखपुर में हजारों करोड़ों रुपये का निवेश हुआ और इसके जरिए 50 हजार युवाओं को नौकरी मिली। यदि यह निवेश नहीं होता तो इन युवाओं को पलायन करना पड़ता। जबकि आज उन्हें अपने क्षेत्र में ही नौकरी मिल गई है। पहले गोरखपुर में एक विश्वविद्यालय था, आज चार विश्वविद्यालय हैं। गोरखपुर में प्रदेश सरकार का होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भी बन गया है। अटल आवासीय विद्यालय में गरीबों के बच्चों को मुफ्त अत्याधुनिक शिक्षा प्राप्त हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर और प्रदेश की उपलब्धियां विरासत के साथ विकास की यात्रा का शो-केस हैं। इनकी शो-केसिंग के लिए गोरखपुर महोत्सव एक मंच के रूप में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन हताशा या निराशा का नाम नहीं है। सामान्य नागरिक बेईमानी नहीं करता। वह अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से आगे बढ़ता है। गोरखपुर महोत्सव का मंच ऐसे ही परिश्रमी और पुरुषार्थी लोगों को प्रोत्साहित करता है।

मुख्यमंत्री ने वाहन चलाते वक्त फोन का प्रयोग करने पर भी सावधान किया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं चुनौती बनी हुई हैं। नौजवान इसकी चपेट में आ रहे हैं। परिवार के परिवार समाप्त हो जा रहे हैं। इसलिए वाहन चलाते वक्त फोन के प्रयोग से बचना होगा। अच्छी सड़कें सुगम आवागमन के लिए बनी हैं, समय से पहले दूसरे लोक में जाने के लिए नहीं। सड़क फरार्टा भरने के लिए नहीं है, बल्कि सावधानी से चलकर अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए है।

## बच्चों को स्मार्टफोन देना अपराध सरीखा: सीएम



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर महोत्सव के मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्मार्टफोन के अत्यधिक और अनावश्यक प्रयोग से बचने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा, आज अनेक घरों में छोटे-छोटे बच्चों को भी स्मार्टफोन खेलने के लिए दे दिया जाता है। यह अपराध जैसा है। इससे बच्चे जिद्दी और डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने साइबर फ्रॉड से आगाह करते हुए कहा कि किसी भी अनजाने पर विश्वास न करें। किसी शॉर्टकट के चक्कर में डिजिटल अरेस्ट के धोखे में मत आएं। स्मार्टफोन का जरूरत से अधिक और अनावश्यक इस्तेमाल न करें। जरूरत न होने पर स्मार्टफोन को बंद करके रखें। सीएम योगी ने लोगों को आज के दौर में तकनीक की महत्ता समझाई और इसके उचित प्रयोग की सीख दी। उन्होंने कहा कि तकनीक मनुष्य के लिए है, मनुष्य तकनीक के लिए नहीं। तकनीक जीवन में व्यापक परिवर्तन ला सकती है। वर्ष 2017 के पहले राशन न मिलने की शिकायतें आती थीं। राशन वितरण व्यवस्था को तकनीक से जोड़ दिया गया तो समस्या समाप्त हो गई। इसी तरह तकनीक से जनधन योजना को जोड़कर भ्रष्टाचारमुक्त वातावरण बनाया गया।

### मकर संक्रांति पर्व पर तिलक भवन पर होगा कंबल वितरण

गोला, गोरखपुर। मकर संक्रांति पर्व पर हर वर्षों की भांति इस साल भी 15 जनवरी दिन गुरुवार को गोला कस्बा के मोहल्ला भिखीगंज में स्वर्गीय तिलकराम वर्मा व स्वर्गीय शिवप्रसाद वर्मा की पुण्य स्मृति में कंबल वितरण का आयोजन इनके वंशजों द्वारा किया जाएगा।

उक्त जानकारी समाजसेवी विशाल वर्मा, संदीप वर्मा व कुंदन सेठ ने दी। उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए दिनांक 15 जनवरी 2026 दिन बृहस्पतिवार को दिन में 11 बजे से गरीब असहयों एवं जरूरतमंदों में 1001 कंबल वितरण किया जाएगा। साथ ही यह भी बताया कि असुविधा से बचाने के लिए उनके परिवार की तरफ से चिन्हित व्यक्ति टोकन साथ लेकर आए।

## दरगाहों से इंसानियत, मोहबबत का पैगाम दिया जाता है : सूफी कमरूद्दीन



इटावा। गंगा जमुनी तहजीब की प्रतीक दरगाह हजरत अरशद अली उर्फ माशूक अली वाईस ख्वाजगान का तीन दिवसीय सालाना उर्स फतेहपुर सीकरी के सज्जादानशीन हजरत सूफी कमरूद्दीन लियाकती की सरपरस्ती में शानो-शौकत से हजरत अरशद अली उर्फ माशूक अली रहमतुल्लाह अलैह की कुल रस्म अदायगी के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हजरत सूफी कमरूद्दीन लियाकती ने कहा कि दरगाहों से इंसानियत, मोहबबत का पैगाम दिया जाता है उन्होंने कहा कि इस्लाम में सबसे पहले इंसानियत मौहबबत भाई चारा एवं अच्छा अखलाक का पैगाम दिया गया है चाहे किसी भी वर्ग का हों इस्लाम में सभी समान है। उर्स संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार मसूद तैमूरी ने बताया कि पहले दिन उर्स शरीफ का शुभारंभ बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी से हुआ, चादर पोशी की गई उसके बाद हल्का ए जिक्र किया गया बाद नमाज असर मीलाद शरीफ का आयोजन किया गया जिसमें मौलानाओं, उलेमाओं एवं हाफिजों की मौजूदगी रही। उर्स के दूसरे दिन बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी हुई, चादरें एवं गागरे पेश की गई जिसमें जनपद के अलावा मैनपुरी, औरैया, भिण्ड, मुरैना, जालौन, झांसी, हमीरपुर, उरई, ग्वालिय, श्योपुर सहित विभिन्न जनपदों से आये श्रद्धालुओं ने चादरें एवं गागरे पेश कर शान्ति अमनचैन की दुआ मांगी। बाद नमाज ईशा महफिलें समा हुई जिसमें मशहूर कव्वालो ने अपना कलाम पेश किया जो कि देर रात तक चला। श्री तैमूरी ने बताया कि उर्स के तीसरे व अन्तिम दिन बाद नमाज फजिर कुरान ख्वानी हुई, गुसल शरीफ हजरत अरशद अली उर्फ माशूक अली वाईस खवाजगान हुआ और अंत मे कुल शरीफ का आयोजन किया गया। इसके बाद रंग ए महफिल के साथ तीन दिवसीय सालाना उर्स का समापन हुआ। उर्स में सांसद जितेंद्र दोहरे, श्रीकृष्ण यादव, तस्लीम मंसूरी एडवोकेट, अतुल वी एन चतुवेर्दी ने चादर पोशी की तथा सांसद जितेंद्र दोहरे ने उर्स में जरूरत मंद लोगों को कम्बल वितरित किए। उर्स में इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष बब्लू शाक्य, महामंत्री बीरू भदौरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, डीबीए अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, महामंत्री नितिन तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता जुबैर तैमूरी, हाजी गुड्डू मंसूरी, फजल युसुफ खान, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, मो. आमीन, सूफी रईस अहमद, सूफी कमर, सूफी अब्दुल सत्तार, सूफी उमर, सूफी फारूख, खादिम अब्बास, मुन्ना खालिद, कांग्रेस नेता कोमल सिंह कुशवाहा, मो. राशिद खान, मेंहदी हसन अंसारी, शावेज नकवी, इरशाद खान, दिलशाद कादरी, राजू मसूरी आदि ने उर्स में शिरकत की। अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## मैराथन में 2400 प्रतिभागियों ने लगायी दौड़

इटावा। जिले में आयोजित मैराथन कार्यक्रम का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं इटावा के प्रभारीमंत्री धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रशांत राव चैबे, गणेश राजपूत ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा, सीपू चैधरी, जितेंद्र गौड़, प्रीति दुबे, चित्रा परिहार, सोमेंद्र सिंह संगठन मंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, शिपू चैधरी, आयुष राज, प्रेमदास कठेरिया, मयंक भदौरिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे मैराथन आयोजन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन नगर मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संस्कार गुप्ता एवं चित्रा परिहार द्वारा किया गया। इस अवसर पर 2400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें इटावा सहित प्रदेश के 60 जिलों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मैराथन की शुरूआत दोपहर 2.30 बजे प्रभारी मंत्री धर्मबीर प्रजापति द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में रवि यादव ने प्रथम, मोहित यादव ने द्वितीय एवं श्रीकांत यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सूचना

सूचित हो कि मेरी पोस्ट ऑफिस की पालिसी जिसका पालिसी नं. UP-316925-P है दिनांक 12.01.2026 को कहीं खो गयी है। अन्य के द्वारा उपयोग अवैध होगा। **बजरंगी राव पुत्र स्व. रघुनाथ राव ग्राम डुमरी चुरान छपरा, पो. आहिरौली बाजार, थाना-तहसील-कसया, जनपद कुशीनगर उ.प्र. पिन-274402**

## सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने भाई अमरनाथ गुप्ता व उसके पुत्रों आशीष गुप्ता एवं अंकित गुप्ता को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपने सारे संबंध समाप्त कर दिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। घनश्याम दास गुप्ता पुत्र स्व. संत राम गुप्ता नि.-24ए, अमीर नगर, मोती नगर, लखनऊ।

## न्यायालय सूचना

**H.C.J. Form No. 33 Part-7**
**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7**
**हेतु संदर्षित करने की सूचन (साधारण प्रारूप)**
**न्यायाय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय**
**कादीपुर, सुलतानपुर**
**मु.नं. : T202404046804057780**
**धारा 144 उ.प्र. रा.सं. 2006**
**ता. पेशी - 28.01.2026**

**राम अवध आदि ......वादी**

**बनाम**

**भुलई आदि ......प्रतिवादी**

1. भुलई
2. राम लाल } सुतगण ललई

3. राम बरन
4. राम अधीन } सुतगण भोला

समस्त नि.-ग्राम राई बीगों, पर.-आलेमऊ, तह. कादीपुर, जिला सुलतानपुर

चूंकि उपरिनामांकित ............................ ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है ..... अतः एवं आपकी एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 200 के दिवस को पूर्वाहन या सम्यक रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 200 ........ के दिवस को निकाली गई।

**न्यायाधीश**

# गोरक्षपीठाधीश्वर गुरुवार तड़के अर्पित करेंगे गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी

- **लाखों की संख्या में जुटेंगे श्रद्धालु, खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंगलवार रात से ही श्रद्धालुओं ने डाला डेरा**
- **खिचड़ी मेला की हर व्यवस्था पर खुद नजर बनाए हुए हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**



**गोरखपुर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गुरुवार तड़के (15 जनवरी) को ब्रह्म मुहूर्त में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाकर समूचे जनमानस की सुख-समृद्धि की मंगलकामना करेंगे। हालांकि बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार रात (13 जनवरी) से ही शुरू हो गया। तमाम श्रद्धालु बुधवार को भी खिचड़ी चढ़ाएंगे जबकि गुरुवार को यहां आस्था का जनसमुद्र दिखेगा। समूची प्रकृति को ऊर्जस्वित करने वाले सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर खिचड़ी चढ़ाने की यह अनूठी परंपरा पूरी तरह लोक को समर्पित है। मान्यता है कि महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर मन्नत मांगने वाला कभी निराश नहीं होता। अरुणोदय काल में मकर संक्रान्ति का महापर्व गुरुवार को मनाया जायेगा। इस दिन उत्तर प्रदेश, बिहार तथा देश के विभिन्न भागों के साथ-साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाएंगे। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों का शंखनाद गुरुवार भोर में ही हो जाएगा। सबसे पहले गोरक्षपीठ की तरफ से पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ खिचड़ी चढ़ाकर बाबा को भोग अर्पित करेंगे। इसके बाद मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे और जनसामान्य की आस्था, खिचड़ी के रूप में निवेदित होनी शुरू हो जाएगी।

मंदिर व प्रशासन की ओर से खिचड़ी महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। मकर संक्रांति पर्व को लेकर मंदिर व मेला परिसर सज धजकर पूरी तरह तैयार है। समूचा मंदिर क्षेत्र सतरंगी रोशनी में नहाया हुआ है। यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला मंगलवार रात से ही शुरू हो गया है। मंदिर प्रबंधन की तरफ से उनके ठहरने और अन्य सुविधाओं का इंतजाम किया गया है। प्रशासन की तरफ से रैन बसेरों में भी पूरी व्यवस्था की गई है।

### सीएम योगी ने प्रदेश वासियों को दी मकर संक्रांति की बधाई

गोरखपुर। गोरखपुर महोत्सव के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महायोगी गुरु गोरखनाथ के मंदिर में गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश, नेपाल, बिहार और देश के अनेक हिस्सों से लाखों श्रद्धालु आते हैं। बाबा को आस्था की खिचड़ी चढ़ाते हैं।

## विधायक ने सीसी रोड का किया उद्घाटन

उरुवां, गोरखपुर। उरुवा क्षेत्र के रहदौली में अभिमन्यु सिंह की मांग पर अठाईस लाख की लागत से बने तीन सौ पचास मीटर सीसी सड़क का उद्घाटन मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की डबल इंजन की सरकार में सभी वर्गों को बिना भेदभाव के लाभ मिल रहा है। लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, स्वच्छ पेयजल जैसी कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह की दादी लक्ष्मीना देवी की स्मृति में कंबल का वितरण भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृपाशंकर उर्फ जुगनू दुबे, आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, टोनी पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# नौ हजार मतदाताओं को जारी होंगे नोटिस

## बीएलओ को मिले सख्त निर्देश

ऊसराहार, इटावा। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर एसडीएम ताखा श्वेता मिश्रा ने तहसील सभागार में ताखा क्षेत्र के 121 बूथों एवं भरथना के 9 बूथों पर तैनात बीएलओ की दो पालियों में बैठक हुई। बैठक में उन्होंने सभी बीएलओ को मतदाता सूची की शुद्धता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसडीएम ने बताया कि ताखा विधानसभा क्षेत्र में करीब नौ हजार मतदाताओं की मैपिंग अब तक नहीं हो सकी है। ऐसे सभी मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे। बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित मतदाताओं के घर-घर जाकर नोटिस प्राप्त कराएं और उन्हें मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया की पूरी जानकारी दें। नोटिस प्राप्त करने के बाद मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैध साक्ष्यों में से आवश्यक दस्तावेजों के साथ तहसील पहुंचकर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के समक्ष प्रस्तुत होना होगा। एसडीएम श्वेता मिश्रा ने बताया कि ताखा क्षेत्र में कुल सात सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, ताकि मतदाताओं की जांच और सत्यापन का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। उन्होंने सभी बीएलओ को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन या विलोपन से संबंधित सभी कार्य पारदर्शिता और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाएं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण का उद्देश्य शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है।

## युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की खुदकुशी

चकरनगर, इटावा। थाना सहसों के कस्बा हनुमंतपुर चैराहे के फूप चैरेला मार्ग पर एक 20 वर्षीय युवक ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सोमवार दोपहर को स्वजन के पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सहसों थाना के गांव रानीपुरा निवासी 20 वर्षीय कृष्ण पुत्र महावीर ने हाल निवास हनुमंतपुर चैराहे पर हनुमंतपुर से फूप चैरेला मार्ग पर बने अपने मकान के तल घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक के फोन न उठाने पर सोमवार दोपहर लगभग दो बजे भदौरियनपुरा गांव से मामा मौके पर पहुंचे, तो भांजे का शव फांसी के फंदे पर लटकता देखकर दंग रह गए। सूचना पर रानीपुरा गांव से स्वजन व भदौरियनपुरा से रिस्तेदार मौके पर एकत्रित हो गए। थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि मृतक दो दिन पूर्व ही इंदौर से आया था, इसके माता पिता भी इंदौर में ही रह रहे थे, सूचना के बाद माता पिता सहित अन्य स्वजन भी घर के लिए निकल पड़े।

**ई-निविदा सूचना संख्या 89/90/91/ ECTC(L)2025-26** : अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-I टेक्निकल बिड एवम् पार्ट-II फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। **89. कार्य का नाम :-** 220 के.वी. उन्नाव (400) अजगैन टी.एस.एस. लाइन के दोनों छोरों पर Cable Termination Unit के चारों तरफ Security Fencing कराने के जानपदीय निर्माण कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 18.58 लाख, **कार्यावधि** : 03 माह, **90. कार्य का नाम** :-400 के.वी. उपकेन्द्र, उन्नाव पर दरवाजे खिडकी (एल्यूमीनियम) स्टोर शेड की चादर की बदलवाने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :-** रू. 22.65 लाख, **कार्यावधि** :-02 माह, **91. कार्य का नाम** :-220 के.वी. उपकेन्द्र, दही चौकी उन्नाव पर स्थापित 60 एम.वी.ए. परिवर्तकों की सुरक्षा हेतु फायरवाल के निर्माण का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :-** रु. 10.47 लाख, **कार्यावधि** : - 02 माह। उक्त निविदा की Technical Bid एवम् अन्य शर्ते तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण पर देखा जा सकता है एवम् http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवम् प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.02.2026 को दोपहर 14.00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 13.02.2026 को 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

**"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं"**

**(पत्रांक : 144, दिनांक : 13.01.2026)**

## भानु तोमर को किया जिलाउपाध्यक्ष बने

इटावा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक मंडल के दीपक राइस मिल जसवंतनगर के केंद्रीय कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मंडल को गतिशील बनाने के लिए भानु प्रताप सिंह तोमर को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। जनपद में मंडल की गतिविधियों को प्रमुखता से उठाने के लिए जिलाध्यक्ष ने भानुप्रताप सिंह तोमर को विशेष उत्तरदायित्व सौंपा है।

## ईंट पत्थर फेंकने के विरोध पर बेवा से मारपीट

चकरनगर, इटावा। रविवार शाम को हनुमंतपुर कस्बा में आरोप के मुताबिक एक दबंग परिवार के व्यक्तियों ने शराब पीकर बवाल किया, विरोध पर बेवा के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। बेवा के साथ हुई मारपीट से मोहल्ला के लोगों में आक्रोश है। सहसों थाना के हनुमंतपुर चैराहा बिठौली सड़क मार्ग निवासी बेवा कोमेश पत्नी स्व परमाल सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि कस्बा के ही एक दबंग परिवार के पिता पुत्रों ने शराब पीकर पहले उत्पात मचाया। विरोध करने पर ईंट पत्थर फेंके और बेवा को बाल पकड़ कर गिरा लिया व ईंट मारकर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। जिसमें पुलिस ने घायल को सीएचसी केन्द्र भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। सहसों के प्रभारी निरीक्षक क्राइम धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है, जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# गैस सिलेंडर से लगी आग, लाखों का नुकसान

इटावा। शहर के उर्दू मोहल्ले में सोमवार रात खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण एक मकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा घर उसकी चपेट में आ गया। घर में मौजूद परिवार ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। दमकल विभाग की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा लगभग सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

इस अग्निकांड में करीब चार लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।जानकारी के मुताबिक उर्दू मोहल्ला निवासी तसरीफुल हसन ई रिक्शा चालक हैं और अपने परिवार के साथ इसी मकान में रहते हैं। सोमवार रात उनकी पत्नी रसोई में रोज की तरह खाना बना रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव शुरू हो गया। रसोई में गैस की तेज गंध फैलने लगी और चूल्हे की लौ के संपर्क में आते ही आग भड़क उठी। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और रसोई से निकलकर पूरे घर में फैल गई।आग की लपटें उठती देख घर में अफरा तफरी मच गई। परिवार के सभी सदस्य घबराकर किसी तरह घर से बाहर निकल आए।

गनीमत रही कि सभी सुरक्षित बाहर निकल आए और कोई हताहत नहीं हुआ। आग की भयावहता देखकर पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बन गया और आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए।पड़ोसियों ने तुरंत पानी और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो बाइक यूनिट और दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। संकरी गलियों और घनी आबादी के कारण दमकल कर्मियों को आग बुझाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दमकल कर्मियों ने कई दिशाओं से पानी की बौछार शुरू की और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझाया। यदि दमकल की टीम समय पर नहीं पहुंचती तो आग आसपास के अन्य मकानों को भी अपनी चपेट में ले सकती थी। आग में घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, बिस्तर, अनाज, बर्तन और बच्चों की पढ़ाई से जुड़ा सारा सामान पूरी तरह जल गया।घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी अभयनारायण भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस और दमकल विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि गैस सिलेंडर का उपयोग करते समय पूरी सावधानी बरतें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- बधूपुर, वि0ख0- प्रतापपुर कमैचा जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-13.01.2026**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- बधूपुर, विकासखंड प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक 14.01.2026 से दिनांक 21.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- बधूपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 21.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पिचरोड से शिव कुमार के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य। माप- 100 .3 मीटर | 4,75,557 रुपए। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | इंटरलॉकिंग से ओम पाल के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य। माप- 80 .3 मीटर। | 3,9,2697 रुपए। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 3. | कल्लू के घर से राम मिलन के घर तक सी सी निर्माण कार्य। माप- 90 .3 मीटर। | 4,91,245 रुपए। | गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री। |

**नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- बधूपुर, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा**
**जनपद-सुलतानपुर।**

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियन्ता/नि०-चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहरबन्द **निविदा दो पैकेट** में आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर, उप मुख्य अभियंता निर्माण, चतुर्थ, के अधीन प्रस्तावित, जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी, लखनऊ में 200-सीटर ऑडिटोरियम (हरित/सामग्री अनुपालन भवन) का निर्माण तथा अधिकारियों के हॉस्टल, बैरक आदि के मौजूदा अधोसंरचना का उन्नयन/आधुनिकीकरण एवं संबद्ध विद्युत कार्य आदि। | | |
| निविदा फॉर्म मूल्य | शून्य | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹2207.16 लाख | | |
| धरोहर राशि | ₹12,53,600/- | निविदा प्रकार | कोम्पोजीट |
| ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | क | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.02.2026 समय 11:30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in | |
| | ख | निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि 21.01.2026. निविदा के कार्य की समान प्रकृति और इवैल्यूएशन के लिए विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र शर्तों के साथ तिथि 14.01.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। | |
| | ग | निविदा दिनांक 04.02.2026 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। | |

सं.: 85-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि०-चतुर्थ/लखनऊ
दिनांक: 12.01.2026 123/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## 15 को मनाया जायेगा मकर संक्रांति का पर्व

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। षट्तिला एकादशी व्रत का शास्त्रोक्त मान 14 जनवरी बुधवार को रहेगा। इसी दिन भगवान भास्कर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार 14 जनवरी की रात्रि 9 बजकर 19 मिनट पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही सूर्य उत्तरायण होंगे और खरमास का समापन हो जाएगा। देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चन्द्र कला आश्रम एवं संस्कृति विद्या पीठ के महंत प्रमोद जी महाराज के अनुसार शास्त्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि संक्रांति प्रदोषकाल अथवा रात्रि में पड़ती है, तो उसका पुण्यकाल अगले दिन माना जाता है। इसी मान्यता के आधार पर मकर संक्रांति का प्रसिद्ध खिचड़ी पर्व 15 जनवरी गुरुवार को मनाया जाएगा। मकर संक्रांति का पर्व स्नान और दान के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन गंगा सहित सभी नदियों, तीर्थों, कुओं एवं सरोवरों में स्नान का पुण्य फल माना गया है। साथ ही ऊनी वस्त्र, दुशाला, कंबल, जूते, धार्मिक पुस्तकें एवं पंचांग का दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति का पर्व देश के विभिन्न हिस्सों में स्थानीय परंपराओं और रीति-रिवाजों के अनुसार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से चाचा-भतीजे जख्मी

मोहम्मदी खीरी। गोला हाईवे पर लखा गुरुद्वारे के पास बाइक चालक को अज्ञात वाहन हन ने टक्कर मारकर कुचल दिया जिस सवाल चाचा और भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर प्राइवेट एंबुलेंस से मोहम्मदी सी एच सी पर भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान हालत नाजुक होने पर बच्चे को लखनऊ ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भेजा गया जबकि चालक को प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार गांव बढैया खेड़ा निवासी कुलदीप अपनी बाइक के पीछे भतीजे अमरजोत को बैठाकर नगर कीर्तन में सम्मिलित होकर घर वापस जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन न ने टक्कर मारकर कुचल दिया था राहगीरों की सूचना पर समजासेवी शिवम राठौर ने अपनी जानकी एंबुलेंस से मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया इलाज के दौरान दोनों की हालत नाजुक होने से डॉक्टर की सलाह पर परिजन बच्चे को लखनऊ ट्रामा सेंटर लेकर गए हैं जबकि चाचा को इलाज के लिए प्राइवेट संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## टेढ़ा में 50 लोगों को कंबल वितरित

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय विकास खंड दुद्धी के ग्राम पंचायत टेढ़ा में 50 लोगो को कम्बल का वितरण भाजपा नेता सुरेन्द्र अग्रहरि ने किया।उन्होंने वितरण के दौरान कहा कि इस समय गलन और सर्द हवाओं का असर ज्यादा है इसलिए टेढ़ा ग्राम पंचायत के बनिया डंडी, चेरो बस्ती ,पनिका बस्ती ,तिवारी टोला के 50 वृद्ध, विकलांग, महिला ,पुरुषों को कम्बल का वितरण किया गया ।कम्बल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे।प देवंती देवी, फूलबसिया, जवाहिर पनिका, गणेश चेरो, बसन्ती, कल्लू चेरो, मिश्रीलाल भुइया ,शिवसागर यादवने कम्बल वितरण के दौरान प्रसन्नता व्यक्त की।इस अवसर पर पूर्व प्रधान यदुनाथ यादव, बृजकिशोर यादव, नवनीत यादव, कृष्ण कुमार, गंगा प्रसाद, नंदकिशोर, विक्की यादव उपस्थित रहे।

# टीजीटी परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने की समीक्षा



- 17 जनवरी को 25 केंद्रों पर होगी टीजीटी परीक्षा, 10,080 अभ्यर्थी होंगे शामिल

लखीमपुर खीरी। उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज की सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरुष/महिला) प्रारंभिक परीक्षा-2025 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है।

17 जनवरी को प्रस्तावित परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसपी संकल्प शर्मा के साथ परीक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त और स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसमें किसी भी स्तर पर की गई छोटी से छोटी चूक भी अक्षम्य मानी जाएगी। डीएम ने स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्रव्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा से पहले सभी व्यवस्थाओं की भलीभांति जांच कर लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा, अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, तथा सीटिंग प्लान के अनुरूप बैठाने जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

डीएम ने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा की गाइडलाइन को अच्छी तरह पढ़ें ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना शून्य रहे। हर अभ्यर्थी की आईडी जांचना अनिवार्य होगा, और परीक्षा नियमों का एक भी उल्लंघन पूरी प्रक्रिया को संदेह के घेरे में ला सकता है। सभी अधिकारी पूर्वाभ्यास के तौर पर केंद्रों का निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की कमी को तुरंत दूर करें। परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि परीक्षा के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। स्पेशल सेल को एक्टिव किया गया है। हर परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दो पालियों में परीक्षा हर अभ्यर्थी पर रहेगी नजर

टीजीटी प्रारंभिक परीक्षा 17 जनवरी को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से 11 बजे और दूसरी पाली दोपहर 3 से 5 बजे तक चलेगी। जिले में कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहली पाली में 14 और दूसरी पाली में 11 केंद्रों पर परीक्षा होगी। पहली पाली में 5472 और दूसरी पाली में 4608 अभ्यर्थी शामिल होंगे। कुल 10,080 अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी, जिन पर प्रशासन की चौकस निगाह रहेगी।

### अधिकारियों को पढ़ाया परीक्षा का पाठ

बैठक की शुरूआत में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह और अनिल कुमार रस्तोगी ने परीक्षा की रूपरेखा, समय-सारणी और आयोग के निदेशों की जानकारी दी। उन्होंने अफसरों को परीक्षा में उनके उत्तरदायित्व बताते हुए आयोग के निदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। वहीं आयोग द्वारा नामित समन्वयी पर्यवेक्षक अजित कटियार ने परीक्षा से जुड़ी तकनीकी बारीकियां और प्रक्रिया संबंधी दिशा-निर्देश समझाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों के प्रश्नों का सटीक और सारगर्भित उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। बैठक में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, सभी सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## अजमानी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिखाया दम



लखीमपुर खीरी। आगरा में 27 से 29 दिसंबर तक आयोजित ओपन स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में अजमानी पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा- रिया वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं युवराज गुप्ता एवं प्रतिभा मिश्रा ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त इशिता सक्सेना, आदर्श यादव ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को श्रेय दिया। आजमानी पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष- सी. ए. हरबंस सिंह अजमानी, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गुरजीत अजमानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके कठोर परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है।

## नगर पालिका आपके द्वार, छठे दिन हुए 337 पंजीकरण




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। खुटार रोड स्थित फूलबाबा आश्रम के पास मंगलवार को नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में नगर पालिका आपके द्वार अभियान के तहत छठे कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को लेकर कुल 337 पंजीकरण किए गए।

कैम्प में वृद्धावस्था पेंशन के 43 पंजीकरण हुए, जिनमें 37 लाभार्थियों की पेंशन रुकी हुई पाई गई, जबकि छह नए पंजीकरण किए गए। राशन कार्ड से संबंधित 200 लोगों ने आवेदन किया, जिनमें 168 कार्डधारकों ने यूनिट बढ़वाने के लिए तथा 32 ने नए राशन कार्ड के लिए पंजीकरण कराया। विद्युत विभाग से जुड़े आठ मामलों में तीन स्मार्ट मीटर रीडिंग और पांच बिल बढ़ोत्तरी से संबंधित रहे। इसके अलावा दिव्यांग पेंशन के चार और विधवा पेंशन के 14 पंजीकरण हुए। नगर पालिका परिषद से जुड़े जन्म प्रमाण पत्र के 32 आवेदन दर्ज किए गए। वहीं नए मतदाता बनने के लिए 30 फार्म वितरित किए गए। कैम्प में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्ल ने कहा कि पात्र आवेदकों के राशन कार्ड शीघ्र बनाए जाएंगे और जिन कार्डधारकों की यूनिट बढ़नी है, उनका कार्य भी जल्द पूरा कराया जाएगा। सभासद इजरान ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा लगाए जा रहे ये कैम्प आम जनता के लिए बेहद लाभकारी और सराहनीय हैं। 15 जनवरी को त्रिलोक गिरि में प्रस्तावित कैम्प अब 16 जनवरी को नगर पालिका परिषद परिसर में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कैम्प में सभासद इजरान, राजेश वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, जेई अनिल कुमार यादव, जेई आदर्श मिश्रा, श्रवण कुमार मिश्रा, अंकित गुप्ता, अशोक मिश्रा, विजय कुमार, प्रदीप कुमार, अनुज अवस्थी, विमलेश वर्मा सहित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से विकास वर्मा, जिला समाज कल्याण विभाग से अंकित सिंह, खाद्य एवं रसद विभाग से अजय कुमार व आनंद कुमार, प्रोबेशन कार्यालय से रामकुमार वर्मा, भाजपा से कैलाश गुप्ता, मनोज गुप्ता, राकेश शर्मा, हर्ष कटियार, राजेश राठौर व शत्रोहन मिश्रा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर कवि सम्मेलन में साहित्यकारों ने बांधा समां



जिला संवाददाता(vol)

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सम्मान समारोह एवं विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक (अपराध अनुसंधान विभाग, लखनऊ) डॉ. अखिलेश निगम रहे, जबकि अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय भाषा संस्थान, सूरत (गुजरात) के अध्यक्ष डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा गुणशेखर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवि ब्रजेश तिवारी की सरस्वती वंदना से हुआ। व्यंग्यकार श्रीकांत तिवारी ह्यकांतह्ल ने अपने चुटीले अंदाज में पंक्तियां पढ़ीं पत्नी ने पति को दिया, उत्तर सही सटीक, मर जाते तो ठीक था, नहीं मरे तो ठीक। कवि डॉ. आर.पी. सारस्वत ने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल कविता सुनाई नंगे ही पाँव चलें, बड़ा मजा आएगा, नानी के गाँव चलें, बड़ा मजा आएगा। जिसने श्रोताओं को बचपन की यादों में लौटा दिया। सूरत से पधारे कवि डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा ह्यगुणशेखरह्ल ने मां पर भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की थोड़े में खुश माँ होती है, नाखुश ही कब माँ होती है। वरिष्ठ कवि मधुकर शैदाई ने गजल के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया इस जमाने में वफाओं का सिला कुछ भी नहीं, दोस्तों फिर भी मुझे उनसे गिला कुछ भी नहीं। संयोजक डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पंक्तियां पढ़ीं मानवता के लिए कर दिया जीवन अपना अर्पित, अमरीका की यात्रा उनकी रही विश्व में चर्चित। इसके अतिरिक्त डॉ. अखिलेश निगम, राम कुमार गुप्त, शशिकांत मिश्र, पवन तूफान (झांसी), रितिक गुप्ता, कनक तिवारी, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी सहित अन्य कवियों ने भी काव्य पाठ कर कार्यक्रम को यादगार बनाया। अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या शशिबाला राबडा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी और नगरवासी मौजूद रहे।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विधायक ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ग्राम अहमदनगर में आयोजित स्वर्गीय अरविंद गिरि मेमोरियल वॉलीबॉल तृतीय टूर्नामेंट



के फाइनल मुकाबले में विधायक अमन गिरी शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

विधायक ने आयोजन समिति को सफल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर ऐसे खेल आयोजन युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों का निरंतर होना आवश्यक है। आयोजन में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली और प्रतियोगिता को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा। इस मौके पर गोला विधानसभा संयोजक अवधेश मिश्रा, ग्राम प्रधान मुकेश गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य महिपाल सिंह, दिनेश गिरी, वीडीसी मोरध्वज, वीडीसी नवी हुसैन, सुशील सिंह, अखिलेश ठाकुर, ध्रुव प्रजापति, सफी अहमद, वाजिद अली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# शिव मंदिर कॉरिडोर शिलान्यास दिवस को लेकर विधायक आवास पर मंथन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बाबा शिव मंदिर कॉरिडोर के शिलान्यास से जुड़े ऐतिहासिक दिन को स्थायी पहचान दिलाने के उद्देश्य से विधायक अमन गिरि ने अपने आवास पर नगर के वरिष्ठ व प्रमुख लोगों के साथ बैठक की। बैठक



में गोला नगर को धार्मिक-सांस्कृतिक दृष्टि से नई पहचान देने और जनसहभागिता के साथ आयोजन को भव्य रूप देने पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि 22 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बाबा शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास किया गया था, जिसे गोला विधानसभा के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। इस दिन को स्मरणीय बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष गोला शिव महोत्सव आयोजित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से गोला नगर को सजाया-संवारा जाएगा और बाबा शिव मंदिर कॉरिडोर के महत्व को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाएगा। विधायक अमन गिरि ने बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने एसआईआर फॉर्म के माध्यम से पात्र मतदाताओं को जोड़ने, अपात्र मतदाताओं को सूची से हटाने, स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं की प्रविष्टियों के परीक्षण और सुधार के निर्देश दिए। विधायक ने कार्यकताओं और नगर के वरिष्ठ लोगों से अपील की कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में नगर के वरिष्ठ व प्रतिष्ठित नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने शिव मंदिर कॉरिडोर से जुड़े आयोजनों को सफल बनाने और नगर हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## कृषि महाविद्यालय में युवाओं ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विविध प्रतियोगितात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह के निर्देशानुसार संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरूआत भाषण प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों और आदर्शों पर अपने विचार रखते हुए युवाओं से राष्ट्र व समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय स्वामी विवेकानंद के आदर्श एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका रहा। विद्यार्थियों ने रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत, कर्तव्यबोध और युवा शक्ति की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को उनके विचारों, कार्यों और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण से अवगत कराया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर ह्यरन फॉर स्वदेशीह्ल के अंतर्गत दो किलोमीटर की दौड़ कराई गई। दौड़ का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ. आनंद कुमार पांडे, डॉ. अरुण कुमार, गेस्ट फैकल्टी डॉ. राजकुमार, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. विश्व दीपक चतुर्वेदी, डॉ. रणधीर कुमार यादव, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## नगर में गोवंशों पर हो रहा एसिड हमला, जिम्मेदार मौन

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में घूम रहे आवारा गोवंशों पर अराजक तत्वों द्वारा तेजाब डालकर जख्मी करने की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही हैं।जिसके चलते लोगों में रोष फैल रहा है।सामाजिक कार्यकताओं ने विरोध जताते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायती पत्र पुलिस को सौंपा गया है। समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया 7 माह के भीतर 10 से अधिक गोवंशों पर अराजक तत्वों द्वारा तेजाब डालकर जख्मी किया गया है जिनका इलाज कराया जा रहा है। प्रशासन की उदासीनता के चलते बेजुबान गोवंशों पर एसिड हमले ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी हैं। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारियों ने गोवंशों के लिए सरकारी योजनाओं की हवा निकाल दी है।सरकार द्वारा करोड़ों खर्च के बाद भी गोवंशों की दैनीय दशा से सभी हैरान है। निरीक्षक उमेश चौरसिया के अनुसार लोगों पर गोवंशों पर एसिड हमले का आरोप लगाया गया है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अधिकारी ने बताया अभियान चलाकर गोवंशों को आश्रय स्थल भेजा जाएगा।

## लोड ट्रक हाईबा अनियंत्रित होकर पलटी चालक बचा सुरक्षित

सलखन/सोनभद्र। चोपन थाना गुरमा पुलिस चैकी क्षेत्र के अन्तर्गत मंगलवार शाय 5 बजे के लगभग मारकुंडी मुख्य राज मार्ग बैराज मोड़ के समीप बालू लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटने से चालक को हल्की फुल्की चोटों के साथ सुरक्षित बच गया।प्राप्त समाचार के अनुसार सोमवार सुरज कुमार 31 वर्ष पुत्र बहादुर कुमार निवासी तेंन्दु हिन्दुआरी राबर्ट्सगंज जो चोपन से बालू लोड ट्रक लेकर राबर्ट्सगंज जा रहे थे इसी दौरान मारकुंडी मुख्य राज मार्ग के समीप लोड हाईबा ट्रक का प्रेसर जक टुट जाने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई।चालक को हल्की फुलकी चोट के साथ सुरक्षित बच गये।

## पुआल का भूसा बनाते वक्त युवक का हाथ मशीन में फंसा, गंभीर रूप से घायल

विंढमगंज सोनभद्र। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत बघमंदवा गांव में आज मंगलवार की सुबह पुआल का भूसा बनाते वक्त एक युवक का हाथ कुट्टी काटने वाली मशीन में फंस गया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाताजुआ ग्राम पंचायत के पास बघमंदवा गांव में 18 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र मुंद्रिका प्रसाद निवासी जाताजुआ पुआल का भूसा बनाने वाली कुट्टी मशीन में पुआल डाल रहा था। कि एकाएक उसका हाथ मशीन में फंस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी ले गए जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

## बघाडू में 600 लोगों को बांटे कंबल

दुद्धी, सोनभद्र। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघांडू स्थित लल्लन प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रांगड़ में गरीबों, असहायों व विकलांगों तथा बुजुर्गों को कंबल वितरण किया गया। इससे पूर्व स्व. विजय सिंह गोंड विधायक दुद्धी को श्रद्धा सुमन एवं श्रद्धांजलि सभा से कार्यक्रम आयोजित हुआ।कार्यक्रम के संयोजक एवं आयोजक जुबेर आलम के कहा कि आज 600 कम्बल वितरित किया गया।साथ ही दिवगंत विधायक को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान बघांडू अब्दुल्ला अंसारी, हरिहर यादव, राजू शर्मा, राकेश अग्रहरी, सलीम भाई, जाकिर अंसारी, अमृतलाल आदि उपस्थित रहे।

## बिना फीस राजकीय पालीटेक्निक में बच्चों का प्रवेश



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। बिना फीस राजकीय पालीटेक्निक में बच्चों का प्रवेश लिया जायेगा, गरीब बच्चे पॉलिटेक्निक में बिना फीस दिए शिक्षा दीक्षा ग्रहण करेंगे। उस्मानी डिग्री कालेज में बीटीसी की फीस 50 हजार रुपए वार्षिक ली जाएगी।

वहीं राजकीय पॉलीटेक्निक कालेज भानपुर में गरीब परिवार के बच्चों का एडमिशन बिना फीस के किया जाएगा। छात्र-छात्राओं को जो छात्रवृत्ति मिलेगी उससे इन छात्र-छात्राओं की फीस जमा की जाएगी। वहीं गरीब परिवार के बच्चों के फार्म भरने व जीकब परीक्षा में भी सहयोग किया जाएगा। यह जानकारी प्रेसवार्ता में राजकीय पालीटेक्निक कालेज भानपुर के डायरेक्टर डॉ. सुबोध मिश्रा ने दी। डायरेक्टर डॉ. सुबोध मिश्रा ने बताया कि छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा देने पर सरकार का फोकस है। जिससे युवा तकनीकी शिक्षा में दक्ष हों और उन्हें रोजगार मिल सके। उन्होंने बताया कि भानपुर राजकीय पालीटेक्निक कालेज पीपीपी मॉडल पर संचालित है। कालेज में चार ट्रेड में पढ़ाई होती है। उन्होंने बताया कि गरीब परिवार के बच्चे जो फीस जमा नहीं कर पाते हैं उनका एडमिशन बिना फीस के किया जाएगा। सभी बच्चों को छात्रवृत्ति मिलती है। छात्रवृत्ति से इनकी फीस जमा की जाएगी। बच्चों का आवेदन कराने से लेकर जीकब परीक्षा में शामिल कराने में भी मदद की जाएगी। सभी ट्रेड में 75-75 सीटें निर्धारित हैं। इसमें 50 प्रतिशत सीटें सरकारी हैं वहीं 50 प्रतिशत मैनेजमेंट कोटे की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उस्मानी डिग्री कालेज में बीटीसी में प्रवेश को काउंसिलिंग चल रही है। इसकी फीस 50 हजार रुपए एक वर्ष की निर्धारित है।

## अधिवक्ता संघ में कृष्ण मोहन तिवारी बने अध्यक्ष



धौरहरा खीरी। अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर 2 वोटों से कृष्ण मोहन तिवारी व मंत्री पद पर 52 वोटों से विवेक श्रीवास्तव विजयी हुए।

मंगलवार को तहसील धौरहरा में अधिवक्ता संघ के हुए चुनाव में 129 अधिवक्ता मतदाताओं में से 120 मतदाताओं ने मतदान किया अध्यक्ष पद के लिए कृष्ण मोहन तिवारी व राकेश शुक्ला के बीच मुकाबला था जिसमे कृष्ण मोहन तिवारी को 61 व राकेश कुमार शुक्ला को 59 मत प्राप्त हुए कृष्ण मोहन ने 2 मतों से अध्यक्ष पद पर विजय हासिल की। वही मंत्री पद पर विवेक श्रीवास्तव को 83 मत शरद अवस्थी को 31 मत मिले जिसमे विवेक श्रीवास्तव ने 52 मतों से जीत दर्ज की उपाध्यक्ष पद में कौशल श्रीवास्तव को 62 मत अमरीक सिंह यादव को 46 मत प्राप्त हुए कौशल श्रीवास्तव 16 मतो से विजयी हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी रामकुमार पांडेय, सहायक चुनाव अधिकारी अनिल कुमार अवस्थी, जितेंद्र कुमार सिंह ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। वही दीपक कुमार तिवारी सयुंक्त मंत्री, संत कुमार कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार भार्गव अध्यक्ष गार्वनिंग कौन्सिल पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## छोटे भाई को थाना से छुड़ाने गया गुजरात, आया शव

कोन/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रोरवा के टोला पुरानपानी निवासी उदय राम 40 वर्ष पुत्र रामकुमार का गुजरात से मंगलवार को एम्बुलेंस से शव आते ही कोहराम मच गया, परिजनों ने शव का दाह-संस्कार कर दिया।परिजनों से मिलीं जानकारी के अनुसार मृतक के छोटा भाई शम्पू राम कई वर्षों से गुजरात में एक निजी कंपनी में ड्राइवर का काम करता है।महिने दिन पहले एक्सीडेंट में दो लोगों की मौत पर ड्राइवर शम्पू राम वहीं थाना में बंद हैं, थाना में बंद होने की सूचना पर शम्पू राम का बड़ा भाई थाना से छुड़ाने के लिए गया था और 15-20 दिनों से वहीं रहकर थाना का चक्कर लगा रहा था कि दो दिन पहले की बड़ा भाई उदय राम की संदिग्ध मौत हो गई जिसका शव मंगलवार को घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

संक्षेप

## अंतिम प्रकाशन 6 मार्च को

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशनुसार अर्हता दिनांक 01.01.2026 के आधार पर चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन 6 मार्च 2026 को होना है। उक्त के निमित्त विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय, आजमगढ़ के पूर्व अनुमति के बिना, अवकाश स्वीकृत करने तथा/ अथवा मुख्यालय छोड़ने की अनुमति प्रदान नहीं किये जाने के निर्देश दिये गये है।

## डिजिटल लाइब्रेरी में युवक फांसी पर झूला

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के बनीडीह गांव निवासी 22 वर्षीय शैलेश यादव पुत्र आशाराम ने सधीरनगंज बाजार स्थित अपनी डिजिटल लाइब्रेरी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सोमवार आधी रात की बताई जा रही है। जैसे ही युवक को फंदे से लटका देखा गया, पूरे बाजार और गांव में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शैलेश प्रतिदिन की तरह अपनी डिजिटल लाइब्रेरी में ही सो रहा था। देर रात जब कुछ लोगों की नजर अंदर पड़े शव पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनते ही आसपास के दुकानदार और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। तत्काल परिजनों को सूचना दी गई, पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## छेड़खानी के आरोपी को चार वर्ष की कैद

जौनपुर। जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र में 10 वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोपी युवक को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रूपाली सक्सेना की अदालत ने 4 वर्ष के कठोर कारावास व ?6000 अर्थदंड से दंडित किया।अभियोजन कथानक के अनुसार महराजगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने अभियोग पंजीकृत करवाया कि दिनांक 27 मार्च 2016 को शाम 7रू00 बजे वह शौच के लिए गई थी तभी उसके गांव का रहने वाला भोले पुत्र रामरूप उसके साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा। जिसकी शिकायत करने पर उसने मारपीट भी किया।शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश तिवारी व रमेश चंद्र पाल के सम्यक पैरवी से अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए उक्त दंड से दंडित किया।

## नेत्र शिविर में 154 लोग लाभान्वित

जौनपुर। लायन्स क्लब व शंकरा आई हास्पिटल द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद आपरेशन व लेन्स प्रत्यारोपण शिविर कुत्तुपुर तिराहा पर आयोजित किया गया है। शिविर में 154 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच में 28 रोगी मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए। सभी चयनित मरीजों का आपरेशन आर जे शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी में निःशुल्क कराया जायेगा। शिविर में आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी की नेत्र चिकित्सक डॉ. लवली शाह, और उनकी चिकित्सकीय ने रोगियों की जांच की। संयोजक डॉ संदीप मौर्य ने बताया कि नेत्र सुरक्षा और उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर माह के दूसरे मंगलवार को यहां शिविर आयोजित होता है। वाराणसी में मोतियाबिंद आपरेशन के बाद तीसरे दिन मरीज को इसी कैंप स्थल पर छोड़ दिया जायेगा। अगला शिविर इसी स्थान पर 10 फरवरी को लगेगा जरुरतमंद शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मोहम्मद मुस्तफा, योगेश साहू, डॉ चन्द्रकला मौर्य, मनोज चतुर्वेदी, लखन श्रीवास्तव, अजय आनन्द, शत्रुघ्न मौर्य, गोपीचंद साहू, आदि उपस्थित रहे।

# क्षमता से अधिक लोडेड वाहनों पर करें कार्रवाई



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन. सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गयी, बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद में सड़को के किनारे जो 117 स्थान चिन्हित किये गये है उन स्थानों पर सड़क सुरक्षा नियमों से सम्बन्धित साइनेज बोर्ड लगाये जाये साइनेज बोर्ड में के माध्यम से लोगों से तेज रफ्तार मे वाहन न चलाये नशो की हालत में वाहन न चलाये व सड़क सुरक्षा नियमों के सम्बन्ध में विवरण साइनेज बोर्ड पर अंकित किये जाये, स्पीड़ ब्रेकर जहा पर अनावाश्यक रूप से गलत तरीके से बनाये गये है। उन्हें सुचारू ठंग से बनाने की कार्यवाही की जाये। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों के आस पास एम्बुलेन्स खडे किये जाये जिससे की किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल ट्रामा सेन्टर पर पहुचाया जाये समय से ईलाज प्रारम्भ हो सके और घायल व्यक्ति का जीवन बच सके।

उन्होने कहा कि स्कूल के वाहनों के लिए नियमित रूप से चेकिंग की जाये सलखन से डाला के बीच में सड़क के किनारे कोई स्थान चिन्हित किया जाये जहा पर पकड़े गये वाहनो को खड़ा करने हेतु डम्पिंग ग्राउन्ड बनाया जा सकें। औड़ी रोड़ से शक्तिनगर मार्ग पर कट स्टोन लगाने हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया जा सकें। अघोरी से चोपन सड़क मार्ग पर चलने वाले ओवर लोड़िग वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। ट्रामा सेन्टर की सूचना से सम्बन्धित साईनेंज बोर्ड लगाया जाये, जिससे कि किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति आसानी से ट्रामा सेन्टर तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के हित में चलाये जा रहे वाहनों का प्रापर फिटनेस सुनिश्चित किया जाये और उन वाहनों पर निर्धारित संख्या से अधिक छात्र-छात्राओं को न ले जाय जाये, अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं को ले जाते हुए कोई वाहन पाया जाता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर उपसा द्वारा एम्बुलेंस, क्रेन आदि की संख्या बढ़ायी जाये, कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय रिफ्लेक्टर का प्रयोग करें। सड़कों से गुजरने वाले भारी वाहनों की चेकिंग की जाये, जिन वाहनों के बाडी के ढाचे में परिवर्तन पाया जाये, ऐसे वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की जाये।

## ग्रीन एनवायरो अवाड्र्स से एनटीपीसी विंध्याचल सम्मानित




सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल ने ग्रीन एनवायरो अवाड्र्स में दोहरी उपलब्धि हासिल करते हुए एक बार फिर उत्कृष्टता की मिसाल पेश की है। वर्ष 2024-25 के दौरान किए गए प्रभावशाली एवं सतत सीएसआर कार्यों के लिए परियोजना को महिला सशक्तिकरण श्रेणी में प्लैटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, विद्युत क्षेत्र में सुरक्षित एवं जन-केंद्रित संचालन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए एनटीपीसी विंध्याचल को सुरक्षा में उत्कृष्टता (म्ॐबमससमदबम पदॅ मिजल) के लिए भी प्लैटिनम अवार्ड प्रदान किया गया।

ये प्रतिष्ठित पुरस्कार 12 जनवरी 2026 को आयोजित समारोह में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक द्वारा प्रदान किए गए। परियोजना की ओर से सुरक्षा पुरस्कार के लिए प्रगीत उपाध्याय, अपर महाप्रबंधक (बीएमडी) तथा सीएसआर के लिए माहताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआरध्आर एंड आर) ने यह सम्मान ग्रहण किया।

यह दोहरा सम्मान एनटीपीसी विंध्याचल के कर्मचारियों, विक्रेताओं, ठेकेदारों एवं आपूर्तिकताओं के सामूहिक समर्पण को प्रतिबिंबित करता है, जो समावेशी सामुदायिक विकास के साथ-साथ सुरक्षित, सतत एवं उत्तरदायी कार्यस्थल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं।

## सह भोज के साथ मनाया गया प्रियंका गांधी का जन्मदिन



सोनभद्र। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी का जन्मदिन सोमवार को नगर के छपका मोहाल वार्ड दो में मनाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद व वार्ड अध्यक्ष कुसुम शर्मा द्वारा केट काटा गया फिर यहां सह भोज का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष फरीद अहमद ने कहा कि प्रियंका गांधी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार सड़क से कर संसद तक लड़ रही हैं। उनके आंदोलन का कारवां बढ़ाने के लिए पार्टी का एक एक कार्यकर्ता उनके कंधा से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यूपी में जनजाति समाज को चुनाव लड़ने के लिए आरक्षण दिया। उसका नतीजा है कि अब ओबरा और दुद्धी विधानसभा सीट आदिवासी समाज के लिए सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को लेकर पार्टी संघर्ष करती रहेगी। सहभोज कार्यक्रम में बेबी सिंह, शंकर भारती, देवेंद्र शर्मा, वृहस्पति भारती, राधेश्याम पटेल, लाल बहादुर वर्मा, दिनेश मिश्र, वशिष्ठ चौबे, प्रांजल श्रीवास्तव, उषा चौबे, शांति विश्वकर्मा, शत्रुंजय मिश्र, प्रदीप चौबे, यूथ के शहर अध्यक्ष अनुपम द्विवेदी, मुन्ना कोल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## संपत्ति को लेकर हुआ खूनी खेल मां बेटे को उतारा मौत के घाट

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के मड़िहान बाजार स्थित गुप्ता भवन में सम्पत्ति को लेकर एक युवक ने अपने ही सौतेली मां और उसके पुत्र को मौत के घाट उतारा। थाने से चंद कदमों की दूरी पर कस्बे में हुई दो दो हत्याओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है, कि संपत्ति को लेकर मां बेटे की हत्या हुई है।

कस्बा निवासी ज्योति प्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रेमचंद्र गुप्ता सन 1984 में मऊ जनपद के वलिदपुर से मड़िहान बाजार में आकर बस गए। धीरे-धीरे समय गुजरता गया और प्रेमचंद गुप्ता पी. डब्लू. डी. के बड़े ठेकेदार के रूप में काम करने लगे और उनकी संपत्ति में इजाफा होता गया। ऊषा देवी से विवाह हुआ था, जिनसे दो बच्चों के गुंजन बड़ी पुत्री और राहुल गुप्ता हुए। कुछ ही समय बाद लगभग 36 वर्ष पहले पत्नी की मौत के बाद,प्रेमचंद्र गुप्ता ने दूसरी शादी द्वितीय ऊषा गुप्ता से की, जिससे एक पुत्र आयुष गुप्ता, दो पुत्रियां संध्या गुप्ता और विनीता गुप्ता हुई। ठेकेदार द्वारा अपने तीनों पुत्रियों की शादी करने के बाद आरोपी राहुल का भी विवाह सन 2009 में मिजार्पुर मुकरी बाजार में हुई थी, जो सन 2013 में टूट गई। वही लगभग तीन वर्ष घर पर बिताने के बाद राहुल कही चला गया। जो पिता प्रेमचंद्र गुप्ता की सन 2023 में मौत की खबर पाकर वापस लौटा। मृतक आयुष गुप्ता का विवाह जिगना निवासी पिंकी गुप्ता से लगभग 8 वर्ष पहले हुई थी।जिनसे एक 7 वर्षीय पुत्र ओम गुप्ता है। जो अपने ननिहाल में रहता है।

वहीं पिंकी गुप्ता का शव विवाहिता के कमरे में फंदे से लटकता मिला था। मायके वालों की तहरीर पर मृतक के साथ साथ पूरे परिवार पर दहेज हत्या का मुकदा भी पंजीकृत हुआ था।जिसमें आयुष जेल भी गया हुआ था।दोनों पक्षों के आपसी सहमति पर मामला शांत हुआ। मामला शांत होने के बाद ही ददरी गांव में दूसरी शादी कर ली।वह भी विगत तीन वर्षों से अपने मायके में रह रही है।

## मकर संक्रान्ति का सार्वजनिक अवकाश 15 जनवरी को

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा वर्ष 2026 हेतु घोषित अवकाशों की सूची के प्रस्तर 2 में वर्ष 2026 के लिये निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक-2 पर मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी 2026 को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया है। शासन द्वारा मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी, 2026 (बुधवार) को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर दिनांक 15 जनवरी, 2026 (गुरुवार) को निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उक्त आदेश के अनुपालन में जनपद आजमगढ़ में 14 जनवरी, 2026 (बुधवार) को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर 15 जनवरी, 2026 (गुरूवार) को निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## झुलसी बालिका की मदद करेंगे एसपी



जौनपुर। थाना जलालपुर क्षेत्रान्तर्गत एक बालिका के दुर्घटनावश आग में गिरने से चेहरे के झुलसने का प्रकरण संज्ञान में आया। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सदर अस्पताल पहुँचकर पीड़ित बालिका का निरीक्षण किया गया तथा चिकित्सकों से उसके उपचार की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित बच्ची से कुशलक्षेम जाना एवं परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को पीड़ित बालिका के उचित उपचार, सुरक्षा एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देश दिए गए।

## ताबड़तोड़ चोरियों से लोगों में दहशत



करमा,सोनभद्र। स्थानीय थाना के चंद कदम पर अज्ञात चोरों ने बीती रात दो घरों में चोरी कर पुलिस को चुनौती देते हुए पंपिग सेट मशीन व जनरेटर उठा ले गए। चोरों के ऐसे कारनामे से पुलिस की गस्त पर सवालिया निशान उठने लगा है ।

प्राप्त जानकारी अनुसार स्थानीय थाना के नाक के नीचे करमा बाजार में सोमवार की रात शिवशंकर तिवारी के घर में रखा पंपिंग सेट मशीन और दशरथ तिवारी के दरवाजे पर रखा जगलेटर पुलिस को चुनौती देते हुए चोरों ने बड़े ही आसानी से उठा ले गए। लोगों की बात करें तो पुलिस हवा में पिकेट ड्यूटी पर तैनात है ,पुलिस की हूटर की आवाज का भी नहीं चोरों को भय या डर है।पुलिस है डाल डाल तो चोर हैं पात पात।की कहावत चरितार्थ नजर आ रही है। एक तरफ जहां पुलिस गस्त पैदल यात्रा कर सन्देश देती है वहीं दूसरी तरफ चोरी कर चोर पुलिस को चुनौती दे चले जाते हैं।

बता दें पिछले सोमवार को कसया खुर्द एवं बसदेवा में अज्ञात चोरों ने विनोद कुमार का बक्से का लाक तोड़ कर स्टाटर, आटो कट, रींच पिलास उठा कर ले गए एवं लक्ष्मण दूबे का समरसेबल, स्टाटर आटो कट उठाकर ले गए जिसे भुक्तभोगी परेशान है। जिससे दोनों किसानो की सिंचाई बाधित होने लगी है। किसानों ने संबंधित थाने में सूचना दे दी है सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर ने जांच पड़ताल करना शुरू कर दिए हैं परन्तु आज तक कुछ पता नहीं चल पाया।उसके पहले भी दर्जनों बोरी डीएपी उर्वरक की चोरी हुई। समर सेबल बसदेवा निवासी आशू ताला तोड़ कर उठा ले गए थे।पता नहीं चला। हौशाला बुलंद चोर चोरी करने बीती रात फिर चार चक्का से आशू के बोर पर रात सवा ग्यारह बजे पहुंच गए।परन्तु परिजनों की नीद खुल गई शोर करने पर कोहरे का लाभ उठाकर चलते बने। प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि एक लिखित तहरीर मिली है चोरी का खुलासा तत्काल करते हुए कार्यवाही की जाएगी।

## सम्पादक मण्डल ने शासन को भेजा 3 सूत्रीय मांग पत्र



जिला संवाददाता

जौनपुर। पत्रकार सुरक्षा कानून, सम्पादकों को आयुष्मान कार्ड एवं सरकारी विभागों द्वारा जारी विज्ञापनों को रोस्टरवार समाचार पत्रों को दिये जाने के संदर्भ में सम्पादक मण्डल उत्तर प्रदेश की जनपद इकाई द्वारा मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह को सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष राकेशकान्त पाण्डेय के नेतृत्व में दर्जनों सम्पादकों ने जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अध्यक्ष ने कहा कि समाचार संकलन के साथ सामाजिक बुराइयों को उजागर करने के बाबत सम्पादको/ पत्रकारों/ छायाकारों पर आये दिन हमला हो रहे हैं। इसको देखते हुये पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाय, ताकि हमलावरों के खिलाफ ऐसी कार्यवाही हो जिससे भविष्य में उसकी पुनरावृत्ति न हो सके। निजी संसाधनों से समाज के प्रहरी की भूमिका निभाने वाले समाचार पत्रों के सम्पादकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय। इसके लिये अन्त्योदय कार्ड, 70 वर्ष की अवस्था एवं राशन कार्ड पर 6 सदस्यों वाली शर्त न लागू हो। सरकारी विभागों द्वारा जारी होने वाले विज्ञापनों को सूचना विभाग या जिला प्रशासन के माध्यम से रोस्टरवार दिया जाय, ताकि समस्त समाचार पत्रों को इसका लाभ मिल सके।

महासचिव डा. नौशाद अली , आदर्श कुमार, शम्भू सिंह, डा. ब्रजेश यदुवंशी, पूर्व अध्यक्ष रामजी जायसवाल, डा. प्रमोद वाचस्पति, मंगला प्रसाद तिवारी, महेन्द्र प्रजापति, विरेन्द्र मिश्र विराट, छोटे लाल सिंह, शब्बीर हैदर, प्रदीप पाण्डेय, मकसूद सिद्दीकी, एमए सिद्दीकी, आदि मौजूद रहे।

## गेहूं की फसल चौपट कर रही नीलगाय



जौनपुर। मछलीशहर तहसील क्षेत्र के किसानों की गेहूं की फसल पर नीलगाय आफत बने हुए हैं। किसान रात जाग करके गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे हैं।

बसुही नदी किनारे बसे भटेवरा,बामी, ऊंचडीह, अदारी, कठार, सेमरहो, रामगढ़, तिलौरा, अलापुर के किसान शाम होते ही टार्च और लाठी लेकर गेहूं के खेतों की ओर निकल जाते हैं और रात के दस ग्यारह बजे तक नदी किनारे ही अलाव जलाकर रहते हैं। बामी गांव के किसान शैलेन्द्र बताते हैं कि नीलगाय जितना गेहूं की फसल को चरते नहीं हैं उससे ज्यादा सींचे गये खेतों में पैरों से कुचलकर गेहूं की फसल नष्ट कर रहे हैं। चरी फसल तो पनप जायेगी लेकिन पैरों से कुचली फसल कीचड़ में खत्म हो रहा है।

## शिवम का डिप्टी मैनेजर पद पर चयन

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय से एमबीए (फाइनेंस एवं कंट्रोल) के सत्र के छात्र शिवम अस्थाना ने अपने कठोर परिश्रम और समर्पण से एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन देश की अग्रणी वित्तीय संस्था बजाज फाइनेंस लिमिटेड में डिप्टी मैनेजर के पद पर 5.50 लाख रुपये के पैकेज पर हुआ है, जिससे विश्वविद्यालय का नाम रोशन हुआ है।शिवम अस्थाना ने अपने कोर्स के दौरान वित्तीय प्रबंधन, निवेश विश्लेषण, कॉर्पोरेट फाइनेंस तथा बैंकिंग से संबंधित विषयों में गहन समझ विकसित की। वर्ष में उच्चतम अंकों के साथ वे गोल्ड मेडलिस्ट भी बने। उनकी शैक्षणिक योग्यता, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान ने उन्हें बजाज फाइनेंस लिमिटेड जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिलाई।

## लापता युवक का शव तालाब में मिला परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

मड़िहान, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के जमुई गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब घर के पास स्थित तालाब में 23वर्षीय युवक का शव उतराया हुआ मिला। जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतक का शव बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान गांव निवासी सोम गौतम पुत्र राधेश्याम गौतम के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार सोम गौतम दो दिन पहले दस जनवरी को घर से किसी काम से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा तो परिवार की चिंता बढ़ने लगी। रात भर घरवाले उसकी तलाश किए। अगले दिन कोई सुराग नहीं मिला तो पिता राधेश्याम गौतम मड़िहान थाने पहुंचे और बेटे के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस भी तलाश में जुटी थी, लेकिन किसे पता था कि जिसकी खोज हो रही है, वह जिंदगी की जंग हार चुका है। मंगलवार को जब ग्रामीणों ने घर के पास स्थित पोखरे में शव उतराता देखा, तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते चीख-पुकार शुरू हो गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। बेटे का शव देखकर मां बदहवास होकर जमीन पर गिर पड़ी, वहीं पिता की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। सूचना पर मड़िहान पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोखरे से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इंस्पेक्टर बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच की जा रही है।

## संपत्ति को लेकर हुआ खुनी खेल मां बेटे को उतारा मौत के घाट

मीरजापुर। जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के मड़िहान बाजार स्थित गुप्ता भवन में सम्पत्ति को लेकर एक युवक ने अपने ही सौतेली मां और उसके पुत्र को मौत के घाट उतारा। थाने से चंद कदमों की दूरी पर कस्बे में हुई दो दो हत्याओं से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है, कि संपत्ति को लेकर मां बेटे की हत्या हुई है। कस्बा निवासी ज्योति प्रकाश गुप्ता ने बताया कि प्रेमचंद्र गुप्ता सन 1984 में मऊ जनपद के वलिदपुर से मड़िहान बाजार में आकर बस गए। धीरे-धीरे समय गुजरता गया और प्रेमचंद गुप्ता पी. डब्लू. डी. के बड़े ठेकेदार के रूप में काम करने लगे और उनकी संपत्ति में इजाफा होता गया।ऊषा देवी से विवाह हुआ था, जिनसे दो बच्चों के गुंजन बड़ी पुत्री और राहुल गुप्ता हुए। कुछ ही समय बाद लगभग 36 वर्ष पहले पत्नी की मौत के बाद,प्रेमचंद्र गुप्ता ने दूसरी शादी द्वितीय ऊषा गुप्ता से की, जिससे एक पुत्र आयुष गुप्ता, दो पुत्रियां संध्या गुप्ता और विनीता गुप्ता हुई। ठेकेदार द्वारा अपने तीनों पुत्रियों की शादी करने के बाद आरोपी राहुल का भी विवाह सन 2009 में मिजार्पुर मुकरी बाजार में हुई थी, जो सन 2013 में टूट गई। वही लगभग तीन वर्ष घर पर बिताने के बाद राहुल कही चला गया। जो पिता प्रेमचंद्र गुप्ता की सन 2023 में मौत की खबर पाकर वापस लौटा। मृतक आयुष गुप्ता का विवाह जिगना निवासी पिंकी गुप्ता से लगभग 8 वर्ष पहले हुई थी।जिनसे एक 7 वर्षीय पुत्र ओम गुप्ता है।जो अपने ननिहाल में रहता है।वही पिंकी गुप्ता का शव विवाहिता के कमरे में फंदे से लटकता मिला था। मायके वालों की तहरीर पर मृतक के साथ साथ पूरे परिवार पर दहेज हत्या का मुकदा भी पंजीकृत हुआ था।जिसमें आयुष जेल भी गया हुआ था।दोनों पक्षों के आपसी सहमति पर मामला शांत हुआ। मामला शांत होने के बाद ही ददरी गांव में दूसरी शादी कर ली।वह भी विगत तीन वर्षों से अपने मायके में रह रही है।

## विशेष छापेमारी का कार्यक्रम माह फरवरी से

आजमगढ़। औषधि निरीक्षक आजमगढ़ सीमा वर्मा द्वारा जनपद के समस्त थोक औषधि विक्रताओं को अवगत कराया कि वर्तमान समय में कोडिन युक्त कफ सिरप एवं नारकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के दुरूपयोग को रोके जानें हेतु विभाग द्वारा विशेष छापेमारी का कार्यक्रम माह फरवरी से चलाया जाएगा। इस क्रम में निरीक्षण के दौरान ऐसे थोक औषधि विक्रय लाइसेंसी फर्म जो लाइसेंस पर अंकित पते पर अस्तित्वहीन हैं, लाइसेंस प्राप्त होने के बाद स्वीकृत पते पर फर्म कभी संचालित नहीं हुई है, फर्मों के पंजीकृत पते पर दुकान/भवन मालिक को फर्म के पते के संबंध में कोई जानकारी नहीं है, लाइसेंसी फर्म अपनी स्वीकृत चैहद्दी में है अथवा नहीं, योग्य व्यक्ति (कम्पीटेण्ट व्यक्ति) की उपस्थिति/उसके अनुभव प्रमाण पत्र की पुष्टि, लाइसेंस परिसर से अन्यत्र स्थान पर दवा भण्डारण की स्थिति में लाइसेंसी द्वारा पृथक अवैध गोदाम संचालन की जाँच की जाएगी एवं दोषी पाये जानें पर उनके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। ऐसे थोक औषधि अनुज्ञप्तिधारी जो निजी कारणों से अपने लाइसेंस को अभ्यर्पित करना चाहते हैं, उनके आवेदन स्वीकार कर सक्षम स्तर से निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। उन्होने दुकान/भवन मालिकों को भी अवगत कराया है कि उनके दुकान/भवन में किरायेदार द्वारा वैध लाइसेंस के तहत औषधि का व्यवसाय किया जाना सुनिश्चित कर लिया जाए।

## झुलसी विवाहिता की चौथे दिन मौत

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के कर्महीं गांव की झुलसी विवाहिता की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि उक्त गांव निवासी सर्वेश कुमार की 28 वर्षीय पत्नी अनीता के परिवार ने बताया कि 9 जनवरी को अलाव जलाकर ताप रही थी। उसी से वह झुलस गई। परिवार के लोगों ने उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। मृतका का विवाह वर्ष 2022 में हुआ था। उसका मायका गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरूद्दीन पुर में बताया गया है। इसका एक बेटा ढाई साल का और दूसरा बेटा तीन माह का है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## मकर संक्रांति को लेकर बाजारों में भीड़

जौनपुर। मकर संक्रांति पर्व को लेकर मंगलवार को विशेष रौनक देखने को मिली। सुबह से ही बाजार में भारी भीड़ उमड़ पड़ी।लोगों ने पूजा-पाठ के लिए आवश्यक सामग्री जैसे तिल, गुड़, खिचड़ी का सामान, दान-पुण्य हेतु वस्त्र, बर्तन, फल, मिठाई और घरेलू उपयोग की चीजें खरीदीं। विशेष रूप से तिलकुट, गुड़ की रेवड़ी, चूड़ा, दही और सब्जियों की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखी गईं। दुकानदारों ने भी पर्व को देखते हुए अपने प्रतिष्ठानों को सजाया था और ग्राहकों के लिए पर्याप्त सामग्री की व्यवस्था की थी। ग्रामीणों में पर्व को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने घरेलू पूजन सामग्री खरीदी, जबकि युवाओं और बच्चों ने बाजार में मेले जैसा माहौल बना दिया। बाजार में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी सतर्क दिखी। मकर संक्रांति के प्रति लोगों में आस्था और परंपरा का भाव स्पष्ट झलक रहा था। बाजार की इस चहल-पहल से व्यापारियों में भी खुशी का माहौल था।

## कायस्थ समाज ने मनाई विवेकानंद, महेश योगी जयंती

जौनपुर । नगर के एक होटल में कायस्थ समाज के संगठनों ने स्वामी विवेकानंद और महर्षि महेश योगी की जयंती मनाई। को श्री चित्रगुप्त भगवान अखाड़ा परिषद के स्थापना दिवस पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कायस्थ महासभा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म के ज्ञान का



परचम लहराया था। आज उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। कायस्थ एकता मंच के जिलाध्यक्ष दयाशंकर निगम ,कायस्थ संघ अंतर्राष्ट्रीय के जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने युवाओं से विवेकानंद के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।राष्ट्रीय महासचिव राजेश श्रीवास्तव श्बच्चा भईया एडवोकेट ने महर्षि महेश योगी के प्रेरणादायक सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे महेश प्रसाद वर्मा शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी द्वारा बाल ब्रह्मचारीश की उपाधि पाकर महर्षि महेश योगी बने और समाज में बड़ा योगदान दिया। ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के जिला अध्यक्ष डॉ. उमाकांत श्रीवास्तव प्रिंसिपल ने बताया कि महर्षि योगी ने 1959 में अमेरिका से अपनी विश्व यात्रा शुरू की थी। उनके दर्शन का मूल आधार था कि जीवन परमानंद से भरपूर है और मनुष्य का जन्म इसका आनंद उठाने के लिए हुआ है।कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव , प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र श्रीवास्तव बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि आज के आयोजन में दिखाई देने वाली एकता ही महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि है।

# पत्नी समेत 4 पर केस दर्ज होने के बाद हुआ अंतिम संस्कार

## टेंपो चलाकर जीवन यापन करता था दिवस , 2 वर्ष पूर्व हुई थी लव मैरिज



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)**। कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र के डिहवा-बरौंसा गांव निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने इलाके में सनसनी फैला दी। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों ने पत्नी व ससुराल पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने तक अंतिम संस्कार से साफ इनकार कर दिया परिजनों के विरोध और दबाव के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया, तब जाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक के पिता विजय प्रकाश शुक्ला ने कोतवाली जयसिंहपुर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उनके पुत्र दिवस शुक्ला को रविवार सुबह उसकी पत्नी ने मायके चकसोरा गांव बुलाया था। आरोप है कि वहां पत्नी और ससुरालियों ने मिलकर उसे जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया इसकी जानकारी दिवस ने रविवार शाम अपने चचेरे भाई शिवम शुक्ला को फोन पर दी थी बताया गया कि किसी तरह जान बचाकर दिवस जयसिंहपुर नहर के पास पहुंचा, जहां से परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया, जहां 12 जनवरी की रात करीब 01:30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया, इसके बाद परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज न होने तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंचे जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी ने परिजनों से बातचीत की और तहरीर के आधार पर पत्नी सहित चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद ही परिजन शव के अंतिम संस्कार को तैयार हुए। इस संबंध में कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है शव का अंतिम संस्कार हो गया है। मृतक दिवस दो भाइयों में सबसे छोटा था बड़ा भाई दीपक शुक्ला प्रदेश में नौकरी करता है और मृतक दिवस टेंपो चलाकर अपना जीवन यापन करता था मृतक दिवस की शादी 30 अप्रैल 2024 को चकसोरा निवासी रोशनी से प्रेम संबंधों के चलते हुआ था। मृतक दिवस का एक वर्षीय पुत्र रेवांश के जन्म के बाद से ही रोशनी मायके में रहने लगी थी। दिवस के मौत से परिजनों में मातम पसर गया है।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

**फिरोजाबाद**। थाना सिरसागंज क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर कठफोरी के समीप सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में कानपुर निवासी दो युवकों की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवकों की मोटरसाइकिल में आग लग गई और दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार कानपुर के शनिगवां रामादेवी निवासी सिद्धार्थ (पुत्र अशोक कुमार) और वैभव अवस्थी (पुत्र अवधेश कुमार अवस्थी) सोमवार रात करीब 9:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से कानपुर से आगरा की ओर जा रहे थे। दोनों युवक ई-कॉमर्स कंपनी 'फ्लिपकार्ट' में टीम लीडर के पद पर कार्यरत थे और किसी स्टोर की ओपनिंग के सिलसिले में आगरा जा रहे थे। सिरसागंज थाना क्षेत्र के कठफोरी हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक में भीषण आग लग गई सूचना पर सिरसागंज थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन मंगलवार सुबह सिरसागंज थाने पहुंचे। दोनों युवक अविवाहित थे,जिससे परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की ओर से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी गई है।

## अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर**। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के विरधौरा ग्राम सभा अंतर्गत आदर्श नगर चैराहे के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हलियापुर की ओर से आ रही एक अनियंत्रित पिकअप ने 11 वर्षीय बालक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हलियापुर-सुलतानपुर मार्ग पर पिकअप वाहन जिसमें मुर्गी फार्म के लिए दाना लदा हुआ था, अचानक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पारा बाजार ग्राम सभा निवासी सिद्धार्थ (11), पुत्र राजेंद्र अग्रहरि, पिकअप की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि बालक सड़क किनारे जा गिरा और गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल बालक को पारा चैराहे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पारा पुलिस चैकी की पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## लालगंज प्रभारी निरीक्षक को मीडिया संगठन ने किया सम्मानित

**लालगंज, रायबरेली** । गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनपद रायबरेली में नियुक्त 18 इंस्पेक्टर , सब इंस्पेक्टर व मुख्य आरक्षियों को उनके द्वारा कर्तव्य निर्वहन के दौरान प्रदर्शित अति उत्कृष्ट एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए ष्अति उत्कृष्ट सेवा पदकष् एवं ष्उत्कृष्ट सेवा पदकष्से नवाजा गया है। पुलिस अधीक्षक रायबरेली डा० यशवीर सिंह द्वारा सभी को उक्त पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। लालगंज में आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला, उपाध्यक्ष अतुल त्रिपाठी, प्रवक्ता मोहम्मद याकूब और अभिषेक शर्मा के द्वारा प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह का शाल व बुके भेंट कर स्वागत किया गया।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

**देवरिया**। कलेक्ट्रेट सभागार, देवरिया में बाल विवाह मुक्त भारतह्न राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीएम(वित्त एवं राजस्व) रामशंकर ने की। बैठक को संबोधित करते हुए एडीएम (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम, संबंधित कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनपद को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने पर बल दिया। जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल कुमार सोनकर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुप्रथा है, जिसे जन-जागरूकता के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एडीएम (वि.रा) ने कहा डीएम के निदेर्शानुसार समस्त संबंधित विभागों को पत्र जारी कर प्रत्येक दिन आयोजित गतिविधियों एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रमों की जानकारी महिला कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही डीएम की अध्यक्षता में एक पृथक समीक्षा बैठक आयोजित किए जाने तथा देवरिया सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम संबंधी संदेश साझा किए जाने का भी प्रस्ताव रखा गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अदीश मिश्र ने बताया आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं विभागीय समन्वय से अभियान को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। बीच जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री राय एवं सदस्य विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि समिति के समक्ष प्रस्तुत मामलों में बच्चों को प्रायः बाल विवाह की जानकारी नहीं होती, इसलिए रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता आवश्यक है। अधिवक्ता देवेन्द्रधर द्विवेदी ग्रंथी दामोदर सिंह (सिख गुरुद्वारा, न्यू कॉलोनी), यूनिसेफ मंडल बाल संरक्षण सलाहकार शैलेष प्रताप सिंह ने पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। बैठक का संचालन संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक 100 दिवसीय विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। अभियान को तीन चरणों में विभाजित किया गया है। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेल प्रशासन, पंचायती राज, समाज कल्याण, महिला कल्याण, शिक्षा, खेल, यूनिसेफ, चाइल्ड हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने ईवीएम गोदाम का किया निरीक्षण



**कुशीनगर**। जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, सीलिंग प्रक्रिया तथा संबंधित अभिलेखों की विस्तारपूर्वक एवं गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं के अनुपालन की स्थिति का परीक्षण किया गया। सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, प्रवेशह्ननिकास नियंत्रण, सील एवं लॉक की स्थिति तथा अभिलेखों के संधारण की नियमितता पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ईवीएम गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली को निरंतर सक्रिय रखा जाए तथा सीलिंग एवं अभिलेख संधारण की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। साथ ही नियमित निरीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधकारी /सहायक निर्वाचन अधिकारी सर्वेश कुमार सहित निर्वाचन कार्यालय के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## पकहां में जिला स्तरीय तिलहन किसान मेला आज

**देवरिया**। मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश से प्राप्त नेशनल मिशन ऑन एडविल (आयल सीड्स) कार्ययोजना में दिये गये निदेर्शों के क्रम में जनपद स्तरीय एक दिवसीय तिलहन किसान मेला का आयोजन 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे से ग्राम पकहाँ, विकास खंड पथरदेवा में किया जाएगा।उन्होंने बताया कि तिलहन किसान मेले में कृषि विभाग सहित कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से दी जाएगी। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टालों के जरिए किसानों को उन्नत खेती, तिलहन उत्पादन बढ़ाने की तकनीक, सरकारी योजनाओं एवं अनुदान से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन के दृष्टिगत सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे से आयोजित होने वाले तिलहन किसान मेले में अपने-अपने विभाग का स्टाल अनिवार्य रूप से लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि किसानों को एक ही स्थान पर अधिकतम कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त हो सक।

# 18 जनवरी को पुनः जनपद के सभी बूथों पर वोटर लिस्ट सुनायी जायेगी

**कुशीनगर**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अन्तर्गत 06 जनवरी 2026 को जनपद के समस्त बूथो पर मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 जनवरी, 2026 (रविवार) को सभी बूथों पर वोटर लिस्ट को पढ़ कर सुनाये जाने से सम्बन्धित कार्यवाही की गयी है, पुनः 18 जनवरी 2026 (रविवार) को जनपद के समस्त बूथों पर वोटर लिस्ट को पढ़ कर सुनाया जायेगा। आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़े जाने संबंधी कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित किया जाना है कि प्रकाशित नामावली में यदि कोई कमी प्रदर्शित हो रही है तो उस कमी को दूर करने हेतु आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही इसी अवधि में की जा सकें। मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर दावा आपत्ति दिया जा सकता है। दावा आपत्ति देने का समय 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)**। चांदा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मधुपुरी गांव के पास चांदा-कादीपुर मार्ग पर गुरुवार को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान प्रतापगढ़ जनपद के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गहबरा गांव निवासी श्रीचन्द्र (पुत्र राज बहादुर) के रूप में हुई है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया।

# लखनऊ ने रामकोला को 37 रन से हराया

- अवध किशोर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



**कसया, कुशीनगर**। तहसील क्षेत्र के साखोपार स्थित इटर कॉलेज के मैदान में स्वर्गीय अवधकिशोर सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 18 वीं स्व. अवधकिशोर सिंह स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को हुआ।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला लखनऊ और रामकोला की टीमों के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने निर्धारित ओवरों में 158 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामकोला की टीम 121 रन पर सिमट गई। इस प्रकार लखनऊ की टीम ने 37 रन से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुशीनगर के पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि कुशीनगर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने प्रतीकात्मक बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने कहा कि क्रिकेट आज विश्व का सबसे लोकप्रिय खेल बन चुका है। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि कुशीनगर के बच्चे आज क्रिकेट के क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं, जो जिले के लिए गर्व की बात है।कार्यक्रम के आयोजक राजीव प्रताप सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके पिता स्व. अवधकिशोर सिंह को क्रिकेट से विशेष लगाव था। प्रतियोगियोंमें उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न जनपदों की टीमें प्रतिभाग करती हैं। अंपायर की भूमिका संजय सिंह और प्रिसू सिंह ने निभाई, जबकि स्कोरर हर्ष प्रताप सिंह और कमेंटेटर कुंदन सिंह रहे। कार्यक्रम में सभासद विनय राव, समाजसेवी सुनील राव, संतोष सिंह, अवधेश सिंह, विनय पाण्डेय, ओमप्रकाश सिंह, बलवंत सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, अमन प्रताप सिंह एवं प्रेमप्रकाश तिवारी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## समाजसेवी आशीष दूबे ने गरीबों में बांटे कंबल

**बरहज, देवरिया**। भलुअनी क्षेत्र के बभनी दूबे निवासी युवा समाजसेवी आशीष दूबे ने अपनी दादी स्व. चंद्रावती देवी की स्मृति में विशाल कंबल वितरण एवं खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ों गरीब महिलाओं एवं वृद्धों को कंबल वितरण किया ।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पं. गिरिशचंद तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा ही सर्वोपरि धर्म है ।इस भीषण ठंड में समाजसेवी आशीष दूबे ने जरूरतमंदों में कंबल वितरण कर बेहद पुनीत और सराहनीय कार्य किया है ।विशिष्ट अतिथि एस एन सिंह प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, जयशिव प्रताप चन्द, विवेक कुमार मिश्र ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया ।समाजसेवी आशीष दूबे सामाजिक कार्यों में काफी सक्रिय रहते हैं और सामाजिक संस्था स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी (यूथ ब्रिगेड) से जुड़कर निरंतर रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने जैसा पुनीत कार्य भी करते रहते हैं ।इस दौरान पूर्व उपज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह गुड्डू, संतोष मद्धेशिया,पवन पाठक, अरुण मिश्रा, प्रमोद मौर्या, मनोज तिवारी, सुनील सिंह, रमेश सिंह दीपक,रफीक अंसारी मौजूद रहे ।

# बागवानी विकास मिशन : 60 कृषकों का प्रशिक्षण व भ्रमण आयोजित

**देवरिया**। एकीकृत बागवानी विकास मिशन 2025-26 योजनान्तर्गत चयनित 60 कृषकों का दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम उद्यान विभाग, देवरिया द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन 12 जनवरी 2026 को कृषि विज्ञान केंद्र, मल्हना (भाटपार रानी) में प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला उद्यान अधिकारी रामसिंह ने प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकों, जिला गन्ना अधिकारी, भू-संरक्षण अधिकारी, कृषि ज्ञान केंद्र प्रभारी तथा कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का स्वागत एवं अभिवादन कर किया। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन सहित उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषक प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

सहायक उद्यान निरीक्षक सुशील शर्मा एवं रणजीत यादव ने कृषकों को आधुनिक औद्यानिक तकनीकों एवं नवीन नवाचारों को अपनाने के लाभों के बारे में जानकारी दी। प्रगतिशील कृषक चन्द कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक जय कुमार ने पीएमकृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप एवं मिनी/पोर्टेबल स्प्रिंकलर के प्रयोग से जल संरक्षण, उत्पादन वृद्धि एवं लागत कम करने की तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। डॉ. कमलेश मीणा ने फूलगोभी की खेती पर विस्तृत चर्चा करते हुए वर्षभर उगाई जाने वाली विभिन्न प्रजातियों की जानकारी दी तथा कृषकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मंधाता सिंह ने जलवायु परिवर्तन एवं मौसम की अनिश्चितता के दृष्टिगत एकीकृत खेती अपनाने पर बल दिया। श्री सिंह द्वारा मिश्रित खेती जैसे गन्ने में आलू, सरसों एवं गोभी तथा केले के साथ बैंगन, टमाटर की खेती से प्रति इकाई लागत एवं लाभ का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। कृषि ज्ञान केंद्र प्रभारी एवं वैज्ञानिक संतोष चतुर्वेदी ने पोमैटो (आलू-टमाटर) व ब्रोमैटो (बैंगन-टमाटर) की एक पौधे पर खेती की तकनीक, अधिक उत्पादन एवं कम रोग-कीट प्रकोप के लाभों की जानकारी दी। ग्राम पंचायत मिश्रौली, विकास खण्ड बनकटा के कृषकों की मांग पर सेवानिवृत्त प्रोफेसर रवि प्रकाश मौर्य द्वारा हल्दी की मिश्रित खेती, कम लागत, अधिक लाभ, प्रोसेसिंग एवं विपणन की जानकारी दी गई। उन्होंने काली हल्दी की खेती एवं इसके औषधीय उपयोगों पर भी प्रकाश डालते हुए भविष्य में इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए कृषकों को खेती की सलाह दी।

जिला गन्ना अधिकारी ने अधिक उत्पादन देने वाली गन्ने की उन्नत प्रजातियों एवं रिंगपिट विधि से खेती करने के लिए प्रेरित किया। जनपद में इस विधि से प्रति एकड़ 1000 कुंतल उत्पादन के उदाहरण भी प्रस्तुत किए गए। भू-संरक्षण अधिकारी संतोष कुमार मौर्य ने मृदा उर्वरता, अनियंत्रित सिंचाई से होने वाली क्षति तथा मेड़-तालाब वानिकी के महत्व पर जानकारी दी। अंत में जिला उद्यान अधिकारी ने बताया फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन से हल्दी विपणन हेतु सीडीओ ने देव हेल्थी ब्रांड का शुभारम्भ किया। कृषक गोष्ठी, मेले एवं तहसील स्तर पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में हल्दी स्टॉल लगाकर उत्पाद का प्रचार-प्रसार व बिक्री कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एफपीओ के सीईओ श्री अनुज सिंह (निवासी खामपार, मोबाइलः 9838900423) से संपर्क किया जा सकता है। सहायक उद्यान निरीक्षक सुशील शर्मा ने सभी कृषकों, वैज्ञानिकों व अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण सत्र के समापन की घोषणा की तथा अगले दिन के भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम के द्वितीय दिन 13 जनवरी 2026 को कृषकों के समूह को कृषि विज्ञान केंद्र मल्हना से प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। इसमें ग्राम दनउर भटनी निवासी श्री विवेक सिंह के पपीता प्रक्षेत्र, ग्राम खामपार निवासी अनुज सिंह के केला एवं हल्दी मिश्रित खेती, रामप्रवेश के बैंगन एवं गोभी, मुकेश के टमाटर तथा चन्दन प्रसाद कुशवाहा के प्याज व आलू के खेतों का अवलोकन कराया गया। इस दौरान प्रगतिशील कृषकों एवं उद्यान विभाग के कर्मचारियों द्वारा खेती की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई।

## 900 ग्राम गांजा समेत युवक गिरफ्तार

**सुलतानपुर (वीओएल)**। थाना बंधुआकला पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साकिब उर्फ सब्बू निवासी सिधियावा थाना जगदीशपुर अमेठी को एक किलो 900 ग्राम अवैध गांजे के साथ पकड़ा है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी सहाबागंज अंडरपास, हरखी दौलतपुर मोड़ के पास से की गई। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक राम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सिपाही राजेंद्र वर्मा और सिपाही सद्दाम हुसैन शामिल रहे। पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में युवक को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से गांजा बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

## भारतेंदु हरिश्चंद अंतराष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित होंगे संगीताचार्य अमरजीत मिश्र



**कसया, कुशीनगर**। बुद्ध इंटर मीडिएट कॉलेज कुशीनगर के संगीताचार्य अमरजीत मिश्र शास्त्री की साहित्य कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सतत योगदान व विद्यार्थियों को संगीत का ज्ञान प्रदान करने हेतु ₹भारतेन्दु हरिशचंद अंतराष्ट्रीय गौरव सम्मान₹ से 15 जनवरी 2026 को राजेंद्र भवन ऑडीटोरियम्स नई दिल्ली में आयोजित ₹हिंदी चेतना शिखर 2026 अंतराष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित किए जाएंगे। यह समारोह देवनागरी उत्थान फाउंडेशन, धारा धाम इंटरनेशनल, पं. तिलक राज शर्मा स्मृति ट्रस्ट (अमेरिका) एवं एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ( श्रीलंका) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित है। संगीता चार्य श्री मिश्र ग्राम सरैया, सरदारनगर जनपद गोरखपुर के मूल निवासी हैं। ये कथक सम्राट स्वर्गीय पंडित छविनाथ मिश्र के सुपुत्र हैं।वर्तमान में बुद्ध इंटर मीडिएट कॉलेज कुशीनगर में संगीताचार्य हैं। संगीताचार्य का उक्त सम्मान के लिए चयन होने पर कॉलेज के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय, शिक्षक राजेश राय, हरिकेश सिंह, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, अशोक चौरसिया, एन सीसी कैप्टन वेदप्रकाश मिश्र, उपेंद्र प्रसाद, शिवानंद दूबे, इत्तेफाक अहमद खान आदि समस्त शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

## अपर जिला जज ने किया राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण

**देवरिया** । आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा बच्चों को पौष्टिक भोजन व स्वास्थ हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उनके द्वारा राजकीय बाल गृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच व बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा राजकीय बाल गृह के परिसर, भण्डार कक्ष की साफ-सफाई तथा सुरक्षा हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया।

## जुआरी एग्री हब पर जबरन टैगिंग का आरोप 400 रुपये में यूरिया बेचने से किसानों में उबाल

**शुकुल बाजार, अमेठी** । थाना क्षेत्र के अंतर्गत इन्हौना रोड मवैया चौराहा स्थित जुआरी एग्री हब पर किसानों को यूरिया के साथ जबरन जिंक और सल्फर थमाने का गंभीर आरोप लगा है। किसानों का कहना है कि सरकारी रेट पर मिलने वाली यूरिया खाद खुलेआम ?400 प्रति बोरी बेची जा रही है। जो किसान केवल यूरिया लेना चाहते हैं, उन्हें ह्ननेटवर्क नहीं हैह्न या ह्नसर्वर बंद हैह्न का बहाना बनाकर खाद देने से मना कर दिया जाता है।

किसानों के अनुसार यह पूरी तरह से योजनाबद्ध टैगिंग है। मजबूरी में किसानों को अनावश्यक रूप से महंगे जिंक और सल्फर खरीदने पड़ रहे हैं। किसान यूनियन से जुड़े सुरेंद्र कुमार दुबे, जितेंद्र कुमार, सुरजीत यादव, ग्राम प्रधान संतराम, बरसाती, फिरोज, शिवकुमार सहित दर्जनों किसानों ने इस मनमानी के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है। किसानों ने आरोप लगाया कि दुकान संचालक का व्यवहार तानाशाहीपूर्ण है और शिकायत करने पर खाद न देने की धमकी दी जाती है।

किसानों का कहना है कि एक ओर सरकार सस्ती खाद उपलब्ध कराने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर निजी केंद्रों पर किसानों की जेब काटी जा रही है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसान संगठन आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि शिकायत गंभीर है। जांच टीम भेजी जाएगी, किसानों के बयान दर्ज किए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर जुआरी एग्री हब के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बिल और साक्ष्य उपलब्ध कराएं, ताकि दोषियों को बख्शा न जा सके।

# सीडीओ ने की आधार अनुश्रवण समिति की बैठक



**कुशीनगर**। सीडीओ वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आधार अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई, जिसमें समिति के सभी सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समिति की कार्यवाही का संचालन यूआईडीएआई के प्रतिनिधि छत्रपाल सिंह द्वारा किया गया। यूआईडीएआई के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग में आधार संतृप्तिकरण केवल 12 प्रतिशत हुआ हे जो काफी कम है इस हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने मशीनों को विद्यालयों में कैम्प मोड में लगाकर अधिक से अधिक नामांकन कराना सुनिश्चित करें तथा इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर 5 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यूआईडीएआई के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जिले में विभिन्न रजिस्ट्रारों की 266 किट कियाशील है. जिसके द्वारा माह दिसम्बर 2025 में 5564 नये नामांकन एवं 48593 आधार अद्यतन किये गये है।

सीडीओ द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी, डाक अधीक्षक, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन प्रति कीट औसत और बढाना सुनिश्चित करें, ताकि जिले का संतृप्तीकरण हो सकें। यूआईडीएआई के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जिले में 183152 बच्चो के अनिवार्य बायोमैट्रिक अपडेट (एमवीयू) लम्बित है, जिस हेतु महोदय द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा श्रीटान इण्डिया लि० को विद्यालयों में कैम्प लगाकर लम्बित बायोमैट्रिक अपडेट (एमवीयू) समाप्त करना सुनिश्चित करें। आधार बनाने हेतु यूआईडीएआई के द्वारा निर्धारित दरें इस प्रकार निम्नवत है। जिला प्रबन्धक सीएससी गौरव पाण्डेय को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक विकास खण्ड आधार सेवा केन्द्र खोलना सुनिश्चित करें तथा जिन निवासियों के आधार 10 वर्ष पुराने हो गये है उनका आईडी प्रूफ पता मो०नं० का नवीनीकरण कराने हेतु अपने आधार सेवा केन्द्रो पर बैनर लगाना सुनिश्चित करें ताकि लोग अपने आधारो का अपडेशन जल्द कराना सुनिश्चित करें अन्यथा उन्हें बहुत सारे सरकारी लाभ प्राप्त करने में कठिनाई पैदा हो सकती है। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार, बीएसए राम जियावन मौर्य सहित अन्य सभी सम्बन्धित गण उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को मिली जमानत

**सुलतानपुर (वीओएल)**। कुड़वार थाना क्षेत्र के बाँसी गांव में 9 दिसंबर को हुए जानलेवा हमले के मामले में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत ने जेल में निरुद्ध आरोपियों सलमान व सिराज की जमानत मंजूर कर ली। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अंकुर पांडेय की दलीलों से संतुष्ट होकर न्यायालय ने यह आदेश पारित किया। प्रकरण के अनुसार, बाँसी गांव निवासी इन्द्रदेव यादव ने अपने भाई कन्हैया यादव पर जानलेवा हमला करने के आरोप में गांव के सिराज, सलमान, शहजाद तथा सुलेमान उर्फ लल्लू के खिलाफ कुड़वार थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि खेत की रखवाली के दौरान हुए विवाद के बाद आरोपियों ने मिलकर कन्हैया यादव पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले की विवेचना जारी है।

संक्षेप

## अवध शुगर मिल में हुई अहम बैठक

सीतापुर। किसानों की सुविधाओं और गन्ना आपूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड परिसर में गन्ना सुपरवाइजरों और प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मिल के अधिशासी अध्यक्ष ए.के. दीक्षित ने की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार खड़े गन्ने के सर्वे की अनुमति दी गई है, जिससे जिन किसानों के पास पर्ची से अधिक गन्ना है वे सर्वे कराकर एडिशनल बॉन्ड के साथ अतिरिक्त पर्ची प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए किसान मिल या अपने गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिल की पेराई क्षमता बढ़ने से इस वर्ष पर्चियों की संख्या भी अधिक है और अब किसान अपने पूरे गन्ने की आपूर्ति मिल में कर सकेंगे, जिससे उनका बेसिक कोटा भी बढ़ेगा। गन्ना बुवाई पर उन्होंने उन्नत प्रजातियों 118 और 15023 की ही बुवाई करने की सलाह दी तथा रोगी व प्रतिबंधित प्रजातियों की बुवाई न करने को कहा। तकनीकी जानकारी देते हुए उन्होंने लाइन से लाइन की दूरी चार फीट रखने, कूंढ़ में पाटा न लगाने और खाद प्रबंधन में डीएपी के स्थान पर एनपीके, यूरिया, सुपर व पोटाश के प्रयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर अधिशासी उपाध्यक्ष शरद सिंह, महाप्रबंधक मनोज निर्वाल सहित गन्ना विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्टेट हाईवे पर फुटपाथ बने मौरंग मंडी, हो सकता है हादसा

सीतापुर। सीतापुर-लखीमपुर स्टेट हाईवे पर स्थित हरगांव कस्बा इन दिनों अवैध मौरंग-गिट्टी व्यापार का अड्डा बन चुका है। हाईवे किनारे फुटपाथों पर खुलेआम निर्माण सामग्री का ढेर लगाया जा रहा है और व्यापारी सड़क पर ही वाहन खड़े कर मौरंग-गिट्टी की अनलोडिंग कर रहे हैं। नतीजा यह कि पैदल चलने वालों को जान जोखिम में डालकर सड़क पर उतरना पड़ता है। स्थानीय नागरिक राजेश, शोभित, उमेश और मुकेश का कहना है कि यह समस्या कोई एक-दो दिन की नहीं, बल्कि रोजमर्रा का नजारा बन चुकी है। डंपर व ट्रकों की आवाजाही से दिनभर जाम की स्थिति रहती है और हादसों की आशंका बनी रहती है। खासकर कोहरे के समय यह अवैध कारोबार किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। लोगों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारियों की आंखों के सामने यह सब चल रहा है, लेकिन न तो फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है और न ही हाईवे पर अनलोडिंग के दौरान यातायात व्यवस्था पर कोई नियंत्रण है। इससे व्यापारियों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता त्रस्त। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी श्रीश मिश्र ने कहा कि शीघ्र ही टीम भेजकर कब्जा हटवाया जाएगा। अब देखना यह है कि प्रशासन की यह शीघ्र कार्रवाई कब जमीन पर नजर आती है, या फिर हरगांव के फुटपाथ यूं ही मौरंग मंडी बने रहेंगे।

## कांटे डालने को लेकर मारपीट

पुरवा, उन्नाव। पुरवा थाना के अंतर्गत ग्राम जगेथा में दो पड़ोसी परिवारों के बीच सार्वजनिक मार्ग पर कांटे डालने को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं और दो अलग-अलग थ्त् दर्ज की गई हैं। एक दिन पूर्व को शाम लगभग 4:00 बजे द्वितीय पक्ष के सुजपाल की पुत्री अंजू और मंजू ने सार्वजनिक मार्ग पर कांटे डाल दिए थे। जब प्रथम पक्ष के राजकुमार ने उन कांटों को हटाने को कहा तो दोनों पक्षों में वाद-विवाद शुरू हो गया, जो बाद में गाली-गलौज और मारपीट में तब्दील हो गया। मारपीट में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं। बी.एन.एस. में प्रथम पक्ष की आरती पत्नी राजकुमार की तहरीर पर मंजू पुत्री सुझपाल, अंजू पुत्री सुझपाल, सजीवन की पत्नी और जयसिंह की पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। धारा 115(2)/352/351(3) बी.एन.एस. में द्वितीय पक्ष की अंजू पुत्री सुजपाल की तहरीर पर राजकुमार पुत्र रामसजीवन, लवकुश पुत्र रामसजीवन और सोनी पुत्री रामसजीवन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। सरकारी अस्पताल पुरवा में मेडिकल कराया गया है। पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है इस घटना ने गाँव में तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है और पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की अपील की है।

# 21 ओवरलोड व अवैध ढुलाई वाहन जब्त, मचा हड़कंप



सीतापुर। लहरपुर तहसील क्षेत्र में सोमवार देर रात जिलाधिकारी के सख्त निर्देश पर तहसील प्रशासन ने ओवरलोडिंग और अवैध ढुलाई के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ही रात में 21 वाहनों को पकड़कर तहसील व कोतवाली परिसर में खड़ा करा दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से वाहन चालकों और अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में अफरा-तफरी मच गई। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पूरी रात नगर क्षेत्र के तहसील मार्ग, भदफर मार्ग, लखीमपुर मार्ग, हरगांव मार्ग, लहरपुर गेट, तंबौर मार्ग सहित प्रमुख सड़कों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आम, शीशम, सेमर, कटहल व नीम की लकड़ी से लदी सात ट्रैक्टर-ट्रॉली, एक डीसीएम और एक ट्रक पकड़ा गया। वहीं खनन सामग्री की अवैध व ओवरलोड ढुलाई करते हुए बालू से लदे चार ट्रक, गिट्टी से लदे तीन ट्रक और मौरंग से लदे पांच ट्रक कार्रवाई के दायरे में आए। सुबह होते ही आरटीओ सर्वेश भी कोतवाली और तहसील पहुंचे। आरटीओ अधिकारियों ने बताया कि सभी पकड़े गए वाहनों की गिनती और जांच कराई जा रही है तथा मानक के अनुसार चालान और सीज की कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए सभी वाहनों की सूचना वन विभाग, खनन विभाग, मंडी समिति, जीएसटी विभाग और एआरटीओ को भेज दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है और अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### डीएम के आदेश से टूटी वर्षों पुरानी खामोशी

लहरपुर तहसील क्षेत्र में जिस अवैध लकड़ी, मौरंग, बालू और गिट्टी के कारोबार पर एक ही रात में बड़ी कार्रवाई हुई, वह कारोबार कोई नया नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध खेल वर्षों से चैबीसों घंटे खुलेआम चल रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और ट्रक दिन-रात सड़कों पर फर्राटा भरते रहे, लेकिन तहसील प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों की आंखों पर जैसे पट्टी बंधी हुई थी। न तो ओवरलोडिंग पर रोक लगी और न ही अवैध ढुलाई पर कोई प्रभावी कार्रवाई हुई। स्थिति तब बदली जब जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। डीएम के चार्ज लेते ही लगातार निरीक्षण, समीक्षा बैठकों और सख्त निर्देशों से प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गई। वर्षों से बेखौफ घूम रहे कारोबारी अचानक सतर्क हो गए और रात के अंधेरे में अपना काला साम्राज्य चलाने की कोशिश करने लगे, लेकिन इस बार डीएम की पैनी नजरों से बच नहीं सके। सर्द रात में जिस तत्परता से तहसील प्रशासन सड़कों पर उतरा, उससे साफ हो गया कि अगर पहले भी इसी तरह इच्छाशक्ति दिखाई जाती तो शायद अवैध कारोबार इतना न पनपता। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या यह सख्ती आगे भी जारी रहेगी या कुछ दिन बाद फिर वही पुराना खेल शुरू हो जाएगा।

## नो हेलमेट-नो फ्यूल पर सख्ती

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा बैठक हुई। बैठक में नामांतरण, वरासत, सीमांकन, भू-अधिग्रहण, भूमि विवाद, राजस्व वसूली तथा जनशिकायतों के निस्तारण की विभागवार प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि राजस्व कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और तहसील स्तर पर लंबित मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को अपने न्यायालयों में नियमित बैठने, एक वर्ष से अधिक लंबित वादों का शीघ्र निस्तारण करने तथा बड़े बकायदारों की सूची बनाकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। तालाबों के पट्टों का आवंटन मानकों के अनुरूप कराकर लाभार्थियों को कब्जा दिलाने, गरीब व्यक्तियों को अनावश्यक परेशान न करने और सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग रोकने के सख्त निर्देश दिए गए। आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण पर भी जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने नो हेलमेट, नो फ्यूलह्व अभियान के प्रभावी अनुपालन को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को किसी भी दशा में पेट्रोल न दिया जाए। सभी पेट्रोल पंप संचालकों को शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। यातायात पुलिस व परिवहन विभाग को संयुक्त निरीक्षण व प्रवर्तन कार्रवाई करने तथा लापरवाही पर लाइसेंस निरस्तीकरण की चेतावनी दी गई।

# जन कल्याण योजनाओं पर डीएम की नजर



फतेहपुर। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निमार्णाधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित समयसीमा में पूर्ण न होने वाली निमार्णाधीन परियोजनाओं के लिए कार्यदायी संस्थाएं मुख्यालय से समयावधि रिवाइज कराएं, ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त आयोग के बजट के कार्यों के भुगतान में प्रगति कम होने पर जिला पंचायत राज अधिकारी तथा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के आवेदनों के निस्तारण में देरी पर मत्स्य निरीक्षक का वेतन अहरित रहेगा, जब तक कार्य पूर्ण न हो।50 बेड अस्पताल जहानाबाद एवं नगर पंचायत असोथर कार्यालय में विद्युत संयोजन न होने पर अधिशासी अभियंता विद्युत बिंदकी व खागा को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। विद्युत संयोजन शीघ्र पूरा न करने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में उच्चीकरण कार्य की प्रगति सही न होने पर यूपीसीएलडीएफ के अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा।जल निगम शहरी के अधिशासी अभियंता को सीवरेज नेटवर्क का कार्य तत्काल शुरू करने तथा खुदाई स्थलों की मरम्मत समवर्ती कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायतों में उत्सव भवन निर्माण, मियांवाकी पद्धति से पौधरोपण तथा पशुचर भूमि चिह्नित करने के आदेश जारी किए। छात्रवृत्ति आवेदनों का शीघ्र निस्तारण जिला समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को करने को कहा।सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट समय पर पोर्टल पर फीड करने तथा लाभार्थी योजनाओं के आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पात्रजनों को लाभ समय पर मिले।

## शैखुल औलिया गुलजार शाह के उर्स पर शायरों ने बांधा समां




सीतापुर। शैखुल औलिया हजरत गुलजार शाह रह० अलैह के उर्स व मेले के मौके पर बिसवां में भव्य इंटरनेशनल मुशायरे का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से आए नामचीन शायरों ने अपनी शायरी से श्रोताओं को देर रात तक मंत्रमुग्ध कर दिया। मुशायरे की सदारत मास्टर तबस्सुम हुसैन कादरी ने की, जबकि संचालन मशहूर शायर नदीम फरुख ने किया। उन्होंने अपने शेर ह्लमेरी किस्मत कि ये दुनिया मुझे पहचानती है३ह्व से महफिल का शानदार आगाज किया। दुबई से आए यासिर सिद्दीकी ने आपसी मतभेदों पर करारा कटाक्ष किया तो नेपाल के सरवर नेपाली ने बदलते दौर की सोच को अपने अनोखे अंदाज में पेश किया। जौहर कानपुरी ने देशभक्ति से ओतप्रोत शायरी सुनाकर तालियां बटोरीं। शबीना अदीब ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ा संदेश देते हुए कहा, ह्लअपना गम इस तरह थोड़ा कम कीजिये३ह्व। अजहर इकबाल, आदिल रशीद, इल्मा हाशमी और हिमांशी बाबरा के शेरों पर श्रोता झूम उठे। मुशायरे में तबर्रेज मुनव्वर राना और सतलज राहत इन्दौरी की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। इनके अलावा अल्ताफ जिया, हाशिम फिरोजाबादी, शरीफ भारती और शाइस्ता सना ने भी अपने कलाम से खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष अब्दुल मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैय्यद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली, संयोजक डॉ. अहमद अली अंसारी समेत बड़ी संख्या में शायरी प्रेमी मौजूद रहे। मुशायरा देर रात तक चलता रहा और साहित्य प्रेमियों के लिए यादगार बना दिया।

## बिसवां ब्लॉक कार्यालय में सीडीओ ने किया निरीक्षण

सीतापुर,। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या ने विकास खंड बिसवां का निरीक्षण कर कार्यालय में संधारित अभिलेखों, पंजिकाओं व फाइलों की समीक्षा की। जांच में रिकॉर्ड प्रबंधन में कई कमियां पाई गईं, जिस पर उन्होंने खंड विकास अधिकारी को सभी अभिलेख समयबद्ध ढंग से अद्यतन कराने तथा सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कर्मचारियों की उपस्थिति, लंबित प्रकरणों और योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की भी समीक्षा करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।

## घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। थाना हरगांव क्षेत्र के जंहगीराबाद गांव में दो दिन पूर्व हुई मारपीट में घायल युवक की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव निवासी रमाकांत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जनवरी को उनके भाई रमाशंकर (32) के साथ गांव के ही कुंवरपति, भंवरपति और सिद्धकुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की थी। हमले में रमाशंकर को गंभीर चोटें आई थीं। परिजन उन्हें खैराबाद स्थित बीसीएम अस्पताल ले गए, जहां से हालत नाजुक होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार शाम उनकी मौत हो गई।

हरगांव थाना के अपराध निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि मारपीट की सूचना पहले थाने में नहीं दी गई थी। अब तहरीर प्राप्त हुई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, बच्चे बाल-बाल बचे



हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के हसनापुर गांव में मंगलवार दोपहर ऑटो चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग ने पहले तो ऑटो को लपेटे में ले लिया और फिर घर के बाहर लगे तिरपाल व छप्पर तक फैल गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। यह दर्दनाक हादसा हसनापुर निवासी सुखदेव पुत्र कल्लू के घर में हुआ। घटना उस समय घटी जब सुखदेव अपने खेत पर गेहूं की फसल का जायजा लेने गए थे। उनकी पत्नी दो दिन पहले मायके चली गई थीं। घर पर केवल उनका एक नाबालिग लड़का और छोटी बेटी मौजूद थे। अचानक आग की लपटें भड़क उठीं तो बच्चे घबराहट में चीखते-चिल्लाते बाहर भाग निकले। दोनों बाल-बाल बच गए, लेकिन घर के अंदर का नजारा देखकर रोंगटे खड़े हो गए। ग्रामीणों की एकजुटता से एक घंटे बाद काबू पाया जा सका। गांव वालों को जैसे ही आग की जानकारी मिली, वे दौड़े चले आए। बाल्टियों और हैंडपंप से पानी डालकर उन्होंने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत की। आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान सुखदेव को फोन पर खबर मिली और वे खेत से दौड़ते हुए घर पहुंचे। वहां का मंजर देखकर उनकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। ऑटो पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। घर का सारा सामान, अनाज के भंडार, कपड़े-बिस्तर सब कुछ राख में बदल गया। आगजनी में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। सुखदेव के घर से 18 हजार रुपये नकद, महंगे कपड़े, बिस्तर, घरेलू सामान और लगभग 5 क्विंटल गेहूं व अन्य अनाज जलकर नष्ट हो गया। अनुमान है कि कुल नुकसान लाखों रुपये का है। सुखदेव का परिवार अब बेघर हो गया है। ग्रामीणों ने उन्हें सांत्वना दी और अस्थायी आश्रय की व्यवस्था की।

# राम मंदिर बना, अब बच्चों को सस्ती शिक्षा दिलाना अगला संकल्प

### प्रवीण तोगड़िया के तीखे बयानों से गूंजा बिसवां हिंदू सम्मेलन



सीतापुर। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रामलीला मैदान बिसवां में आयोजित हिंदू सम्मेलन उस समय चर्चा का केंद्र बन गया, जब संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने अपने बेबाक बयानों से कार्यकताओं में जोश भर दिया। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम मंदिर बनाने का जो संकल्प लिया था, वह आज भगवान की कृपा से पूरा हो गया है। यह मंदिर हजारों लोगों के बलिदान और देश के आठ करोड़ हिंदुओं के एक-एक रुपये से बनकर तैयार हुआ है।

तोगड़िया ने आगे कहा कि अब आंदोलन का अगला चरण बच्चों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने का होगा, क्योंकि बिना शिक्षा के देश समृद्ध नहीं हो सकता। उन्होंने हिंदुओं की सुरक्षा, सम्मान, हर हिंदू घर को रोगमुक्त बनाने तथा किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए देशव्यापी अभियान चलाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि देश में जल्द जनसंख्या कानून लाया जाएगा और इसके लिए हिंदू समाज को जागरूक होना होगा। इससे पूर्व कस्बे के अमरनगर मोहल्ले से बजरंग दल जिला अध्यक्ष आशुतोष वर्मा के आवास से भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जो जहाँगीराबाद, रायगंज और बड़ा चौराहा होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने तोगड़िया का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सम्मेलन में प्रांत संगठन मंत्री वेद प्रकाश सचान, विभाग संगठन मंत्री रमाकांत अवस्थी, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा, नरेंद्र, राजपाल व भानु प्रकाश वर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बिसवां कोतवाली के साथ मानपुर, रेउसा व सदरपुर थानों की पुलिस तैनात रही।

## वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न



सीतापुर। राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को एक दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी पुलिस अभिषेक कुमार, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार सिंह एवं आर.एम.पी. डिग्री कॉलेज के सहायक आचार्य डॉ. सुमित कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को शिवालिक, अरावली, नीलगिरी एवं उदयगिरी चार हाउसों में विभाजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 100 मीटर दौड़, कबड्डी, बैडमिंटन, रस्साकस्सी, बोरा रेस तथा म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। कबड्डी प्रतियोगिता में शिवालिक हाउस ने प्रथम तथा नीलगिरी हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में अरावली हाउस ने प्रथम व द्वितीय दोनों स्थानों पर कब्जा जमाया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर शिवालिक हाउस को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया, जबकि अरावली हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पांडेय ने किया। निर्णायक मंडल में पवन कुमार, अवनीश कुमार सिंह, विवेक कुमार शुक्ल, डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी एवं दीप कुमार वर्मा शामिल रहे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह, फूल चंद्र, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी मो. इमरान, शादाब आलम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।

## अधिकारी ने उवर्रक दुकानों का किया निरीक्षण

उन्नाव। उप कृषि निदेशक एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण। जिसमें दो के लाइसेंस निलंबित एवं दो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। मंगलवार शशांक जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा आज दिनांक ने बीघापुर, सुमेरपुर पाटन क्षेत्र में कीटनाशी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड वितरण रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, कैश मेमो आदि की जांच की गई जांच में अनियमितता पाए जाने के स्थिति मे मे0 शिव बीज भण्डार मनिका पुर, सुमेरपुर और किसान सेवा केंद्र पीठई खेड़ा सुमेरपुर को कारण बताओ नोटिस दिया गया। साथ ही किसान सेवा केंद्र पिठाई खेड़ा, दीप ट्रेडेस भद्योरा के कीटनाशी लाइसेंस मे प्राधिकार पत्र के इतर कीटनाशी रसायन का विक्रय किये जाने के कारण दोनों दुकानों का कीटनाशी लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। साथ ही रवि चंद्र प्रकाश,उप कृषि निदेशक उन्नाव ने सफीपुर मे कीटनाशी विक्रेताओं कि दुकानों का निरिक्षण किया गया। जिसमें कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि नियमानुसार कीटनाशकों की बिक्री करें दुकान पर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड, कैश मेमो वितरण रजिस्टर स्टॉक रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाए व संस्तुत मात्रा का बैनर एवं ग्रो सेफ पोस्टर कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी से प्राप्त कर अपने प्रतिष्ठान पर अवश्य लगवाए।दुकान कदापि न बंद करे, तथा कीटनाशको का विक्रय निर्धारित मूल्य पर ही कृषकों को करे। किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## सरकार की योजनाओं से बदली दिव्यांग युवक की जिंदगी

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य एवं मंडल प्रभारी अजय सिंह रिंकू लोहड़ी गरीबों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं। इसी कड़ी में ललितपुर ग्राम निवासी 20 वर्षीय रोहित मिश्रा, जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं और परचून की दुकान चलाते हैं, को उन्होंने पेंशन दिलाने के बाद इम्को के माध्यम से ट्राई-साइकिल उपलब्ध कराई।ट्राई-साइकिल प्राप्त कर रोहित मिश्रा गद्गद हो गए। उन्होंने अजय सिंह रिंकू लोहड़ी को धन्यवाद देते हुए कहा, ₹अब मैं अपना व्यापार बेहतर ढंग से चला सकूंगा और परिवार का पालन-पोषण कर सकूंगा।₹अजय सिंह रिंकू लोहड़ी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में योगी राज के कारण सभी आत्मनिर्भर हो रहे हैं। दिव्यांगजन भी व्यवसाय कर स्वावलंबी बन रहे हैं, जो रामराज से कम नहीं। उन्होंने कहा कि उनके जनता दरबार में आने वाले सभी दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों के राशन कार्ड, आवास, शौचालय आदि कार्य अधिकारियों द्वारा सुचारू रूप से कराए जाते हैं।रोहित मिश्रा ने अजय सिंह रिंकू लोहड़ी, योगी जी और मोदी जी को धन्यवाद दिया। लोहड़ी ने अपील की कि फतेहपुर जनपद के किसी भी दिव्यांग को उपकरण चाहिए तो उनके जनता दर्शन या फतेहपुर शहरी आवास विकास कार्यालय से संपर्क करें। आवश्यक उपकरण शीघ्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

## डीआईजी को मातृ शोक, पुलिस प्रशासन में शोक की लहर

मीरजापुर। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आईपीएस सोमेन वर्मा की माता जी का निधन हो गया। जिनके निधन का समाचार मिलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। उनके आवास पर पहुंचे सभी मातहत सहित जिले के आलाधिकारियों ने भी पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट की है। पुलिस उप महानिरीक्षक की माता के पार्थिव शरीर को उनके आवास से अंतिम संस्कार के लिए विंध्याचल गंगा नदी के रामगया घाट शिवपुर घाट ले जाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित मातहत पुलिस जन सहित तमाम लोग मौजूद रहे हैं।

## समाजसेवी ने इलाज के लिए आर्थिक मदद की



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के गाँव सथनी बाला खेड़ा निवासिनी एक असहाय वृद्धा सुखरानी देवी पत्नी स्वर्गीय बच्चूलाल के पैर मे पड़ी प्लेट के अंदर से सड़न शुरू हो गयी थी परिवार की आर्थिक हालात बेहद दयनीय होने से चिकित्सा संकट पैदा हो गया था उपरोक्त जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दी तो कृपालु उदार ब्यक्तित्व के धनी समाजसेवा से राष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने वाले पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने तत्काल मदद का हाथ बढ़ाते हुए असहाय वृद्धा को हॉस्पिटल मे बेहतर ईलाज करवाने को कहा व अपनी बहनों को आर्थिक मदद करने के लिये भेजा। टीम की बहनों ने सनराइज हॉस्पिटल बीघापुर पहुंचकर पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा आर्थिक मदद वृद्ध महिला सुखरानी को दी व जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा समाजसेवा के इस पुनीत कार्य करने पर अनेको क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने हर्ष ब्यक्त किया है।

## एकल अभियान संगठन ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई

हिलौली, उन्नाव। हिलौली स्थित आनंदेश्वर मंदिर परिसर पर एकल अभियान संगठन द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि सीएल यादव कृष्णा उपस्थित रहें। उन्होंने जयंती को



संबोधित करते हुए कहा स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायक रहा हैं। जिसे हम सभी देशवासी युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। स्वामी जी ने कहा था उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, वही सीएल यादव ने कहा स्वामी विवेकानंद जी सदैव शिक्षा के मार्ग पर अडिग रहे। और अपने जीवन में हमेशा शिक्षा ज्ञान के लिए प्रेरित करते रहे एवं अपना सर्वस्व जीवन देश के विकास के लिये समर्पित कर दिया। वो युवाओ के लिए सच्चे मार्ग दर्शक और आदर्श रहें हैं, वो हमेशा निस्वार्थ भाव से राष्ट्र की सेवा करते रहे, उन्होंने अपने जीवन में विज्ञान और अध्यात्म दोनों पर महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा था जितना बड़ा संघर्ष होगा उतनी बड़ी जीत होगी, और दिन में एक बार खुद बात करें, अन्यथा आप इस दुनिया में किसी बुद्धिमान व्यक्ति से मिलने से चूक जाएँगे, यह कभी मत कहो मैं नहीं कर सकता, क्यूँकि आप अनंत हैं। साथ ही सीएल यादव ने उपस्थित बच्चों को भी बैट-बाल एवं जेमेटरी बॉक्स पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संतलाल पाल, रमाकान्त यादव, संतोष शुक्ला, इंजी अभिषेक सिंह यादव, अर्पित कुमार, पंकज यादव, अनीता, क्षमा अवस्थी, रीता यादव, पूजा सिंह, नेहा यादव, सुख देव सैनी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन राम नरेश यादव ने किया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर जिले के कलान क्षेत्र में मंगलवार को खेत से लौट रहे दो युवकों की एक ट्रैक्टर की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि कलान थाना क्षेत्र के कलेक्टरगंज गांव में रहने वाले नितिन (19) तथा अनिल (18) आंधी देई गांव में स्थित अपने खेत से लौट रहे थे। रास्ते में शाहपुर गांव के पास वे मोटरसाइकिल से उतरकर फोन पर बात करने लगे। इसी दौरान एक बेकाबू ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

संक्षेप

## मकर संक्रान्ति का अवकाश कल

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अन्तर्गत सामान्य प्रशासन अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति के अनुसार घोषित अवकाशों की सूची में वर्ष 2026 के लिए निर्बन्धित अवकाश की सूची के क्रमांक पर मकर संक्रान्ति के पर्व 14 जनवरी 2026 (बुधवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त मकर संक्रान्ति के अवसर पर 14 जनवरी, 2026 (बुधवार) को घोषित निर्बन्धित अवकाश के स्थान पर 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 14 जनवरी, 2026 (बुधवार) को घोषित निर्बन्धित अवकाश तथा इसी आधार पर 14 जनवरी को स्थानीय स्तर पर घोषित अवकाश को निरस्त करते हुए, उसके स्थान पर 15 जनवरी 2026 (गुरुवार) को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## मतदाताओं की नयी ड्राफ्ट सूची पोलिंग बूथों पर चस्पा

नगीना, बिजनौर। विधानसभा क्षेत्र नगीना के सभी पोलिंग बूथों पर एसडीएम विजय शंकर के आदेश पर मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट का प्रकाशन किया गया। पोलिंग बूथों पर ड्राफ्ट मतदाता सूचियों को चस्पा कर दिया गया। नए मतदाताओं को अपने वोट बनवाने के लिए फार्म-6 भरना अनिवार्य कहा गया है। मतदाता सूची प्रकाशन में नए मतदाताओं के लिए अनिवार्य दस्तावेजों की जानकारी के लिए एसडीएम नगीना के आदेश पर नगर व तहसील क्षेत्र के समस्त बीएलओ के माध्यम से सभी बूथों पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए मतदाता सूची का प्रकाशन किया। नगीना उपजिलाधिकारी विजय शंकर ने बताया कि 18 नगीना विधानसभा में अब तक कुल 353119 मतदाता थे। जिनमें से 52950 मतदाता विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में काट दिए गए हैं। वर्तमान में 300169 मतदाता सूची में दर्ज हैं। उपजिलाधिकारी नगीना विजय शंकर मिश्रा के आदेश पर सोमवार को 18 नगीना विधानसभा के समस्त बीएलओ को आदेशित करते हुए, उनके द्वारा समस्त बूथों पर मतदाता सूची के प्रकाशन का कार्य आरंभ कराया गया। उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिये मतदाताओं को फार्म-6 भरना व जन्म प्रमाण पत्र तथा जन्म से सम्बंधित कागज मतदाता से अवश्य प्राप्त किये जाने हैं। इसके अतिरिक्त किसी मतदाता का सूची में फोटो साफ नही है तो उसके दूसरे फोटो को मतदाता सूची में शामिल किया जाना आवश्यक है।

## विवेक जिलाध्यक्ष, जे.पी. कुशवाहा बने जिला महामंत्री

ललितपुर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त जनपद ललितपुर के द्विवार्षिक अधिवेशन 2026-27 की नामांकन प्रक्रिया जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। प्रांतीय निर्देशों के क्रम में झांसी से आए निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया कराई गई। समस्त पदों के लिए सामंजस्य के साथ केवल एक-एक नामांकन पत्र प्राप्त होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुई। निर्वाचन परिणामस्वरूप जिलाध्यक्ष पद पर विवेक सिंह, जिला महामंत्री पद पर जेपी कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष पद पर करनसिंह राजपूत, जिला संगठन मंत्री पद पर अरविंद कुमार तथा जिला संप्रेक्षक पद पर ओमप्रकाश निर्वाचित घोषित किए गए। अंत में निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन से जुड़े समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कर्मचारी हितों में पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

# ठगी का आरोपी रवि तिवारी गिरफ्तार

### तीन और आरोपी गिरफ्तार, कार बरामद, तालबेहट पुलिस को मिली सफलता



जिला संवाददाता

ललितपुर। एलयूसीसी नाम की कम्पनी बनाकर लोगों को कम समय में जमा रकम दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपयों की धोखाधड़ी के मामले में ललितपुर पुलिस ने महाठग रवि तिवारी को फिर से धर दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने रवि तिवारी के अलावा तीन और शातिर ठग हिरासत में लिये हैं। पुलिस ने चारों के पास से 35 लाख रुपये की अनुमानित कीमत की फॉर्चूनर कार बरामद की है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, डीआईजी परिक्षेत्र झांसी के निदेशानुक्रम में, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा ने अपनी टीम के साथ थाने में दर्ज मु.अ.सं. 06/2026 धारा 111, 318(4), 61(2), 338, 352, 351(3), 336(3), 340(2) बीएनएस के अभियोग में वांछित सिविल लाइन चांदमारी निवासी भरत वर्मा पुत्र स्व.जगदीश वर्मा, मड़ावरा निवासी मुकेश कुमार जैन पुत्र स्व.भागचंद्र जैन, मोहल्ला रामनगर लेखपाल कालोनी व हाल 20 ग्रीनग्रीन कॉलोनी करौंद थाना निशातपुरा जिला भोपाल म.प्र. निवासी रविशंकर उर्फ रवि तिवारी पुत्र तिलक राम तिवारी, उसका भाई विनोद कुमार तिवारी उर्फ रानू पुत्र तिलक राम तिवारी को धर दबोचा है। घटना को लेकर तालबेहट पुलिस ने बताया कि संगठित गिरोह बनाकर अपने आर्थिक लाभ के लिये एलयूसीसी नाम की एक चिटफंड कम्पनी के माध्यम से धोखाधड़ी कर षड्यन्त्र पूर्वक कूटरचित दस्तावेज तैयार करते हुये पीड़ित के रुपये लेकर हड़प लेना एवं पीड़ित द्वारा अपना रुपया वापस मांगने पर टाल-मटोल करते हुये गाली-गलौच करना तथा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी। सूचना के आधार पर थाना तालबेहट पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर प्रकरण की गंभीरता व व्यापकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही व वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन हेतु टीमें गठित की गयीं थी। गठित टीमों द्वारा सर्विलांस (मैनुअली/टैक्नीकल), वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से 04 अभियुक्तगण को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ के दौरान हिरासत में लिये गये अभियुक्तों में रविशंकर तिवारी व विनोद तिवारी ने बताया कि वर्ष 2016 में समीर अग्रवाल ने एलयूसीसी नाम से एक अलग चिटफण्ड नाम की कम्पनी बनवाई। उसने जानबूझकर इस कम्पनी में अलग -अलग राज्यों के लोगो के आधार कार्ड, पैन कार्ड का दुरपयोग करके इस कम्पनी के डायरेक्टर व अन्य महत्वपूर्ण पद दे दिये थे।

लेकिन पूरी कम्पनी का संचालन समीर अग्रवाल व उसके मुम्बई, इन्दौर, लखनऊ व अन्य राज्यों व जिलों से जुडे हुए लोगो के द्वारा किया जाता था जिसमें वह, आलोक जैन व अन्य हमारे सभी साथी मंहगे- मंहगे होटले में सेमिनार का आयोजन करते थे। वहां पर लोगो को हम लोगो लालच देकर विदेश में ले जाकर घुमाते भी थे ताकि लोगो को लगे कि हमारी कम्पनी सही कम्पनी है और इसमे ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोडने पर रातो रातो अमीर बना जा सकता है। सेमिनार में हम लोग महगी गाडियो का भी लालच देते थे कि गाडियां आपको मुफ्त में मिल जायेगी और हम लोग मंहगे कपड़े, और होटलो में खाना मुफ्त में खिलाते थे ताकि लोग हम लोगो से जुड़ सकें। इस सोसायटी के माध्यम से पांच वर्ष में निवेशित धनराशि डबल होने के बारे में जानकारी देते थे और लोगो को बताते थे कि सोसायटी में निवेश की गयी धनराशि को गोल्ड माइन्स एडवर्टाइजमेन्ट कम्पनी, लोहे की खदान, तेल के कुंए में लगाने की बात हम लोग बताते थे और इस बात का भी विश्वास देते थे कि आप लोगों द्वारा निवेश किये गये एवं कराये जा रहे धन को शत प्रतिशत सुरक्षित किया गया है और वह बहुत जल्दी ही डबल हो जायेगा। हमारी कम्पनी में अलग-अलग स्कीम के माध्यम से लोगो को जुडने कि लिये प्रेरित करते थे। उक्त लोग अलग-अलग स्कीमों में अलग-अलग राज्यो और अलग-अलग जिलो में जैसे ललितपुर, टीकमगढ, सागर, अशोक नगर, झांसी एवं विदिशा में अपना नेटवर्क स्थापित करते हुए निवेशकताओं को लाभान्वित करने का विश्वास दिलाकर सैकड़ो- करोडों रुपये से अधिक का निवेश कराया। महाठगों को पकड ? में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तालबेहट मनोज मिश्रा, स्वाट टीम प्रभारी उ.नि.अतुल तिवारी व सर्विलांस प्रभारी उ.नि. अरूण पवार आदि शामिल रहे।

## मेले में व्यवस्थाएं रखें दुरुस्त : नपाध्यक्ष



ललितपुर। मकर संक्रान्ति पर्व के चलते बांध की तलहटी पर स्थित श्रीसीतापाठी मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए नपाध्यक्ष सोनाली जैन व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने तैयारियों का जायजा लिया।

इसके अलावा संबंधितों को साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। नपाध्यक्ष ने श्रीसीतापाठ मंदिर के महंत से व्यवस्थाओं के बारी में चर्चा समस्त व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त कराये जाने हेतु कहा गया। नपाध्यक्ष ने अमृत योजना के अंतर्गत सीतापाठ के सौंदर्यीकरण, तालाब के निर्माण व पार्क निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया गया, जिसमें बताया गया घाटों का निर्माण कार्य भी कराया गया है। इसके अलावा पार्क का भी निर्माण कार्य कराया जायेगा। उन्होंने संबंधित को शीघ्र ही तालाब में पानी भरने एवं तालाब के आसपास व घाटों की साफ सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

## नारी सशक्तीकरण की योजनाओं में पूरे मनोयोग से कार्य करें अधिकारी : डीएम

### महिला और बाल कल्याण सम्बंधी योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

जिला संवाददाता

ललितपुर। सरकार द्वारा महिलाओं व बालक-बालिकाओं के समग्र विकास के लिए चलायी जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं का जनपद में प्रभावी क्रियान्वयन कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को महिला कल्याण विभाग की जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को कड़े निर्देश दिये कि वह जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन एवं बाल कल्याण व संरक्षण पर पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करायें, साथ ही जनपद में बाल विवाह जैसी कुरीति को पूर्ण रुप से बंद कराने के लिए प्रभावी कदम उठायें। डीएम ने मुख्यमंत्री सुमंगला योजना पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य प्रदेश व जनपद में समान लिंग अनुपात स्थापित करना, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करना, बालिकाओं के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा बेटी के जन्म के प्रति आमजन में सकारात्मक सोच विकसित करना है। इसलिए इस योजना की पात्रता के अनुसार शत-प्रतिशत नामांकन कराकर पात्र व्यक्तियों को लाभ देना सुनिश्चित करें। इसके लिए डीएम ने डीपीओ, सीएमओ, बीएसए, डीआईओएस को निर्देशित किया है कि वह बेटी के जन्म के साथ आंगनबाड़ी, आशा एवं एएनएम के द्वारा माता-पिता को जागरुक कर ऑनलाइन आवेदन करायें, उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि वह कक्षा-1 में बेटी के प्रवेश के साथ ही बेटी के माता-पिता को विद्यालय बुलाकर उनका आवेदन कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उन्होंने पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि वह ऐसी मृत्यु के प्रमाण पत्र जारी होने की संख्या के सापेक्ष आवेदन करायें और उन्हें पेंशन का लाभ दें। बैठक के दौरान उन्होंने बाल विवाह रोकने पर जोर देते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कोटेदार, पंचायत अधिकारी आदि क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी के साथ सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक कर उन्हें बाल विवाह रोकने की जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने जनपद में नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए नशा पर अंकुश लगाने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक-एक कर गांव को सभी प्रकार के नशों से मुक्त कराया जाए।

## एक सप्ताह से नलों में नहीं आया पानी



ललितपुर। शहर के नेहरू नगर क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से नलों में पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय नागरिकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि नेहरू नगर की देहरे वाली बब्बा गली सहित आसपास की गलियों में बड़ी आबादी निवास करती है। करीब एक हजार से अधिक लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। बताया गया कि पड़ोरिया हाउस के पास पाइप लाइन टूट जाने के कारण काफी समय तक पानी सड़क पर बहता रहा, लेकिन लीकेज की मरम्मत नहीं की गई। इसके चलते नलों की जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। निवासियों का आरोप है कि हर घर नल योजना शासन की प्राथमिक योजनाओं में शामिल है, लेकिन ठेकेदार द्वारा मोटी पाइप लाइन में जगह-जगह टी लगाकर केवल मुख्य सड़क तक ही कनेक्शन दिया गया है। निचले इलाकों में अब तक पानी नहीं पहुंच पा रहा। ठेकेदार से संपर्क करने पर उसने कार्य पूर्ण होने की बात कहते हुए जिम्मेदारी विभाग पर डाल दी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि देहरे वाली मुख्य गली को मोटी पाइप लाइन से जोड़कर तत्काल जलापूर्ति शुरू कराई जाए तथा पड़ोरिया हाउस के पास पाइप लाइन के लीकेज की मरम्मत कराई जाए। नागरिकों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर राहत देने की अपील की है।

## शिक्षक संघ ने चयन वेतनमान लंबित रहने पर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया

धामपुर, बिजनौर। विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चयन वेतनमान कई माह से लंबित रहने को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश है। उन्होने ब्लॉक में तैनात लिपिक नीरज कुमार पर मनमानी और अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने धामपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष नवनीत चैहान ने की, जबकि संचालन ब्लॉक मंत्री अमित सिसोदिया ने किया। धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष नवनीत चैहान ने आरोप लगाया कि धामपुर ब्लॉक में तैनात लिपिक नीरज कुमार की मनमानी और लापरवाही के कारण शिक्षकों का चयन वेतनमान अब तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि चयन वेतनमान से संबंधित फाइलें खंड शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बिजनौर को प्रेषित नहीं की गईं, जबकि जनपद के अन्य ब्लॉकों के शिक्षकों का चयन वेतनमान पहले ही स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बिना सुविधा कोई भी कार्य नहीं होता, जिससे शिक्षक लगातार परेशान हैं। शिक्षक संघ ने मांग की कि वरिष्ठ लिपिक नीरज कुमार को तत्काल धामपुर ब्लॉक से हटाकर किसी अन्य ब्लॉक में स्थानांतरित किया जाए। भूपेंद्र चैहान एवं जिला संगठन मंत्री विपिन कुमार शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो दिन के भीतर धामपुर ब्लॉक के शिक्षकों का चयन वेतनमान नहीं दिया गया तो संघ जिला कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समस्या के समाधान की अपील की। धरने में नवनीत कुमार, अमित सिसोदिया, जागेश कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत की कार्यवाही



महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने हेतु नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह द्वारा यातायात पुलिस टीम एवं उप संभागीय परिवहन अधिकारी दयाशंकर के साथ संयुक्त रूप से प्रवर्तन कार्यवाही की गई। इस दौरान टीम द्वारा विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाते हुए फ्यूल भरवाने आने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन एवं सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। उप संभागीय परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी ने बताया कि परिवहन विभाग व पुलिस द्वारा इस प्रकार की संयुक्त कार्यवाहियां आगे भी जारी रहेंगी।

## हादसे में मां-बेटे की मौत, ग्रामीणों ने लगाया जाम

**बिजनौर**। हॉस्पिटल से दवाई लेकर बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे मां-बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की सूचना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजन एंव ग्रामीणों ने कार्रवाही की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस के उचित कार्रवाही के आश्वासन के बाद जाम खोला गया।




जानकारी के अनुसार थाना नहटौर क्षेत्र के गांव रुखड़ियों निवासी शिवम (18 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश सिंह अपनी मां बीना देवी (45 वर्ष) के साथ बाइक द्वारा बिजनौर से दवाई दिलाने गया था। सोमवार की देर शाम घर लौटते समय नहटौर झालू-मार्ग पर उनकी बाइक एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे जा घुसी और घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों द्वारा घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। घटना की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर गांव रुखड़ियों में नहटौर-झालू मार्ग पर भयंकर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे और नहटौर थानाध्यक्ष धीरज नागर सहित कई थानों की पुलिस बल मौके पर पहुंची। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे के अनुसार ग्रामीणों से बातचीत की गई और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा जाम खोल दिया गया।

## दंगल में महिला पहलवानों ने दिखायी कुश्ती कला



बांदा। थाना चिल्ला क्षेत्र के बंबिया के मजरा भड़ौली गांव में दंगल का आयोजन हुआ। कुरसेजाधाम के महंत परमेश्वरदास, सब इंस्पेक्टर केशव सिंह व मनोज शर्मा ने बजरंगबली की पूजा-अर्चना व फीता काटकर शुभारंभ किया। मंगलवार को दंगल में महंत परमेश्वरदास ने युवाओं से कहा कि नशा मुक्त होकर समाज का नव निर्माण करें। बुंदेलखंड की धरा में बांदा कुश्तीकला की खान है, इसे जीवंत रखने की आवश्यकता है। अयोध्या के हनुमानगढ़ी के पहलवान लक्ष्मणदास ने ग्वालियर मध्यप्रदेश के टाइगर पहलवान को चारों खाने चित कर दिया। महिला कुश्ती में अन्नू कानपुर ने नैना लखनऊ को कलाजंग दांव लगाकर हराया। पिंटू मथुरा ने सुरेश फिरोजाबाद को निकाल दांव लगाकर चारों खाने चित किया। शत्रुघ्न पहलवान बछेउरा ने छोटू पहलवान आगरा को पछाड़ा। हरिद्वार के पहलवान स्टील बांडी ने कुलदीप हरियाणा को हराया। अभिलाष पलरा ने भगवती सिंघौली को चारों खाने चित कर दिया। रेफरी ननकाई पहलवान, कमेंटेटर रामू दीक्षित व शिवविलास पलरा रहे। दंगल में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के सुपुत्र अनंतयश द्विवेदी, थाना प्रभारी अनूप दुबे, जिला पंचायत सदस्य भरत सिंह, भाजपा नेता मंदीप तिवारी, प्रबंधक संजय सिंह पटेल, कमल, अंकुश दीक्षित, प्रधान अरुण सिंह पटेल, पूर्व प्रधान बुद्धविलाश यादव, सुरेंद्र सिंह, सिंघौली प्रधान अरुण शुक्ला ने पहलवानों को पुरस्कृत किया।

## ज्ञान योग दिवस के रूप में मना महर्षि योगी का जन्मोत्सव



बांदा। महर्षि महेश योगी का 109वां जन्मोत्सव ज्ञान योग दिवस के रूप में जिले के ग्राम भवानी पदारथपुर में मनाया गया। महर्षि संस्था के संचालक ब्रह्मचारी गिरीश के मार्गदर्शन में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंगलवार को कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि चिल्ला थाना प्रभारी अनूप दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। आश्रम के बटुकों ने गुरु परंपरा पूजन, भवति ध्यान का सामूहिक अभ्यास, वेद पाठ, पुरुष सूक्त का पाठ, हनुमान चालीसा व रुद्राभिषेक पूजन किया। आश्रम प्रभारी राजनारायण निगम, अनिल खरे ने बताया कि महर्षि महेश योगी ने भवातीत ध्यान के माध्यम से पूरे विश्व में सुख शांति एवं समृद्धि स्थापित करने का संदेश दिया है। देश में सनातन धर्म के उत्थान को गुरुकुल स्थापित कर ब्राह्मणों को निःशुल्क वेद पुराण आदि की शिक्षा का कार्य महर्षि ने किया है। स्वस्थ मस्तिष्क से कार्य करने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। महर्षि ने पूरे यूरोप में राम मुद्रा चलाई। महर्षि के परम शिष्यों में श्रीश्री रविशंकर, विटल्स ग्रुप, दीपक चोपड़ा, डा. टोनी निडर जैसे व्यक्तित्व शामिल हैं। कार्यक्रम में बटुक छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण हुआ। इस दौरान आचार्य पं. कमलेश तिवारी, पं. प्यारेलाल, पं. वंशवर्धन, कीर्ति ब्रह्म पांडे, हरवीर सिंह, सत्येंद्र अशोक अवस्थी व चिल्ला थाना का स्टाफ मौजूद रहा।

## बाइक व पुलिस वाहन भिड़े, पुलिसकर्मी सहित 4 घायल

बांदा। पुलिस वाहन व बाइक की भिड़ंत में दो महिला और युवक घायल हो गये। दुर्घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। मंगलवार की दोपहर एक्सप्रेस-वे के बगल से बनाए गये एप्रोच मार्ग से विमल पुत्र राजबहादुर 19 के साथ चुनुबादी पत्नी उमेश 35 निवासी नाहर का पुरवा व रामलली 40 निवासी गड़ांव एक ही बाइक से नाहरपुरवा सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। बदौसा थाना क्षेत्र के पौहार गांव के पास जैसे ही बाइक चालक पहुंचा दूसरी ओर से लमेहटा चैकी इंचार्ज प्रमोद कुमार ड्राइवर लक्ष्मीप्रसाद के साथ आ रहे थे। एप्रोच रोड में अंधा मोड़ होने के कारण पुलिस की गाड़ी बाइक से भिड़ गयी इससे मोटरसाइकिल सवार युवक व साथ में बैठी दोनो महिलाएं घायल हो गयीं। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अतर्रा और फिर बाद में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि बाइक में दो महिला और 19 वर्षीय चालक बिना हेलमेट लगाए थे। जानकारी मिलने पर तत्काल अस्पताल ले गये। जांच के बाद चिकित्सक ने बताया कि कोई टूट-फूट नही हुई और सभी खतरे से बाहर हैं। दुर्घटना के दौरान बाइक सवारों को बचाने में पुलिस की गाड़ी भी पलट गयी थी।

## परिवहन विभाग की कार्रवाई, 13 ओवरलोड वाहन निरूद्ध



बांदा। शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चलते परिवहन विभाग ने 13 ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कई थानों में निरूद्ध किया गया है। इसके अलावा 179 वाहनों का भी अन्य अभियोगों में चालान किया गया है। मंगलवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्यामलाल, यात्री मालकर अधिकारी वीरेन्द्र नाथ राजभर ने लगातार रात-दिन अभियान चलाकर ओवरलोड माल ढो रहे वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 13 ओवरलोड वाहनों को निरूद्ध किया है। वाहन चेकिंग के दौरान 36 वाहन अधिक गति, 94 बिना हेलमेट, 13 बगैर सीट बेल्ट, 27 रांग साइड और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने में 12 वाहनों तथा अन्य अभियोगों में 33 चालान किए गये हैं। बताते चलें कि परिवहन विभाग राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में ओवरलोड और यातायात नियमों का पालन नही करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की है।

## अवैध खनन की शिकायत एसडीएम से



बांदा। नरैनी तहसील में बालू माफिया प्रदेश की सीमा में लगातार अवैध खनन कर रहे हैं। इस मामले को लेकर ग्राम प्रधान व ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। बिलहरका गांव के ग्राम प्रधान छठिया और कई ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि गांव के गाटा संख्या 687 से मल्होत्रा कंपनी की शह पर बालू माफिया लगातार अवैध खनन कर रहे हैं। आरोप लगाया कि जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टरों के जरिए लगातार बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध खनन से इस क्षेत्र में पर्यावरण को भी खतरा पैदा हो रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि अवैध खनन के कारण खेतों और रास्तों को नुकसान पहुंच रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों के विरूद्ध जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## समावेशी विकास

भारत सरकार ने बीते वर्षों में समावेशी विकास की जो नीतियां अपनायी हैं उससे गरीबी में भारी गिरावट आयी है। यह बात विभिन्न रिपोर्ट्स से भी स्पष्ट है और जमीन पर दिखता भी है। बहुआयामी गरीबी को लेकर पूर्व में जो रिपोर्ट आयी थी उससे भी स्पष्ट था कि बीते एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से निकलने में कामयाब हुए। अब विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी को लेकर जो रिपोर्ट जारी की है वह देश का उत्साह बढ़ाती है। विश्व बैंक के अनुसार भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गयी है और इस तरह भारत में अब अत्यधिक गरीबों की तादाद घटकर 7.5 करोड़ ही बची है। 2011-12 में अत्यधिक गरीबी की दर 27.1 फीसद थी और तब देश में करीब-करीब 35 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी के दायरे में आते थे। बीते एक दशक में सामाजिक, आर्थिक विकास की जो नीतियां बनी उसका असर है कि देश में गरीबी तेजी से घटी है और देश में अत्यधिक गरीबों की संख्या 5.3 फीसद के आसपास रह गयी है। यह आंकड़ा भी 2022-23 का है जब देश की अर्थव्यवस्था कोरोना की तबाही से बाहर निकलने का प्रयास कर रही थी। ऐसे में अगर हम गरीबी को लेकर आद्यतन आंकड़ा जुटायें तो अत्यधिक गरीबी की दर देश में दो-तीन फीसद से अधिक नहीं होगी। कोई भी देश जब आर्थिक प्रगति करता है तो उसका प्रभाव गरीबों पर पड़ता ही है। गरीब विकास की धारा से जुड़कर गरीबी के मकड़जाल से निकलने में सफल होते हैं। इसलिए इसमें अब शक की कम गुंजाइश रह गई है कि पिछले दो दशकों के दौरान भारत में गरीबी में काफी कमी आई है। हालांकि, आधिकारिक अनुमानों के अभाव में गरीबी का सटीक आकलन नहीं हो रहा है। एक सटीक एवं उचित गरीबी रेखा की परिभाषा पर कुछ मतभेद होने के कारण गरीबी से संबंधित आंकड़े पेचीदा




और विवादों में घिरे रहे हैं। विश्व बैंक ने 1990 में गरीबी रेखा के निर्धारण के लिए 'प्रति दिन एक डॉलर' मानक पेश किया था। इस मानक को वर्ष 2001, 2008, 2015 और 2022 में अद्यतन किया जा चुका है। अब विश्व बैंक ने गरीबी के संबंध में नये अनुमान जारी किए हैं और निम्न आय वाले देशों के लिए प्रति दिन 3 डॉलर उपभोग की रेखा निर्धारित की है। पहले यह रेखा 2.15 डॉलर प्रतिदिन उपभोग पर आधारित थी। निम्न मध्य आय वाले देशों के लिए यह सीमा 3.65 डॉलर से बढ़ाकर 4.20 डॉलर कर दी गई है। यह संभवतः गरीबी उन्मूलन में भारत की प्रगति का अनुमान लगाने का शुरूआती अवसर प्रदान करता है। 3 डॉलर से कम रकम के साथ जीवन-बसर करने वाले अत्यंत गरीब लोगों की संख्या अब कम होकर कुल आबादी का केवल 5.3 फीसदी रह गई है, जो 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। प्रति दिन 4.20 डॉलर से कम राशि पर जीवन बसर करने वाले लोगों की संख्या इसी अवधि में 57.7 फीसदी से कम होकर 23.9 फीसदी रह गई है। इस उपलब्धि को कम करके नहीं आका जाना चाहिए क्योंकि यह मानव कल्याण में बड़ी प्रगति की तरफ इशारा करता है। यह आर्थिक वृद्धि और लक्षित गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों को परिलक्षित करता है। यह वृहद सुधारवादी आम सहमति किसी भी अन्य नीतिगत कदमों एवं अन्य उपायों की तुलना में गरीबी कम करने में अधिक सफल रही है। हालांकि, इसका यह कतई मतलब नहीं है कि गरीबी उन्मूलन में भौगोलिक एवं अन्य असमानताएं मौजूद नहीं हैं। ये असमानताएं हैं जिन्हें अवश्य ही दूर किया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए विश्व बैंक द्वारा इस्तेमाल किए गए आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में अब भी काफी अधिक है। यह तर्क दिया जा सकता है कि यह अंतर बढ़ा-चढ़ा कर पेश किया जा रहा है क्योंकि दोनों क्षेत्रों में कीमतों में अंतर भी होता है। यदि ऐसा है तो उपभोक्ता एवं अन्य सर्वेक्षणों के माध्यम इसे और स्पष्ट करना चाहिए। भारत में एक मूल समस्या यह है कि यद्यपि उपभोक्ता सर्वेक्षण अब शुरू हो गए हैं और दो लगातार ऐसे अभियान चलाए गए हैं मगर गरीबी के अनुमानों का स्पष्ट खाका खींचने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। दरअसल गरीबी को और स्पष्ट से परिभाषित करने के लिए आय, शिक्षा, उपभोग, व्यय जैसे तमाम मानकों को समाहित करते हुए देश को एक सर्वमान्य गरीबी की परिभाषा विकसित करनी चाहिए ताकि इसको लेकर विवाद खत्म हो जाये।

---

**विचार**

इस सनातन नियम को याद रखो- यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

-सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

-स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

-संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

-आचार्य विनोबा भावे.

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

-महर्षि अरविन्द.

# पीएसएलवी की नाकामी इसरो के लिए सबक



नौशाबा परवीन

> सीमित लांच क्षमता, फिसलती टाइमलाइंस और विदेशी रॉकेट्स पर बढ़ती निर्भरता भारत की स्पेस महत्वकांक्षा और निष्पादन की क्षमता में फासले का विस्तार करती जा रही हैं। इसी वजह से प्राइवेट सेक्टर विकल्पों को आकार दिया जा रहा है। लेकिन घरेलू लांच प्रोवाइडर्स के संदर्भ में नीतियों में सुधार के बावजूद भारतीय स्टार्टअप्स विदेशों की ओर देख रहे हैं।

साल 2025 में ऐसा प्रतीत हो रहा था कि डीओएस (डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस) और इसरो (इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन) को गति मिलने जा रही है। नेतृत्व परिवर्तन बिना किसी जाहिर अवरोध के सम्पन्न हो गया था, मिशन की सूची भरी हुई लग रही थी और छह दशक तक सुनियोजित खतरा मोल लेकर गठित किये गये संगठन का संस्थागत विश्वास कायम था। लेकिन जैसे ही वर्ष 2026 शुरू हुआ तो यह उम्मीद केवल आंशिक ही पूरी हो सकी। इसका अर्थ यह नहीं है कि सफलता पूर्णतरू मायावी रही। दरअसल, जो योजना बनायी व घोषित की गई थी, उससे अगर मापा जाये तो उम्मीदों और निष्पादन के बीच का फासला निरंतर समीक्षा की मांग कर रहा है। प्रमुख मिशन हाथ से फिसले हैं, टाइमलाइन्स को बढ़ाना पड़ा है और असफलता, दोनों आंशिक व पूर्ण, बीच-बीच में देखने को मिली हैं। हालांकि पीएसएलवी-सी62 मिशन एक बार फिर नाकाम रहा, लेकिन इसरो व डीओएस की कोशिश होनी चाहिए कि 2026 भी अपेक्षा से कम प्रदर्शन का साल न रहे।

सोमवार (12 जनवरी 2026) को इसरो का पीएसएलवी-सी62 लांच के दौरान 'अपने नियोजित उड़ान मार्ग से भटक गया' जोकि न केवल सुरक्षा एजेंसीज के लिए बहुत बड़ा धक्का है कि महत्वपूर्ण रक्षा सैटेलाइट ईओएस-एन1 (अन्वेषा) खो गया बल्कि अनेक भारतीय व विदेशी संस्थाओं, स्टार्टअप्स व कम्पनियों ने विघटनकारी टेक्नोलॉजी वाली 15 उपग्रह भी खोए, जिनसे स्पेस सेक्टर में क्रांतिकारी परिवर्तन आ सकता था। अगर वह 502 किमी की ऊंचाई पर अपनी सूर्य-समकालिक कक्षा में पहुंच जाते। डीआरडीओ की ईओएस-एन1 (अन्वेषा), रणनीतिक सुपर आंख, हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग सैटेलाइट था, जिसमें सैंकड़ों वेवलेंथ ह्यदेखनेह्ल की क्षमता थी, जमीन पर चीजों को पहचानने के लिए- जिससे वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उच्च वरीयता का एसेट बनता। अगर वह अपनी कक्षा में पहुंच जाता तो वह अपनी एडवांस्ड रिमोट सेंसिंग क्षमता से देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने में मदद करता और साथ ही कृषि, शहरी मैपिंग व पर्यावरण अवलोकन जैसे क्षेत्रों में नागरिकों के भी



काम आता। पीएसएलवी-सी62 मिशन का लक्ष्य न सिर्फ भारत की रणनीतिक राष्ट्रीय जरूरतों को पूरा करना था बल्कि कमर्शियल स्पेस में वैश्विक महत्वकांक्षाएं भी थीं। जाहिर है इसकी नाकामी से इन दोनों उद्देश्यों को धक्का लगा है। इसरो, नासा, स्पेस एक्स से लेकर चीन व रूस के स्पेस कार्यक्रमों तक नाकामियों से बच नहीं सके हैं, लेकिन इन्हीं की बदौलत हाई-रिस्क वातावरण में दीर्घकालीन सफलता के लिए बहुमूल्य डाटा और आवश्यक सुरक्षा हासिल की जाती है। यह अच्छा नतीजा तभी मिल सकता है, जब नाकामी की जांच ईमानदारी से की जाये, जो सबक मिले हैं उन्हें गंभीरता से लागू किया जाये और सुधरी हुई व्यवस्था के साथ आगे बढ़ा जाये। अगर ऐसा नहीं किया गया तो वही होगा जिसका अनुभव रूस के स्पेस कार्यक्रम ने अनुभव किया- बाजार में हिस्सेदारी व प्रतिष्ठा दोनों चले जायेंगे।

**तमिलनाडु**

पीएसएलवी लम्बे समय से इसरो का वर्कहोर्स रहा है, जिसने अपनी विश्वसनीयता की बदौलत अच्छा व्यापार किया है। लेकिन अब वह दो बार नाकाम हो गया है, जिससे ग्राहक संकोच करने लगेंगे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाजार में, जहां नये लांचर तेज ताल का वायदा करते हैं, इसरो गुडविल की विरासत पर मुकाबला नहीं कर सकता। नवीनतम असफलता न सिर्फ इसरो की कमर्शियल विश्वसनीयता पर बट्टा लगाती है बल्कि डीआरडीओ द्वारा निर्मित रणनीतिक पेलोड सहित 15 सैटेलाइट का भी नुकसान हुआ है। भारत में पहले ही आसमान से निगरानी, टोहने व सुरक्षित कम्युनिकेशन का अभाव है। रक्षा सैटेलाइट के खोने से यह फासला अतिरिक्त चैड़ा हो जाता है और वह भी ऐसे समय जब क्षेत्रीय सुरक्षा को चाक-चैबंद करने के संदर्भ में देरी नहीं की जा सकती।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसरो ने यह घोषित करने का असामन्य कदम उठाया था कि दुश्मन देश के अंदर सटीक स्ट्राइक्स देश की स्पेस क्षमता की वजह से ही मुमकिन हो सकी। लेकिन हर नाकाम लांच तैनाती कार्यक्रम को महीनों, कभी कभी वर्षों, पीछे धकेल देता है। रिप्लेसमेंट सैटेलाइटस को जरूरत होती है फंडिंग मंजूरी की, पुनःनिर्माण चक्र की और नये लांच स्लॉट्स की। ज्ञात रहे कि साल 2025 इसरो के लिए अपेक्षा अनुरूप नहीं रहा और वर्ष 2026 उम्मीदों व निष्पादन के बीच फासले से शुरू हुआ है और जोर-जोर से पुकार रहा है कि चीजों पर सही से ध्यान दिया जाये। यह अनुमान सही नहीं है कि पीएसएलवी-सी62 की नाकामी की भरपाई प्राइवेट स्टार्टअप्स लांच से हो जायेगी। भारत के प्राइवेट लांच वाहन अभी भी विकास के शुरूआती चरण में हैं। निकट भविष्य के लिए, राष्ट्रीय रणनीतिक मिशन अब भी इस बात पर निर्भर हैं कि इसरो के लांच सिस्टम्स सुचारू रूप से कार्य करें।

इसरो एक साथ गगनयान, हैवी-लिफ्ट डेवलपमेंट, गृह मिशन पर काम करने के अतिरिक्त कमर्शियल मांगों का भी विस्तार कर रही है। पीएसएलवी का संकट इंजीनियरिंग फोकस, टेस्टिंग सुविधाओं व नेतृत्व ध्यान को भटका देता है। इस दबाव का अन्य कार्यक्रमों पर असर पड़ने का खतरा बना रहेगा अगर वरीयताओं को स्पष्टता के साथ पुनः तय न किया जाये।

यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि प्रतिद्वंदी चीन स्पेस कार्यक्रम में बहुत तेजी से आगे निकलता जा रहा है। चीन ने हाल ही में मात्र 19 घंटों के दौरान तीन मिशन सफलतापूर्वक लांच किये। चीन ने सैटेलाइटस के बीच इन-ऑर्बिट रीफ्यूलिंग का भी प्रदर्शन किया है, जबकि इस क्षमता पर अमेरिका अभी काम ही कर रहा है। इसके विपरीत भारत एक साल में सिर्फ छह लांच ही कर सका है, जिनमें से तीन सफल रहे, एक उड़ान के दौरान नाकाम रहा, एक रास्ता भटक गया और एक ऑर्बिट में तो पहुंच गया, लेकिन स्पेसक्राफ्ट के महत्वपूर्ण वाल्व में खराबी आ गई और मिशन खंडित हो गया। दरअसल, बुनियादी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। भारत की स्पेस महत्वकांक्षाएं उसके लांच इन्फ्रास्ट्रक्चर की तुलना में अधिक तेजी से विस्तार कर रही हैं।

इसरो की यह महत्वकांक्षा साहसिक प्रतीत होती है कि वह 2029 तक सालाना 50 ऑर्बिटल लांच करेगा। लेकिन उसने एक कैलेंडर वर्ष में कभी 10 लांच भी पूरी नहीं की हैं। आशावादी सार्वजनिक घोषणाओं धीमा निर्माण, अपर्याप्त लांच सुविधाएं और सीमित पेलोड क्षमता बरकरार हैं। एलवीएम3 लो अर्थ ऑर्बिट तक लगभग 8,000 किलो का भार पहुंचा सकता है। इसलिए भारी सैटेलाइटस को लांच करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय लांचर्स पर निर्भर होना पड़ता है। इससे महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर में कमी जाहिर होती है, विशेषकर इसलिए कि नवआईसी अधूरा है व क्षमता से कम काम कर रहा है। सीमित लांच क्षमता, फिसलती टाइमलाइंस और विदेशी रॉकेट्स पर बढ़ती निर्भरता भारत की स्पेस महत्वकांक्षा और निष्पादन की क्षमता में फासले का विस्तार करती जा रही हैं। इसी वजह से प्राइवेट सेक्टर विकल्पों को आकार दिया जा रहा है। लेकिन घरेलू लांच प्रोवाइडर्स के संदर्भ में नीतियों में सुधार व लफ्फाजी के बावजूद भारतीय स्टार्टअप्स विदेशों की ओर देख रहे हैं। दिगंतारा, पिक्सेल व एक्सडीलिनक्स ने विदेशों में ही लांच किये हैं, स्पेस एक्स रॉकेट्स के जरिये। स्पेस एक्स नेएक साल मेंलगभग उतनेही मिशन लांच कियेहैंजीतने इसरो ने अपनी स्थापना से अब तक किये हैं।

---

**सोशल मीडिया**

महायोगी गुरु श्री गोरख नाथ जी की पावन नगरी में सभ्यता, संस्कृति एवं पुरातन से आधुनिक गोरखपुर तक की यात्रा को समर्पित गोरखनाथ महोत्सव में सम्मिलित हुआ आज। सीएम योगी.



जेपी की जेल डायरी याद दिलाती है-तानाशाही लोकतंत्र स्वांग रचकर आती है, निराशा के दौर गुजर जाते हैं, इतिहास बड़ी कुर्सियों को नहीं बंद कोठरियों में कैद सच दर्ज करता है। योगेन्द्र यादव.



दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से प्रमुख आदिवासी नेता एवं विधायक श्री विजय सिंह गोंड जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी संवेदना। केशव प्रसाद मौर्य.



## क्रोध पर विजय

**अंतर्दृष्टि**

वासना इंसान के लिए ऐसा इन्द्रधनुषी चक्रब्यूह रचती हैं जिससे निकलना आसान नहीं होता है। ये हम अपनी ओर आकर्षित करती हैं, हमारे संकल्पों को कमजोर करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के र ाज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

## पुरस्कार के खरीदार

**व्यंग्यलोक**

आजकल हर चीज के खरीददार मिल जाते हैं। फिर पुरस्कारों को कौन छोड़ता है-जब वे बिना योगदान के मोलभाव के मोल मिलने लगें तो। पुरस्कार साहित्य का है तो और भी सुविधा है। अपना आदमी होना चाहिए। अपना खेमा और अपनी विचारधारा। फिर पुरस्कार चाहे पंद्रह पृष्ठ की बुलेटिन पर देना पड़े, दे दिया जाता है। पुरस्कार के लिए मौलिक साहित्य लेखन भी अब आवश्यक नहीं रह गया। इधर पुस्तक पाठ्यक्रम में छात्रों की दृष्टि से लिखी गयी है। प्रश्न दिये गये हैं। हिन्दी साहित्य का इतिहास लिखा हुआ है और पुरस्कार दिया जा रहा है। किसी विधा में किसी लेखक को ज्यादा मेहनत-मशक्कत अथवा जमने जमाने की जरूरत नहीं है। आप यदि संस्था प्रधान को जानते हैं तो वह पुरस्कार देने में जरा भी देर नहीं करेगा। लेकिन शर्त इतनी-सी है कि आप उनके चिलमगीरों में हो या नहीं, यह देखना आपके हाथ में है। पुरस्कार के लिए किताब मैंने भी भेजी थी, लेकिन मुझे नहीं मिला। मैंने कारणों का पता लगाया तो मालूम हुआ कि मैं अपने आपको लेखक समझता हूँ। अब बताइये कि मैं लेखक हूँ और अपने आपको लेखक समझता हूँ तो इसमें गलत क्या है? फिर लेखक हूँ तभी तो पुरस्कार माँग रहा हूँ। साहित्य का पुरस्कार लेखक ही तो पा सकता है। लेकिन उनका तर्क है कि जिनको उन्होंने पुरस्कार दिया है-सीधे सादे हैं तथा उनमें लेखकीय अस्मिता तनिक भी नहीं है। मैं सोचता ही रह गया कि हद होती है। एक विधा में काम किया, पहचान बनायी और जब पुरस्कार की बारी आयी तो साफ इंकार कर दिया गया है। जिनको पुरस्कार मिला था, वे फूल कर कुप्पा हो गये थे। मैंने कहा-अमाँ यार, सुना है तुम अपने आपको लेखक ही नहीं समझते, वे महिमामंडित हो चुके थे, सो बोले-अजी लेखक नहीं होते तो पुस्कार कैसे मिलता? आपको पता नहीं है क्या, मुझे अभी साहित्य का पुरस्कार मिला है? अरे हाँ भाई, उसी संदर्भ में तो पूछ रहा था। संस्था प्रधान आपको लेखक नहीं मानते। एक हानिरहित जीव मानकर आपको इस पुरस्कार से नवाजा गया है और फिर आपने तो कमाल ही कर दिया भाई, पाठ्य पुस्तक पर ही पुरस्कार मार लिया, यह सब कैसे हुआ? कुछ तो बताओ। मैंने कहा! वे बोले-शर्मा साहब, हमारे कौन-सी पुरस्कार की खाज थी? वे ही बोले-यार, इस वर्ष पुरस्कार ले लो, तो बताओ क्या मना करता क्या? मुँह में आया बताशा कौन छोड़ता है। इसका मतलब आपने चिलम भी नहीं भरी उनकी। उधर यह भी अफवाह है कि आपने उनकी चमचागिरी की थी। देखिये शर्मा जी, अब थोड़ा बहुत तो करना ही पड़ता है। आप यह चमचा और चिलम का प्रयोग कर रहे हैं, यह निहायत ही गलत है। दरअसल एक साथ उठना-बैठना था। विचारधारा के मामले में तो आप जानते ही हैं-मैं जैसी हवा चलती है, विचारधारा वैसी ही बना लेता हूँ।



अशोक गौतम

## जनवरी में, जून जैसे मौसम का मुंबई में करें अहसास



**पर्यटन**

समीर चौधरी

मुंबई के जाड़े बहुत बदनाम हैं। अगर आप इस मायानगरी में रहते हैं तो आपने यह शिकायतें अवश्य सुनी होंगी कि बहुत गर्मी है, उमस है, जनवरी में भी जून का एहसास हो रहा है। यह शहर मौसम आलोचकों से भरा हुआ है, जो अपनी शिकायतें दोहराते हुए थकते नहीं हैं और अपने एजेंडा को आगे बढ़ाते रहते हैं। शायद, आप इनमें से किसी से परिचित भी हों। कृपया उन्हें बता दो कि वह अपनी भ्रमक वाणी पर विराम लगायें। क्यों? मेरा अनुभव है कि मुंबई जाड़ों का परफेक्ट डेस्टिनेशन है। आप चाहे पर्यटक हों या मुंबई में भविष्य में अपना घर बनाने पर विचार कर रहे हों, इस महानगर में जाड़े बिताने से बेहतर कुछ नहीं है। जाड़ों में मुंबई के सम्पूर्ण महत्व को इस छोटे से लेख में समोना संभव नहीं है, लेकिन चंद पैराग्राफ पढ़कर आप मेरी बात से सहमत हो जायेंगे।

'जाड़ों की आलसी सुबह' के बारे में आपने जरूर सुना होगा या अनुभव किया होगा अगर आप उत्तर भारत में रहते हैं। सुबह की ठंड जब बेडरूम में घुसती है तो पांव का जरा सा हिस्सा रजाई से निकलते ही आपको मजबूर करता है कि आप बिस्तर से बाहर न निकलें। आप एक आंख खोलकर खिड़की से छनकर आ रही कमजोर धूप को देखते हैं तो एहसास हो जाता है कि बिस्तर के बाहर गर्माहट नहीं है और टैप के बर्फीले, ठंडे पानी की याद आते ही शरीर में कपकपी छूट जाती है। आप अलार्म को बंद कर देते हैं, तकिया मुंह पर रख लेते हैं, वक्त आगे बढ़ता रहता है और आप बॉस की 11 मिस्ड कॉल्स पर सोते रहते हैं, 2 क्लाइंट मीटिंग्स मिस कर देते हैं और नतीजतन नौकरी से हाथ धो बैठते हैं। मुंबई में ऐसा कभी नहीं होता है। बिना अलार्म के सुबह आपकी आंखें खुल जाती हैं। आपको सिर्फ इतना करना होता है कि एयर कंडीशनर का टाइमर इस तरह सेट करें कि वह पौ फटने पर स्विच-ऑफ हो जाये और आप तुरंत अपने कम्बल से बाहर आकर माथे से पसीना पोंछने लगेंगे। फर्श की ठंडक आपके पैरों को आराम देगी। स्नान यातना नहीं, राहत प्रदान करेगा। आप अपना दिन मौसम की बाधाओं के बिना आरंभ कर सकेंगे। ठंडा मौसम फिटनेस के दीवानों के लिए अभिशाप है। जोड़ों में दर्द होता है, मांसपेशियां अकड़ जाती हैं, पुरानी चोटें टीसने लगती हैं। ठंडे मौसम में वर्कआउट करने या बाहर दौड़ लगाने की इच्छा उड़न छू हो जाती है और आपका हाथ फोन की तरफ बढ़ता है पिज्जा आर्डर करने के लिए। आप अपने स्वास्थ्य लक्ष्य हासिल करने के लिए कटिबद्ध हो सकते हैं, लेकिन जब 20-मिनट का वार्मअप रुटीन शरीर के लिए कठिन हो जाता है तो पक्के इरादे भी ढेर हो जाते हैं। आपको अंदाजा भी नहीं होता कि जाड़े की शाम पाइलेट्स की जगह कब पकौड़ों को समर्पित हो गईं।

मुंबई में ऐसी कोई समस्याएं नहीं हैं। आप पूरे साल एक्सरसाइज कर सकते हैं। धुंध, कोहरा, ठंडी हवाएं- उत्तर भारत की यह चीजें पश्चिमी तट पर किसी को परेशान नहीं करती हैं। मुंबई में तो वार्मअप करने की भी जरूरत नहीं पड़ती, बाई डिफॉल्ट वार्मअप रहते हैं। जब उत्तर भारत रजाई कम्बल में होता है तो मुम्बई में सक्रिय जीवनशैली जारी रहती है। बहुत से लोग शिकायत करते हैं कि मुंबई में रहना बहुत महंगा है, विशेषकर हाउसिंग खर्च। अपार्टमेंट खरीदना लगभग असंभव है और किराये आसमान स्पर्श करते हैं। लेकिन यह लोग उस बचत का जिक्र नहीं करते जिसका अवसर मुंबई में मिलता है- जैसे जाड़े के लिए तो कपड़े खरीदने ही नहीं पड़ते। भारत के अनेक हिस्सों में लोगों को दो वार्डरोब रखने पड़ते हैं। एक लिनन व कॉटन का, जो गर्मियों में इस्तेमाल किया जाता है। दूसरा ऊनी, जैकेट, मफलर, दस्ताने, हैट्स आदि का जो जाड़ों में काम आता है। इस दूसरे वार्डरोब में सालाना खर्च नेफथलीन बॉल्स का भी आता है, जाड़ों के कपड़े गर्मियों में सुरक्षित रखने के लिए। मुंबई में आपका बैंक अकाउंट इन खर्चों से सुरक्षित रहता है। आप सारे जाड़े मुंबई में छुट्टियां मनाएं और एक स्वेटर से अधिक की जरूरत नहीं पड़ेगी, वह भी दुनिया दिखावे के लिए। जाड़ों में पूल व बीच पार्टी करना मुंबई में ही संभव है। अगर आपने गोवा कहा, तो मैंने सुना नहीं। पूल के किनारे बैठकर शेम्पेन पीना और आग के पास बैठकर वाइन सिप करने में बहुत अंतर है। शाम के वक्त रजाई में लिपटकर कमरे में बैठने से कहीं बेहतर है कि चैपाटी पर घूमा जाये। दिल्ली में जब लोग हीटर पर हाथ तापते हैं तो मुंबई में जूहू बीच पर टी-शर्ट पहनकर कालाखट्टा आइस-गोला खाने का आनंद ही कुछ और है।

## आप की बात

### युवाओं को मौका दें पार्टियां

पार्टियें बाते बहुत करती हैं लेकिन जब युवाओं को आगे करने की बात होती है, मुकर जाती हैं। जब पार्टी संगठन, पार्टी प्रत्याशियों की सूची और सियासी पदों पर काबिज लोगों की उम्र देखते हैं, तो वहां साठ, सत्तर और अस्सी वाले बड़ी ही मजबूती के साथ कुर्सी पर जमे हैं। कुर्सी के साथ उम्रदराज नेताओं का प्रेम बढ़ता ही जाता है। ऐसे में अगर युवा राजनीति में आना चाहें, आगे बढ़ना चाहें या राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहें, तो कहां दे डालें। क्या हमारे सियासतदानों ने उनके लिए जगह छोड़ी है? ऐसे समय जब राजनीति में उम्रदराज लोगों की संख्या अधिक है, लोकसभा, राज्यसभा और मंत्रिपरिषद के सदस्यों की औसत आयु भी बहुत अधिक है। तब भारतीय जनता पार्टी में इस बात पर मंथन होना कि आजादी के अमृत काल में कैसे लोकसभा में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाये, कैसे अधिक से अधिक युवाओं को टिकट दिया जाये और बार-बार एक ही लोगों को टिकट देते रहने के बजाय पार्टी नये सदस्यों को मौका दिया जाये, यह स्वागत का विषय है। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में शासक दल है। ऐसे में पार्टी का यह दायित्व बनता है कि वह पार्टी संगठन, चुनावी रणनीतियों और सियासी व्यस्तताओं से कुछ समय निकालकर राजनीति के सैद्धान्तिक मुद्दों पर भी विमर्श करे। यह अच्छी बात है कि भाजपा एक ऐसे मुद्दे पर चर्चा कर रही है, जो न सिर्फ समय की जरूरत है बल्कि बहुप्रतीक्षित भी है। संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को मौका देने, जैसे मुद्दे ऐसे हैं जिन पर अगर ईमानदारी से काम किया जाये तो राजनीति में जो युवा आगे आयेंगे वे दरअसल 'अपने कर्म और विचार में ताजा हवा के झोंका की तरह होंगे।' ऐसी खबरें मीडिया में चल रही हैं कि भाजपा युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए 150 नये चेहरों को मौका देगी। यह भी किएक व्यक्ति को दो-तीन बार से ज्यादा मौका नहीं दिया जायेगा। दो-तीन बार टिकट देने के बाद उनकी सेवाएं पार्टी संगठन में ली जायेंगी और उस स्थान पर नये लोगों का मौका दिया जायेगा। इसी तरह राज्यसभा में किसी व्यक्ति को अधिकतम दो बार मौका दिया जायेगा। यह विचार नया है और इसे पार्टी को आगे बढ़ाना चाहिए।

**जय प्रकाश श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### धरती को बचाने की पहल

धरती को बचाने के लिए अब हमे ठेस पहल करनी होगी। सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। हमे अपने प्रयासों को और तेज गति से आगे बढ़ाना होगा ताकि ग्लोबल वार्मिग के भयानक संकट से दुनिया बच जाये।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## पुलिया निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करायें : जिलाधिकारी



बहराइच । बहराइच-गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत इन्दिरा स्टेडियम के निकट निमार्णाधीन पुलिया का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। कार्यस्थल के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने लो.नि.वि. तथा सम्बन्धित ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य के कारण आमजनमानस को हो रही असुविधा को देखते हुए निर्माण कार्य को शीघ्र से शीघ्र पूर्ण कराएं। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि निर्माण स्थल पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि आमजन को कम से कम असुविधा हो तथा यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे। निरीक्षण के समय अधि.अभि. लो.नि.वि. अमर सिंह ने बताया कि बहराइच-गोण्डा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित पुलिया को 7.50 मीटर से बढ़ाकर 15 मीटर किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि पुलिया निर्माण को शीघ्र ही पूरा करा दिया जायेगा ताकि आमजनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये।

## एसपी ने सुनी फरियाद



बहराइच । पुलिस अधीक्षक द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## विधायक ने 36 दिव्यांगों को बांटी ट्राई साइकिल

अयोध्या। रूदौली विधायक रामचंद्र यादव ने मंगलवार को विकासखंड परिसर रूदौली में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के तत्वाधान में 36 ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। विधायक जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग है और उनकी सुविधा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना सरकार के प्राथमिकता है। ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांग जनों को आवागमन में सुविधा होगी तथा वह दैनिक कार्य अधिक सहजता से कर सकेंगे। विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसका लाभ पात्र व्यक्तियों तक निरंतर पहुंचा जा रहा है और आज कार्यक्रम में भी 15 दिव्यांगजनों का विभिन्न उपकरणों हेतु चिन्हांकन किया गया, जिनको शीघ्र सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी रूदौली, सहायक विकास अधिकारी, स०क० रुदौली, विकासखंड व दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीडीए कांवर यात्रा का किया गया स्वागत

सोहावल-अयोध्या। अम्बेडकर नगर टांडा से चलकर पीडीए कांवर यात्रियों का जत्था बसहा चैराहा पहुंचा। यहां पर उनका स्वागत सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप ने किया। कांवड़ यात्री अजय यादव, पंकज निराला और मुकेश कुमार का स्वागत करते हुए अनूप ने कहा कि आने वाली 2027 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार आ रही है और जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बन जाएंगे तो उत्तर प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। भाजपा की सरकार में किसान, नौजवान, गरीब, मजलूम, व्यापारी व समाज के सभी वर्ग परेशान हैं। कांवर यात्रियों ने कहा कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के लिए निकाली गई। यह पैदल यात्रा लखनऊ पार्टी कार्यालय तक जायेगी ।यहां पर चंचल शर्मा, गुलशन यादव, मुकेश सेन, भानु प्रताप सिंह, प्रदीप कुमार, दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# कृषि विवि में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

## 1100 लाख की सड़क, चंद माह में उखड़ी परत



**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज एक बार फिर सवालों के कठघरे में है जहां करोड़ों रुपये की लागत से बनी विश्वविद्यालय की मुख्य सड़कनिर्माण के कुछ ही महीनों बाद उखड़ने लगी है, जिससे कार्य की गुणवत्ता और धन के उपयोग पर गंभीर संदेह उत्पन्न हो गया है।

विश्वविद्यालय के गेट नंबर-1से प्रशासनिक भवन एवं आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा तक बने मुख्य मार्ग की स्थिति चिंताजनक है। सड़क पर जगह-जगह पैचवर्क और मरम्मत की पट्टियां साफ दिखाई देती हैं। महज लगभग 600 मीटर की दूरी में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर उखड़ी सड़क यह बताने के लिए काफी है कि निर्माण कार्य कितना टिकाऊ रहा होगा। विश्वविद्यालय परिसर की आंतरिक सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए बीते वर्ष 2025 में करीब 1100 लाख रुपये खर्च किए जाने का दावा किया गया था। इस संबंध में आधिकारिक जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा बीते अक्टूबर माह में आयोजित 27वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर जारी कुलपति प्रतिवेदन में भी दर्ज है। इतनी बड़ी धनराशि खर्च होने के बाद बाद भी मुख्य सड़क का तेजी से क्षतिग्रस्त होना, निर्माण एजेंसी और विश्वविद्यालय प्रशासन दोनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। नैक मूल्यांकन के दौरान उपलब्ध कराई गई धनराशि का समुचित उपयोग नहीं किया गया। मूल्यांकन समाप्त होते ही सड़क की परतें उखड़ने लगीं और अब यह मार्ग बदहाली का प्रतीक बनता जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन इस पूरे प्रकरण पर मौन साधे हुए है। वहीं विश्वविद्यालय सूत्रों का कहना है कि करीब दो माह पूर्व परिसर आई एग्रीकल्चर ऑडिट टीम ने भी सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर आपत्ति जताई थी,लेकिन कथित तौर पर उन आपत्तियों को गंभीरता से नहीं लिया गया। नतीजतन करोड़ों रुपये खर्च के बावजूद सड़क की यह दुर्दशा विश्वविद्यालय की पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास कार्यों की गुणवत्ता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती है। देखना यह है कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या पूर्व की भांति यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद अयोध्या में जिला उद्योग प्रोत्साहन और उधमिता विकास केंद्र द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 17 दिसंबर 2025 को किया गया था। योजना के अंतर्गत जनपद अयोध्या में विभिन्न ट्रेड से जुड़े 1125 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका संचालन यू.पी. इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड (यूपीकॉन) द्वारा किया जा रहा था।इस कार्यक्रम का संचालन यूपीकॉन के जनपद सयोजक आशुतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आए हुए मुख्य अतिथि उद्योग उपायुक्त अमरेश कुमार पाण्डेय का बुके देकर भव्य स्वागत किया।वही कार्यक्रम का समापन उद्योग उपायुक्त अमरेश कुमार पाण्डेय द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया, जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।वही कार्यक्रम के सयोजक आशुतोष सिंह का कहना है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शिल्पकारों व उधमिओ को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना था जिससे लोकल फॉर वोकल को बड़ावा मिल सके।

## विभिन्न ट्रेड से जुड़े 1125 लाभार्थियों को दिया गया प्रशिक्षण

अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद अयोध्या में जिला उद्योग प्रोत्साहन और उधमिता विकास केंद्र द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जो 17 दिसंबर को किया गया था। योजना के अंतर्गत जनपद अयोध्या में विभिन्न ट्रेड से जुड़े 1125 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसका संचालन यू.पी. इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड (यूपीकॉन) द्वारा किया जा रहा था।इस कार्यक्रम का संचालन यूपीकॉन के जनपद सयोजक आशुतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आए हुए मुख्य अतिथि उद्योग उपायुक्त अमरेश कुमार पाण्डेय का बुके देकर भव्य स्वागत किया। वही कार्यक्रम का समापन उद्योग उपायुक्त अमरेश कुमार पाण्डेय द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया, जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारी व बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।वही कार्यक्रम के सयोजक आशुतोष सिंह का कहना है कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शिल्पकारों व उद्यमिओ को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है।

## ओवरलोडिंग और क्षमता से अधिक सवारी भरी बसों पर कार्यवाही, 8 चालान



बाराबंकी। रोड सेफ्टी नियमों के पालन, ओवरलोडिंग रोकने और जागरूकता बढ़ाने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत प्रवर्तन टीमो द्वारा क्षमता से अधिक सवारी भरी बसों, ओवरलोड़िग, रेटो रिफ्लेक्टर टेप के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर चालान और जुमार्ना लगाया जा रहा है। आज मंगलवार को 8 से 14 जनवरी तक शुरू किये गये विशेष चेकिंग आपरेशन के अन्तर्गत यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर ओवरलोड़िग, रेटो रिफ्लेक्टर टेप व क्षमता से अधिक सवारी भरी बसो के खिलाफ कार्यवाही कर 8 वाहनो के चालान किये। तथा जागरुकता पम्पलेट बांटे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज ओवरलोड़िग, रेटो रिफ्लेक्टर टेप व सवारी बसो मे क्षमता से अधिक यात्री ढ़ोने वालो के विरुद्ध कार्यवाही कर 8 वाहनो के चालान किये गये। तथा जागरुकता पम्पलेट बांटकर नियमो के बारे में जागरूक किया गया।

## कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह सम्पन्न, 22 प्रतिभाएं सम्मानित



बाराबंकी। कमला नारायण ट्रस्ट द्वारा मयूर विहार कॉलोनी में कवि सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने किया। जिसकी अध्यक्षता राजीव वर्मा ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख श्री वर्मा ने कहा कि साहित्य को जीवंत बनाये रखना समाज के जागरूक लोगों का काम है। कार्यक्रम मे डॉ कुमार पुष्पेन्द्र, किरण भारद्वाज, हास्य-व्यंग्य कवि प्रदीप महाजन, डॉ0 ओ पी वर्मा ओम, अजय प्रधान, कवयित्री डॉ सत्या सिंह, गीतकार प्रदीप सारंग आदि ने अपनी रचनाये प्रस्तुत किये। कार्यक्रम मे विधान परिषद सदस्य अवनीश पटेल और विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकताओं को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया। समारोह में सुधीर कुमार वर्मा, ज्ञान सिंह पटेल, संजय सिंह, सुनील कुमार मौर्य, कुलदीप मिश्रा, सुनील सहारा, धर्मेन्द्र पटेल, सदानन्द वर्मा, अनिल कुमार वर्मा मौजूद रहे।

## चौक-देवकाली मार्ग बन्द करना नागरिक अधिकारों का हनन: सूर्यकांत पाण्डेय

**अयोध्या।** प्रत्येक बृहस्पतिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा चैक-देवकाली मार्ग को बन्द किए जाना नागरिक अधिकारों का हनन है साथ ही गुलाबबाड़ी मैदान में साप्ताहिक बाजार को संरक्षित करने के लिए प्रशासन का यह कदम अमानवीय है। उक्त आरोप मंगलवार को अवंतिका सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अशफाक उल्ला खा मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के निदेशक सूर्य कान्त पाण्डेय ने लगाया। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट को आयुक्त को सम्बोधित ज्ञापन भी सौंपा है जिसमें उन्होंने कहा है कि नगर के प्रमुख चैराहा रीडगंज से देवकाली जाने वाला मार्ग शहर का प्रमुख मार्ग है। साप्ताहिक बाजार के दिन इस मार्ग पर दोनो तरफ से बंद करके मार्ग बंद किया जाता है। इस मार्ग पर अनेक महत्वपूर्ण अस्पताल बाजार तथा आफिस है। यह मार्ग अति महत्वपूर्ण है। इससे लोगों को भारी परेशानी होती है। इस सबंध में उन्होंने मांग की है कि रीडगंज देवकाली मार्ग को आवाध चालू रखने का निर्देश दिया जाय। गुलाबबाड़ी मैदान के उपयोग हेतु नजूल विभाग से किराया देकर आरक्षित कराने का नियम है। इस मैदान मे वर्षो से भवन निर्माण सामाग्री भारी मात्रा में एकत्रित है। मैदान में अवैध रूप से पार्किंग करके दर्जनों बसें खड़ी रहती है। इसके जिम्मेदारों पर कार्यवाही की जाय। मैदान में जाड़े के कपड़ो की दर्जनों दुकानो किसकी इजाजत से लगती है। जांच कर कार्यवाही की जाय। उक्त मैदान को सुरक्षित कर नगर के युवको के लिए मिनी स्टेडियम बनाया जाय। श्री पाण्डे ने कहा कि यदि इसबार जिला प्रशासन ने चैक-देवकाली मार्ग को बृहस्पतिवार को खुला नहीं रखा तो वह धरना देने के लिए बाध्य होंगे।

## बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग



मिल्कीपुर-अयोध्या। पूर्व अपर परिवहन आयुक्त एवं एवं भाजपा नेता मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से भावी विधानसभा प्रत्याशी के रूप में चर्चित सुरेंद्र कुमार रावत ने मंगलवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव गृह एवं अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने संजय प्रसाद को उनके हालिया अपर मुख्य सचिव पद पर प्रोन्नति की हार्दिक बधाई दी और क्षेत्रीय विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान सुरेंद्र कुमार रावत ने विशेष रूप से आगामी बोर्ड परीक्षाओं का जिक्र करते हुए मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं नजदीक हैं और इस संवेदनशील समय में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बिजली कटौती जैसी समस्या से जूझना न पड़े। निर्बाध बिजली आपूर्ति से न केवल परीक्षा की तैयारी में सहायता मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के निवासियों को भी रोजमर्रा की जिंदगी में बड़ी राहत प्राप्त होगी।सुरेंद्र कुमार रावत ने संजय प्रसाद से अनुरोध किया कि इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि मिल्कीपुर के लोगों को बिजली संबंधी परेशानियों से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा, ॠमिल्कीपुर क्षेत्र के विकास और निवासियों की सुविधा मेरी प्राथमिकता है। बोर्ड परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण समय में बिजली व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए। संजय प्रसाद ने मुलाकात के दौरान सुरेंद्र कुमार रावत की शुभकामनाओं का स्वागत किया और क्षेत्रीय समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब सुरेंद्र कुमार रावत मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रूप से जनसंपर्क बढ़ा रहे हैं और आने वाले समय में राजनीतिक भूमिका को लेकर चचाएं तेज हैं।

## डीएम ने की विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक



बाराबंकी। कलेक्टेज्ट स्थित डीआरडीए सभागार मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विद्युत विभाग की आपूर्ति व्यवस्था, बिलिंग प्रणाली, सुरक्षा मानकों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित विद्युत कार्यों की समीक्षा की। बैठक मे जिलाधिकारी ने मीटर रीडिंग अनिवार्य रूप से घर-घर जाकर किये जाने जिससे त्रुटिपूर्ण बिलिंग की स्थिति उत्पन्न न हो, बलिंग प्रतिशत निर्धारित मानक के अनुरूप बनाने, ढीले एवं जर्जर विद्युत तारों पर सतत निगरानी रख किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करने, विद्यालयों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर शिफ्ट कराने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। अधिकारियो द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-अयोध्या के संबंध में जिलाधिकारी को जानकारी देते हुये बताया कि मार्ग पर स्थित पुलों पर लगी स्ट्रीट लाइट के पोलों का विद्युत कनेक्शन कर उनका ऊर्जीकरण पूर्ण कर दिया गया है। जिसके फलस्वरूप सभी स्ट्रीट लाइटें वर्तमान में प्रकाशमान हो चुकी हैं। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत राजबाला, अधिशासी अभियन्ता विद्युत घनश्याम त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## आदर्श समाज सेवा समिति पदाधिकारियों ने दी नव वर्ष की शुभकामनायें




रुपईडीहा बहराइच। आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा के नेतृत्व मे समिति पदाधिकारियों ने मंगलवार को खंड विकास अधिकारी नवाबगंज डॉ राहुल पाण्डेय, एडीओ पंचायत विकास अवस्थी और सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नववर्ष 2026 की शुभकामनायें दिया। समिति पदाधिकारियों ने बीडीओ व एडीओ पंचायत नवाबगंज से उनके कार्यालय मे भेंट कर उन्हें समिति की डायरी पेन व कैलेंडर भेंट कर नववर्ष की शुभकामनायें दीं वहीं समिति कार्यालय बाबागंज पर सीडीपीओ नवाबगंज संजय सचान को नववर्ष व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कैलेंडर व डायरी पेन भेंट किया। इस दौरान बीडीओ नवाबगंज श्री पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए नये साल की शुभकामनाओं के लिए उपस्थिति पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीडीओ श्री पाण्डेय ने कहा कि नववर्ष नई ऊर्जा, नया संकल्प और नए अवसर लेकर आता है। उन्होंने कहा कि मजबूत प्रतिबद्धता और सकारात्मक सोच के साथ सभी क्षेत्रवासी विकास खंड नवाबगंज के सर्वांगीण विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इसके अतिरिक्त बाबागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवेश शुक्ला को भी समिति पदाधिकारियों द्वारा डायरी कैलेंडर भेंट कर नववर्ष की शुभकामनायें दी गई।इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद गिरि, अरविन्द वर्मा, बद्री सिंह, अरुण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम, शाहिद हुसैन आदि उपस्थिति रहे।

## मोदी सरकार कर रही देश को गुमराहः तनुज पुनिया



बाराबंकी। मनरेगा के नाम बदले जाने के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर छाया चैराहा चहलारी नरेश प्रतिमा के समक्ष जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में एक दिवसीय उपवास रख प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि राम के नाम पर वर्तमान मोदी सरकार देश को गुमराह कर रही है। आज देश में सिर्फ नफरत का माहौल बना हुआ है। देश को आजादी दिलाने वाले अहिंसा वादी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना का नाम बदलकर किसानों मजदूरों, मजलूमों के अधिकरों का हनन कर रही है। जिसमें उनके तमाम अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। सांसद श्री पुनिया ने कहा कि अधिकारों की जब तक संवैधानिक रूप से बहाली नही होती। तब तक कांग्रेस पार्टी वर्तमान सरकार की नीतियों का विरोध करती रहेगी। प्रदर्शन करने वालो मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, सरजू शर्मा, मोहम्मद इरफान कुरैशी, के0सी श्रीवास्तव, सिकन्दर अब्बास रिजवी, मोईनुद्दीन अंसारी, सना चैधरी, सन्तशरण वर्मा, आरिफ करपिया, जसवन्त वर्मा, विजय बहादुर वर्मा, नेकचनद्र त्रिपाठी, कौशल किशोर वर्मा मौजूद रहे।

## स्वदेशी हस्तशिल्प एंव हैण्ड़लूम मेला मे स्थानीय कला, रोजगार को मिल रहा प्रोत्साहन



बाराबंकी। बाराबंकी महोत्सव 2026 के अन्तर्गत जीआईसी मैदान मे चल रहे स्वदेशी हस्तशिल्प एंव हैण्ड़लूम मेला मे बेहतरीन किस्म की हाथ से बनी कलाकृतियों सहित आटिफिशनल ज्वैलरी, होम डोकरेट सामानो के स्टाल लोगो को आकर्षित कर रहा है। तो वही लोग बड़े ही चाव से पाव भाजी, स्वीट कार्न, बर्गर, चाउमीन व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे है। आयोजक व समाजसेवी मो सलमान सल्लू ने बताया कि मेले में फर्नीचर, घर सजावट की चीजें, गर्म कपड़े, ऑर्गेनिक बॉडी केयर प्रॉडक्ट्स, पत्थर और धातुओं की बनी कलाकृतियां, एक्सेसरीज और गिफ्ट आइटम्स, ज्वेलरी, जूट क्राफ्ट एवं हैंड प्रिंटेड टेक्सटाइल्स सहित प्लास्टिक व खिलौने की हर एक माल 100, 60, 20, 10 स्टालो पर सामान उपलब्ध हैं। मेला में मुख्य आकर्षण खादी ग्रामोद्योग के वस्त्र, वूलेन व आर्टिफिशियल ज्वेलर्स पर लोगों की अधिक भीड़ उमड़ रही है। आयोजक श्री सल्लू ने बताया कि भारतीय हस्तकला और हस्तशिल्प उद्योग को और मजबूत करने की बहुत बड़ी पहल है। जो भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो रहा है। बाजार में देश के सभी प्रान्तों के उत्कृष्ट शिल्पकारों, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय शिल्पकारों द्वारा स्टाल लगाये गये है।

## बहराइच योद्धा ने 6 विकेट से जीता मुकाबला



बहराइच। स्वर्गीय कुशमेंन्द्र सिंह राणा की स्मृति में खेला जा रहा ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में आज का मुकाबला बहराइच योद्धा एवं बहराइच नवाब के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास मिश्रा मौजूद रहे ।मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच योद्धा के कप्तान आयुष्मान पांडे ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नवाब के बल्लेबाजों ने निर्धारित 22 ओवरों के इस मुकाबले में पांच विकेट के नुकसान पर 171 रन बनाए। नवाब की तरफ से शाद अहमद ने 54 एवं ताहा आबिदी ने 32 रनों का योगदान दिया। योद्धा की तरफ से आयुष्मान पांडे ने तीन एवं रेहान ने दो विकेट अपने नाम किए । 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बहराइच योद्धा के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की। अमन पासवान ने 59 एवं कुलदीप पांडे ने नाबाद 54 रनों की पारी खेली। बहराइच नवाब की तरफ से ताहा ने दो, सम्राट एवं संभव ने 1-1 विकेट अपने नाम किये। बहराइच योद्धा ने 17वें ओवर में 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत अमन पासवान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया ।या। शाद को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया ।मैच में अंपायरिंग की भूमिका आतिफ खान एवं अखिल अहमद ने निभाई ।स्कोरर की भूमिका में यश चौरसिया मौजूद रहे ।आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस दौरान सुनील राय, रामानंद सिंह, शानू खान,विजय शंकर , देवाशीष राय आयुष चित्रांश, कार्तिकेय सिंह, आशुतोष कैराती,सारिक एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद और महर्षि महेश योगी की जयंती मनी

**बहराइच।** नगर के किसान महाविद्यालय स्थित महाराणा प्रताप छात्रावास प्रांगण में स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती पर गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब मस्तिष्क रीचार्ज करना हो स्वामी विवेकानंद व महर्षि योगी को पढ़ो आज के विद्यार्थियों को अपने जीवन में स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को जब भी जीवन में निराशा हो तो उनको स्वामी विवेकानंद के विचारों को ध्यान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दोंनो विभूतियों ने यही सिखाया है कि हम अपने कामों में पूरी ईमानदारी बरतें, अगर हमें पढ़ाई करनी है तो इसका दिखावा न करके केवल पढ़ायी ही करनी है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी राहुल जी की विशिष्ट उपस्थिति रही जो विभाग के विमर्श प्रमुख भी हैं तथा बड़ी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं से संवाद किया। उन्होंनें बच्चों से संवाद में पूछा कि क्या उन्हें विवेकानंद और उनके जीवन से जुड़े प्रमुख पहलू याद हैं। उन्होने कहा कि जब हमारा मोबाइल डिस्चार्ज हो जाता है तो हम उसे चार्ज कर लेते हैं लेकिन जब हमारा मस्तिष्क थक जाये तो हमें विवेकानंद, महर्षि योगी और साहित्यकारों को पढ़कर अपना दिमाग चार्ज करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमें ऐसी महान विभूतियों को सम्मानित करने का मौका दे रहा है यह हमारे लिये गौरव का पल है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं संघ का उद्देश्य ऐसी विभूतियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का है जिन्होंने हमारे समाज को दुनिया में ख्याति दिलायी है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद और महर्षि महेश योगी ने हमारे समाज ने बहुत कुछ दिया है, हमें हमेशा उनका कृतज्ञ होना चाहिए। स्वामी जी ने विदेशों में ख्याति फैलायी इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रवीण सिंह (जिला महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्य प्रमुख),लवकुश, आशुतोष, रमन, अतुल, दीपेश सहित अन्य विद्यार्थियों ने विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में नगर विस्तारक अभिषेक जी की भी उपस्थिति रही। गोष्ठी का उद्देश्य युवाओं में स्वामी विवेकानंद के विचारों के माध्यम से आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव का संचार करना रहा।

## कल होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

बहराइच । उत्तर प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को विश्व पटल पर अंकित करने और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 10 से 15 जनवरी 2026 तक उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति, हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि संस्कृति उत्सव 2025-26ॠ अन्तर्गत तहसील स्तर पर चयनित प्रतिभागियों के लिए 14 जनवरी को होगी।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत



बाराबंकी। अवध प्रांत से चल उ0प्र0 एवं उत्तराखंड को जाने वाली 32 सौ किलो मीटर की स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत संघर्ष वाहिनी प्रमुख अवध प्रांत विश्वजीत शर्मा के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने किया। यात्रा क्षेत्रीय संयोजक अनुपम श्रीवास्तव के नेतृत्व में 40 जिलों में पहुंच स्वदेशी वस्तुएं अधिकाधिक प्रयोग करने, विदेशी वस्तुओं का त्याग कर देश की अर्थव्यवस्था में देश के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जागरुक करेगी। स्वागत करने वालो मे सह संयोजक नरेंद्र पांडे, मनोज राजपूत, महेंद्र सिंह, जिला बार कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला, अशोक द्विवेदी, रामनारायण मिश्र, राहुल वर्मा, नवनीत वर्मा, प्रमोद कनौजिया, हिमांशु शर्मा, राजेश यादव, अनिल मिश्रा, मायाराम मौजूद रहे।

संक्षेप

## पांच वारंटी गिरफ्तार

**अमेठी।** एसपी के निर्देशन में, जनपद में वांछित वारण्टी की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 182/20 धारा 147, 325, 323, 504, 506 भादवि से संबन्धित 3 वारण्टी .राजकुमार पुत्र रामदास, 2.सुरेश पुत्र राम सेवक,राम केशव पुत्र जोधे निवासीगण पूरे मोहनी मजरे बसन्तपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी, वाद सं0 12210/19 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी सियाराम पुत्र राम प्रसाद निवासी तोतानगर मजरे जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी व वाद संख्या 1976/13 धारा 498ए, 323, 504, 506 भादवि व ३ डीपी एक्ट से संबंधित वारण्टी राम बरन पुत्र राम लखन निवासी राजापुर हलीम मजरे अकबरपुर फर्सी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

## राम ने खाए माता शबरी के जूठे बेर



**नसीराबाद, रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के ग्राम पंचायत कुढ़ा बाजार में चल रही श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अयोध्या धाम से पधारे कथा वाचक कृष्णानंद शास्त्री गर्ग जी महाराज ने राम वनगमन, भक्त निषाद राज से संवाद, सीता हरण, माता शबरी की कुटिया में भगवान श्रीराम के पधारने का रोचक प्रसंग सुनाया। माता शबरी के प्रेम सने जूठे बेर के प्रसंग को सुनकर भक्तों के आंसू छलक पड़े। मुख्य यजमान अयोध्या प्रसाद अग्रहरि, सुशीला अग्रहरि, पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह, शोभाराम, अग्रहरि, राम राज अग्रहरि सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा सुनकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## चार वर्षीय मासूम सड़क दुर्घटना में घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** खिचड़ी का त्योहार मनाने मामा के घर जा रहा चार वर्षीय मासूम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे की नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। क्षेत्र के पूरे रानी मजरे ओथी गांव निवासी नीलम अपने भाई मुकेश के साथ मोटरसाइकिल से मायके चंदापुर के बगहा गांव जा रही थीं। नीलम के साथ उनका चार वर्षीय बेटा अक्षत भी था। जैसे ही उनकी बाइक पूरे सधई गांव के पास निमार्णाधीन पुल के पास पहुँची, अचानक एक वनरोज सामने आ गया। रफ्तार में होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर वनरोज से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर बैठा मासूम अक्षत छिटक कर दूर जा गिरा। अक्षत के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। वहीं हादसे में बाइक चालक मुकेश को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों को सीएचसी पहुँचाया। जहां चिकित्सकों ने अक्षत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उसे एम्स अस्पताल के लिए रेफर किया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## खिड़की तोड़कर चोरी जांच में जुटी पुलिस

**शाहगढ़, अमेठी।** विकासखंड क्षेत्र के बाजार में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीती रात खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए चोरों ने अस्पताल में रखा कुर्सी डस्टबिन बर्तन , स्टूल आदि उपयोगी सामान चुरा ले जाने में सफल रहे । मामले की सूचना अस्पताल के फार्मासिस्ट अनिल जायसवाल ने 112 पर दी जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल कर हकीकत जानने की कोशिश की । इस संबंध में थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह भवन अस्पताल का जर्जर हो चुका है खिड़की दरवाजे टूटे हैं जिसके चलते शराबी किस्म के लोगों ने यह शरारत की होगी और अंदर दाखिल होकर जो सामान पड़ा था उसको चुरा ले गए हैं फिलहाल खबर लिखे जाने तक कोई भी तहरीर नहीं प्राप्त हुई है तहरीर मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# अदिति सिंह ने शीतलहर प्रभावितों में बांटे कंबल

## जरूरतमंद परिवारों से किया आत्मीय संवाद



**रायबरेली।** जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण शीतलहर ने आमजन का जीवन काफी प्रभावित किया है। ऐसे में सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आईं।

विधायक अदिति सिंह ने सदर विस क्षेत्र के मथुरा का पुरवा, सूबेदार का पुरवा एवं जैतूपुर क्षेत्रों का दौरा किया। यहां उन्होंने शीतलहर से सबसे अधिक प्रभावित हुए गरीब परिवारों को गर्म कंबल वितरित किए। कंबल वितरण के दौरान उन्होंने व्यक्तिगत रूप से परिवारों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और आत्मीय संवाद किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सर्दी के इस मौसम में गरीब परिवारों को गर्म कपड़ों और कंबलों की बहुत जरूरत होती है। हमारी सरकार और पार्टी की ओर से जनसेवा का यह छोटा-सा प्रयास है, लेकिन इससे जरूरतमंदों को राहत मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की मानवीय पहल के माध्यम से करुणा, संवेदना और जनसेवा के प्रति अपना संकल्प और भी मजबूत होता है।यह कार्यक्रम क्षेत्र के स्थानीय निवासियों के बीच काफी सराहा गया। लोगों ने विधायक अदिति सिंह की इस पहल की जमकर प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने न केवल कंबल बांटे, बल्कि हर परिवार के साथ बैठकर उनकी बात सुनी, जो आज के दौर में बहुत बड़ी बात है। विधायक अदिति सिंह निरंतर अपने क्षेत्र में इस तरह के सामाजिक कार्यों के माध्यम से जनता के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। शीतलहर के दौरान की गई यह पहल उनके जनसेवा के प्रति समर्पण को एक बार फिर प्रमाणित करती है।

### समाचार पत्र वितरकों को एसडीएम ने कम्बल बांटे

**सलोन, रायबरेली।** तहसील परिसर में क्षेत्र के समाचार पत्र वितरकों को एसडीएम ने कम्बल का वितरण किया। समाचार पत्र हाकर मो.अफसार, दिनेश अग्रहरि, मनोजकुमार, श्याम बहादुर , उमाकांत, देशराज, अशोक, केशलाल, विपुल कुमार, राम मनोहर, संदीप, बबलू समेत लगभग डेढ़ दर्जन हाकरों को कम्बल का वितरण किया गया। एसडीएम चन्द्र प्रकाश गौतम ने कहा कि इस कड़ाके की सर्दी में जहां सभी लोग अपने घरों में रजाई व कम्बल में सोते रहते हैं। वहीं सलोन कस्बे के सभी समाचार हाकर प्रात उठकर लोगों के घरों में अखबारों का वितरण करते हैं। इस कड़ाके की ठंड में वह लोगों को घरों में देश-विदेश व स्थानीय खबरों को पढ़ाते हैं।

# निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप दो नवजातों की मौत से परिजनों में आक्रोश

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा थाना क्षेत्र के सराय कल्याण गांव निवासी संदीप उमर वैश्य ने सहारा बाल चिकित्सालय एक निजी अस्पताल पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि चांदा कस्बा में स्थित बाल सहारा चिकित्सालय में दो सप्ताह के भीतर इलाज के दौरान जुड़वां नवजातों की मौत हो गई, जिससे परिजनों में भारी आक्रोश है। दौरान मौत का शिकार हो गया। पीड़ित ने बताया कि इलाज के नाम पर अस्पताल द्वारा करीब एक लाख पचास हजार रुपये की धनराशि वसूल की गई, जिसके बावजूद बच्चों को उचित उपचार नहीं मिल सका। परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन ने न तो समय पर विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध कराए और न ही गंभीर स्थिति की सही जानकारी दी। इस मामले को लेकर घर वालो में रोष व्याप्त है। परिजनों व



पीड़ित के अनुसार 27 दिसंबर 2025 को उनकी पत्नी ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था। दोनों नवजातों को इलाज के लिए आकाश मिश्रा, ग्राम पी.पी. कमैचा के संरक्षण में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जो कि अस्पताल कर्मियों की लापरवाही के चलते पहला नवजात कुछ ही दिनों में दम तोड़ दिया था।, जबकि दूसरा नवजात 13 जनवरी 2026 को इलाज के लिए लाए थे। 4 घण्टे से इलाज के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से निजी अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं शिकायतकर्ता ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाता है और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# कंबल वितरण कार्यक्रम में असहाय व गरीबों को राहत



**जगदीशपुर, अमेठी।** मकर संक्रांति से एक दिन पूर्व कंबल वितरण एव खिचडी भोज का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे दिग्गज नेताओं का जमावडा लगकर राजनीति पर हुई चर्चाए। विकास खंड के अंतर्गत जगदीशपुर स्थित रामलीला मैदान मे मंगलवार को कंबल वितरण एवं खिचडी भोज कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य सोनू यज्ञसैनी रहे।यह कार्यक्रम इनकी माता की पूर्णतीथि के अवसर पर संपन्न हुआ जिसमे आए हुए दिग्गज नेताओं ने अपने-अपने संबोधन के दौरान राजनीति पर गहरी चर्चा करते हुए सनातन धर्म को कायम रखने पर जोर दिया। बताते चलें कि कंबल वितरण तब हुआ जब शीतलहरी की विदाई होने का समय आ गया फिलहाल गरीबो को कंबल बांटना यह महान पूर्ण का कार्य है लोग ही गरीबो के दुख दर्द के लिए आगे आते हैं। इस अवसर पर सूबे के स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश चंद्र शर्मा प्रभारी मंत्री, ब्लॉक प्रमुख तिलोई मुन्ना सिंह, राजेश विक्रम सिंह, पूर्व विधायक तेजभान सिंह, आलोक तिवारी प्रदीप सिंह थौरी, घनश्याम चौरसिया, अशोक मौर्या समेत तमाम जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मानकों पर खरा, फिर भी नगर पंचायत से वंचित शुकुल बाजार, वर्षों से अटकी फाइल

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और जनसंख्या जैसे सभी निर्धारित मानकों को पूरा करने के बावजूद शुकुल बाजार कस्बे को अब तक नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिल सका है। पिछले कई वर्षों से यह मामला शासन स्तर पर लंबित पड़ा है। प्रस्ताव और रिपोर्ट भेजे जाने के बाद भी कोई ठोस निर्णय न होने से क्षेत्रीय लोगों में निराशा और असंतोष बढ़ता जा रहा है। शुकुल बाजार में इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज, अस्पताल, बैंक, व्यस्त बाजार और मानक से अधिक आबादी मौजूद है। नगर पंचायत के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के बावजूद कस्बा आज भी ग्रामीण व्यवस्था में ही संचालित हो रहा है, जिससे साफ-सफाई, सड़क, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। नगर पंचायत गठन की मांग अब केवल स्थानीय संगठनों तक सीमित नहीं रही। यह मुद्दा कई बार विधानसभा में भी उठ चुका है। जगदीशपुर विधानसभा के विधायक सुरेश पासी लगातार इस मांग को लेकर सक्रिय हैं। हाल ही में विधायक सुरेश पासी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर शुकुल बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग एक बार फिर प्रमुखता से रखी है, ताकि लोगों को शीघ्र नगर पंचायत की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। शासन के निर्देश पर एसडीएम मुसाफिरखाना द्वारा दस बिंदुओं पर आधारित विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जा चुकी है। रिपोर्ट में मवैया रहमतगढ़, धनेशा राजपूत, इंदरिया, दक्खिन गांव और तेंदुआ सहित पांच ग्राम सभाओं को मिलाकर नगर पंचायत गठन का प्रस्ताव शामिल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शुकुल बाजार को नगर पंचायत का दर्जा मिल जाता है तो विकास कार्यों को गति मिलेगी और कस्बे की मूलभूत समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा। अब लोगों को शासन से शीघ्र निर्णय की उम्मीद है।

## बिजली विभाग की मनमानी उपभोक्ताओं के लिए बना परेशानी

**गौरीगंज अमेठी ।** शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों के लिए परेशानी का सबब बना विद्युत विभाग आखिरकार सुधरने का नाम नहीं ले रहा है यहां के जिम्मेदार अधिकारी या तो मिलते नहीं है या मिलते हैं तो समाधान नहीं निकल पाता है जिसके चलते आम लोग काफी परेशान है। फिलहाल यही अमृत लाल के कार्यालय पर ताला लटकता रहा और फरियादी इधर-उधर पूछताछ करते नजर आए। मंगलवार को टीम ने गौरीगंज के जे ई कार्यालय पहुंची जहां व्यवस्था का आलम देखकर दंग रह गई कार्यालय में गंदगी का अंबार जे ई की अनुपस्थिति के साथ ही साथ कार्यालय के कर्मचारियों का व्यवहार काफी रुखा रहा सवालों का सही जवाब ना देते हुए गोल-मोल जवाब देकर कतराते रहे । कार्यालय के आसपास दूर दराज से आए फरियादियों को टाल मटोल जवाब दे कर कर ऑफिस के आसपास ना रहने की हिदायत देते रहे साथ ही यहां भीड़ न लगाने की बात कह कर उनको भगाते रहे । जब विद्युत विभाग के जेई अमृतलाल से बात करने की कोशिश की गई तो 73180 95305 नंबर लगभग पूरे दिन बंद रहा जिससे बात नहीं हो सकी ।

## मंडी समिति के गेट पर किसानों का प्रदर्शन



**जगदीशपुर, अमेठी।** जाफरगंज स्थित नवीन गल्ला मंडी के मुख्य गेट पर मंगलवार को किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मंडी गेट पर किसानों के बैठ जाने से कुछ देर के लिए आवागमन बाधित रहा और जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। धरना दे रहे किसानों का आरोप है कि मंडी परिसर में संचालित धान क्रय केंद्र पर समय से खरीद नहीं की जा रही है। किसानों का कहना है कि तौल प्रक्रिया में लगातार देरी की जा रही है, जिससे उन्हें देर तक मंडी में इंतजार करना पड़ रहा है। इसके साथ ही कई किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जिनका धान खरीदा गया है, उनका भुगतान भी तय समय पर नहीं हो रहा है। किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने जिले के उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाकर स्थिति का निरीक्षण करने और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। धरना-प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन के नफीस चंदेल भी किसानों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर क्रय केंद्र प्रभारी ने किसानों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि मंडी में नियमों के अनुसार धान की खरीद की जा रही है और किसी भी किसान के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा है। फिलहाल धरना जारी है और प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिक्रिया का किसान इंतजार कर रहे हैं।

## दहेज उत्पीड़न मामले में पति व सास बरी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** थाना क्षेत्र करौदीकला से जुड़े दहेज उत्पीड़न के चर्चित मामले में मजिस्ट्रेट प्रतीक आर्या की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए नेवादा लाइनबाजार जनपद जौनपुर निवासी पति नितेश सिंह व सास मिथलेश देवी को दोषमुक्त कर दिया। करौदीकला निवासी पत्नी अंशिका सिंह की तहरीर पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट, गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने पति व सास के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अशोक शुक्ल ने विस्तृत बहस करते हुए अभियोजन के आरोपों को निराधार बताया, जबकि अभियोजन पक्ष ने साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने का दावा किया। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व अभिलेखों के अवलोकन के पश्चात साक्ष्यों के अभाव में पति व सास को बरी कर दिया।

## म्यूल खाते के जरिये ठगी के पैसे ट्रांसफर करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

**रायबरेली।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने एक बार फिर साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। म्यूल बैंक खाते ( मनी लॉन्ड्रिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले खाते ) खुलवाकर देशभर से साइबर फ्रॉड के माध्यम से प्राप्त करोड़ों रुपये हस्तांतरित करने वाली गैंग के एक वांछित को गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली नगर के निवासी परवेज अहमद पुत्र गफ्फार अहमद ने साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम पर मुकदमा संख्या-03/2025 दर्ज किया गया था, जिसमें धारा-318(4) बीएनएस तथा धारा-66 (सी, डी) आईटी एक्ट के साथ-साथ बाद में बढ़ोतरी करके धारा-319(2), 336(3), 338(2), 340(2) बीएनएस भी जोड़ी गई। पुलिस ने तकनीकी जांच और सूझबूझ से इस मामले की गहन जांच की। पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम ने कार्रवाई की।12 जनवरी को टीम ने तकनीकी माध्यमों का उपयोग करके वांछित तुषार सोनकर पुत्र राधेश्याम सोनकर, निवासी गुलाब रोड, थाना कोतवाली नगर, जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना साइबर क्राइम में विधिक कार्रवाई की गई और उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। यह गैंग का तीसरा बड़ा झटका है। इससे पहले 10 जनवरी 2026 को इसी मुकदमे से जुड़े दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। कुल मिलाकर अब तक तीन आरोपी इस साइबर फ्रॉड गैंग से पकड़े जा चुके हैं। रायबरेली पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान नंबर से आने वाली कॉल में लुभावने ऑफर (जैसे इनाम, लोन, निवेश आदि) पर कभी विश्वास न करें। ऐसी कॉलें अक्सर साइबर ठगी से जुड़ी होती हैं। यदि ऐसी कोई कॉल आए तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

# नाथ बाबा धाम पर उमड़ा जनसैलाब, विशाल खिचड़ी भोज व रजाई वितरण ने रचा सेवा व समरसता का नया इतिहास



**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के राजापुर जमोलिया गांव स्थित प्राचीन नाथ बाबा के मंदिर परिसर में ग्राम प्रधान अंजनी गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित विशाल खिचड़ी भोज एवं रजाई वितरण कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सेवा और जनकल्याण का अनुपम उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

इस भव्य आयोजन में ग्राम सभा के पांच सौ से अधिक जरूरतमंद परिवारों को ठंड से राहत देने हेतु रजाइयां वितरित की गईं, जिससे गरीब एवं असहाय परिवारों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। प्रधान अंजनी गुप्ता द्वारा एक ही स्थान पर सभी वर्गों को एकत्र कर समरसता भोज आयोजित करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ह्वजो व्यक्ति जनता के सुख-दुख में सहभागी बनता है, वही सच्चा जनसेवक और नेतृत्वकर्ता होता है।ह्व उन्होंने ग्राम प्रधान अंजनी गुप्ता के इस सामाजिक प्रयास की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान अंजनी गुप्ता ने कहा कि ग्राम सभा में हर वर्ष कंबल वितरण की परंपरा रही है, किंतु कुछ कारणों से पिछले वर्ष वितरण संभव नहीं हो सका था। उसी की भरपाई करते हुए इस वर्ष व्यापक स्तर पर रजाइयों का वितरण किया गया है, ताकि कोई भी परिवार ठंड से पीड़ित न रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सभा के सदस्यों, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया, जिससे ग्रामीणों में उत्साह और प्रेरणा का माहौल बना। नाथ बाबा के मंदिर प्रांगण में आयोजित इस विशाल खिचड़ी भोज में सेवा, श्रद्धा और समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे आयोजन में ग्रामवासियों सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

# साहिनवा में मनरेगा अनियमितताओं पर प्रशासन सक्रिय, मजदूरों की संख्या घटी



**दोस्तपर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर विकासखंड अंतर्गत साहिनवा गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत चल रहे कार्यों में सामने आई अनियमितताओं की खबर का असर दिखने लगा है। समाचार में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को गांव में दर्शाई जा रही मजदूरों की संख्या में बड़ी कटौती की गई। जहां 5 जनवरी से लगातार 286 मजदूरों की हाजिरी दिखाई जा रही थी, वहीं अब संख्या घटकर 191 रह गई है। इससे कागजी हकीकत और जमीनी सच्चाई के बीच का अंतर साफ झलकने लगा है।

**खबर का असर**

ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से साहिनवा गांव में मनरेगा के नाम पर फर्जी हाजिरी, सीमित कार्य और कागजों में भारी मजदूरी दिखाई जा रही थी। मौके पर वास्तविक कार्य बेहद कम था, जबकि रिकॉर्ड में सैकड़ों मजदूरों के काम करने का दावा किया जा रहा था। खबर सामने आने के बाद ब्लॉक स्तर पर हस्तक्षेप हुआ, जिससे पूरे मामले की परतें खुलने लगी हैं। इस मामले में पंचायत सचिव अशुलिका पटेल पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं, जिन्होंने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए इसे सिस्टम की खामी बताया। वहीं ग्राम प्रधान सभाजीत कनौजिया ने भी बयान देकर पूरे सिस्टम पर गंभीर आरोप लगाए। प्रधान का कहना है कि मनरेगा में केवल साहिनवा ही नहीं, बल्कि पूरे दोस्तपुर ब्लॉक में कागजों में मजदूर दिखाकर भुगतान किया जा रहा है। उनके इस बयान ने प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या तेज तर्रार जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला इस मामले में गहन जांच कराएंगे और दोषियों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि उच्चस्तरीय जांच कराकर मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार पर सख्त रोक लगाई जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तव में जरूरतमंद मजदूरों तक पहुंच सके।

# समाज को श्रम और कर्मयोग की प्रेरणा देते है अखबार वितरक

**ऊंचाहार ,रायबरेली ।** काम छोटा हो या बड़ा इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है।बस ऐसे ही हैं कर्म करके संतोष पाने वाले हमारे कर्मयोगी,जो कई दशकों से अखबार वितरण को ही अपनी आजीविका का साधन बनाए हैं।इनकी राह में न तो थकान रोड़ा डाल सकी,न मौसम कभी बाधक बना।यह विचार कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने मंगलवार को नगर के देव गेस्ट हाउस में समाचार पत्र वितरकों और पत्रकारों को सम्मानित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मयोगियों को अखबार वितरण में न तो शरीर के कष्ट की कोई चिंता की है न कोई दर्द इस काम में आड़े आया है।

सुबह जब लोग गहरी नींद में होते हैं तब ये असली कर्मवीर जाग कर अपने काम पर निकल जाते हैं।अखबार के बंडल लेकर गली गली और घर घर तक अखबार पहुंचाने के लिए। ये अखबार वितरक भी समाज में वही पहचान रखते हैं जो एक नामचीन की होती है।बड़े सहज और सरल सीरत वाले इन कर्मयोगियों को हमारा समाज भी अदब से सलाम करता है।कांग्रेस नेता ने इस मौके पर अखबार वितरकों को सांसद राहुल गांधी द्वारा भेजे गए कम्बल प्रदान किए और पत्रकारों को अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिव कुमार पांडेय,ब्लाक अध्यक्ष केदार सिंह, ब्लाक प्रभारी दल बहादुर सिंह, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह, शम्भू पाल, अनुज सिंह, शाजू नकवी, सदाशिव लोधी, गोलू अग्रहरि, डा राकेश यादव, जसवंत सिंह, पप्पू मिश्रा, कप्तान सिंह, रवि सिंह सहित क्षेत्र के सभी पत्रकार,समाचार पत्र वितरक मौजूद थे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में लोहड़ी व मकर संक्रांति महोत्सव आयोजित

- विद्यालय में हुआ सांस्कृतिक उल्लास व पम्पराओं का संगम




**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास और सांस्कृतिक परम्पराओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा, डॉ शिशिर श्रीवास्तव और प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति द्वारा अग्नि प्रज्ज्वलित कर किया गया।

छात्रा साक्षी पटेल ने पर्वों के आध्यात्मिक और सामाजिक सन्देश से अवगत कराते हुए बताया कि सूर्यदेव और अग्नि को समर्पित लोहड़ी का पर्व सर्दियों के समापन और बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है, रबी की फसल कटने पर किसान इस उपज के लिए भगवान् को धन्यवाद देते हुए अनाज अग्नि देवता को समर्पित कर समृद्धि की कामना करते हैं। यह त्योहार विशेष रूप से पंजाब और आसपास के क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। लोहड़ी के अगले दिन मकर संक्रांति का उत्सव मनाया जाता है, इस दिन सूर्य मकर राशि (दक्षिणी गोलार्ध से उत्तरी गोलार्ध )में प्रवेश करता है जो कि एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना है , साथ ही इस त्योहार की धार्मिक मान्यताएं भी हैं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में छात्रा निवेदिता सिंह, अनुष्का सिंह एवं निवेदिता रस्तोगी द्वारा लोकगीतों की प्रतुति दी गयी तो छात्रा आस्था, स्वस्तिका कौशल, खुशी मिश्रा, जान्हवी सिंह, मन्नत मिश्रा और नव्या कश्यप ने पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आस्था सिंह और श्रेया प्रजापति ने किया, साथ ही सभी ने तिल-गुड़ की मिठाइयों से मुंह मीठा कर उत्सव का आनंद लिया।

संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि ये पर्व प्रकृति, परिश्रम और सकारात्मकता का सन्देश देते है , उन्होंने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने और जीवन में अनुशासन एवं परिश्रम को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मोहम्मद फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी और शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, शुभी सिंह, रश्मि सिंह, सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनएसबीवीएम में मनाया गया लोहड़ी पर्व

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में लोहड़ी पर्व हर्शोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लोहड़ी पर्व के सुअवसर पर अग्नि के इर्द-गिर्द परिक्रमा करते हुए, अग्नि में गुड़, मूगफली, रेवड़ी, गजक, मक्का आदि अर्पित किये। स्कूल के स्टूडेन्ट्स द्वारा प्रस्तुत किया गया भांगड़ा नृत्य इतना आकर्शक रहा कि प्रांगण में उपस्थित दूसरे बच्चे भी ताल में ताल मिलाकर थिरकने लगे। स्कूल के टीचर्स ने लोहड़ी मनाये जाने के सम्बन्ध में बच्चों को जानकारी देते हुए उनके संग मिलकर इस त्योहार का पूरा आनंद उठाया। आज के कार्यक्रम में सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव, आयुशी तिवारी, दीपांजलि सिंह, नीतू श्रीवास्तव और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा।

संक्षेप

## पड़ोसियों ने दंपती को बेरहमी से पीटा

**शिकोहाबाद।** थाना नसीरपुर के बाकलपुर शक के आधार पर दबंगों ने दंपति के साथ जमकर मारपीट कर दी। मारपीट की घटना में दंपति घायल हो गए। मामले में पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। श्रीनिवास पुत्र जोधा राम निवासी बाकलपुर थाना नसीरपुर ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव के सौरभ पुत्र श्यामपाल उर्फ भगत अखलेश पुत्र रामवृरेश के साथ मारपीट कर रहा था। इसी बात को लेकर किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। फोन करने के शक में 12 जनवरी को सौरव पुत्र श्यामपाल, उसकी वहन विनीता, उसका भाई अंकित, पिता राधेश्याम के साथ लाठी डंडे लेकर पीड़ित के यहां आए और आते ही कहा कि तुम लोगों ने पुलिस बुलाई थी। उसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के बेटे रवीकांत, पुत्रवधु प्रियंका को लाठी डंडे से जमकर पीट दिया।जिससे दोनों घायल हो गए। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि कोई कार्यवाही की तो जान से मार देंगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता ने लावारिश गौवंश के लिए डलवाया 75 मन चारा



**मथुरा।** गजेंद्र सिंह परिहार, भारतीय किसान यूनियन प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश और प्रभारी मध्य प्रदेश, ने बरौली, बलदेव, मथुरा में लावारिस गौवंश को पाँचवीं बार 75 मन चारा डलवाया है। यह सेवा वे पिछले 24 नवंबर 2025 से लगातार कर रहे हैं। गजेंद्र सिंह परिहार ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार से माननीय मुख्यमंत्री जी को गौ रक्षा और गौ सेवा की जिम्मेदारी है, लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली है। हम गौवंश की सेवा में लगे हुए हैं और उम्मीद करते हैं कि सरकार हमारी मदद करेगी।

## पूर्व विधायक ने की सीएम से मुलाकात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गोवर्धन क्षेत्र के पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया ने लखनऊ स्थित कालिदास मार्ग आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें आंग्ल नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक श्याम सिंह अहेरिया ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बहेलिया एवं पासी समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत न किए जाने का गंभीर विषय मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 में जारी शासनादेश के बावजूद कई जिलों में अधिकारियों की मनमानी के चलते पात्र लोगों को प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे समाज के लोग सरकारी योजनाओं व सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से शासनादेश के अनुरूप प्रभावी कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री से संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री से भेंट के समय जिला मंत्री रवि अहेरिया तथा युवा मोर्चा के पूर्व ब्रज क्षेत्र उपाध्यक्ष सुधांशु खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

# डीएम ने की मथुरा में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों की कार्यप्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अपेक्षित प्रगति न होने एवं कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी की अनुपस्थिति एवं कार्यप्रगति से असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। यूपी सिडको द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित जूनियर इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई तथा कार्यों में तत्काल तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद की खराब रैंकिंग को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने यूपी सिडको के अधिशासी अभियंता से स्पष्टीकरण तलब किया तथा निर्देशित किया कि समस्त कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा लोक निर्माण विभाग के कार्यों के कारण जनपद की रैंकिंग प्रभावित होने पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सेतु निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यूपी पीसीएल यूनिट-32 अलीगढ़ द्वारा जनपद मथुरा में होमगाड्र्स कार्यालय के निर्माण कार्य के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध न कराए जाने पर संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक अरुण कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजीव कुमार, डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडे, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार, गुलवीर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी (स्वास्थ्य) अनुज कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुवेर्दी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एआरटीओ ने की अनधिकृत रूप से संचालित बसों पर कार्यवाही

**मथुरा।** उप्र परिवहन आयुक्त आगरा परिक्षेत्र आगरा के मार्गदर्शन में राजेश राजपूत वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सतेन्द्र कुमार सिंह सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, संदीप चैधरी यात्री/मालकर अधिकारी मथुरा द्वारा मांट टोल प्लाजा मथुरा पर अनाधिकृत रूप से संचालित बसों एवं अन्य यात्री/माल वाहनों की जांच की गयी, जिसमें दोषी पाये गए वाहनों के विरूद्ध चालान / बंद की कार्यवाही की गयी।

वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत ने बताया मोटर वाहन अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियमावली के मानकों को सभी स्लीपर कोच बसों में लागू करते हुए वाहन स्वामियों को पुनः अपने स्लीपर कोच बसों की फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने तथा उन्हें अपने वाहनों को मानक के अनुरूप रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त वाहन स्वामियों/चालकों को वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाते हुए, समस्त वाहन चालकों को इससे होने वाले लाभ के बारे में जागरूक किया गया तथा रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप का प्रयोग न करने पर कोहरे / रात्रि की स्थिति में होने वाली हानियों/दुर्घटनाओं के बारे में चालकों को जागरूक किया गया, साथ ही चालकों को यह भी बताया गया कि वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप/रेडियम पट्टी का प्रयोग न करने पर रुपए 10 हजार का भारी जुमार्ने का भुगतान करना होगा, साथ ही उन्हें कोहरे में धीमी गति में वाहन सुरक्षित यातायात की सलाह दी गयी। इसी क्रम में सुश्री पूजा सिंह यात्री/मालकर अधिकारी मथुरा द्वारा महुवन टोल प्लाजा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें टोल प्लाजा पर उपस्थित कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित लेन प्रबंधन, आपात स्थिति में त्वरित सहायता एवं वाहन चालकों को उचित मार्गदर्शन देने के सम्बन्ध में जागरूक किया तथा उक्त कर्मचारियों को सुश्री पूजा सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। इसी क्रम में महावीर सिंह यदुवंशी निदेशक ब्रज बिहार नौटंकी कला संस्थान कोसीकलां मथुरा द्वारा संदीप चैधरी यात्री/मालकर अधिकारी तथा प्रदीप यादव सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) के निर्देशन में जनपद के विभिन्न स्थानों जैसे कि नया बस अड्डा, गोवर्धन चैराहा, चारधाम वृन्दावन एवं परिवहन कार्यालय मथुरा में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आम जन/वाहन चालकों को नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

## 116 लाभार्थियों को सीएम आवास योजना के प्रमाण पत्र बांटे गये



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 116 लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ब्लॉक जसराना में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत योजना के माध्यम से उन निर्धन और बेघर परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराया जा रहा है,जो अब तक कच्चे मकान या झोपड़िया में रहने को मजबूर थे, जनप्रतिनिधियों ने बताया कि योजना का लाभ पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचा जा रहा है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके, प्रमाण पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे, सभी लाभार्थियों ने भावुक होते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया और कहां की पक्के घर का सपना अब हकीकत बनने जा रहा है, सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीबों के सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक है, प्रमाण पत्र पाने वालों में कमला देवी,राजेश कुमार,मानपाल सिंह, अजय कुमार प्रमोद कुमार, कमलेश,वरुण कुमार, सरिता प्रमुख रहे,इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख जसराना संध्या लोधी, खंड विकास अधिकारी नवीन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मिट्टी से भरे डंपर ने बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मारी, घायल

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद बालाजी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे भाई बहन की बाइक को मिट्टी से लदे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं डंपर को जब्त कर थाने पहुंचा दिया। सुमित पुत्र पन्नालाल निवासी पोपगढ़ हाथवंत अपनी बहन खुशबू पत्नी सचिन के साथ बालाजी मंदिर में मंगलवार को बालाजी मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे। जब दोनों भाई बहन दर्शन कर अपने घर जा रहे थे कि तभी दिखतौली पुल के पास मिट्टी भरकर ला रहे डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भाई बहन घायल हो गए। हादसा होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में बाइक पूरी तरह से क्षतिगस्त हो गई।

## पति ने पत्नी का गला काटकर की निर्मम हत्या

**फिरोजाबाद।** थाना नगला खंगर क्षेत्र के ग्राम नगला नंदे में मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। एक कलयुगी पति ने अपनी ही पत्नी की गला काटकर गर्दन को घड़ से अलग कर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगला नंदे निवासी आशुतोष और उसकी पत्नी लता (मृतका) के बीच पिछले कुछ समय से अनबन चल रही थी। बताया जा रहा है कि उनका 20 वर्षीय बेटा चोरी के एक मामले में करीब एक साल से दिल्ली की जेल में बंद है। बेटे के जेल जाने और घर की आर्थिक व सामाजिक स्थिति को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़े होते रहते थे। मंगलवार सुबह विवाद इतना बढ़ गया कि आशुतोष ने तैश में आकर धारदार हथियार से लता का गला काट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी पति ने अपनी पत्नी के सर को एक कमरे में छिपाकर रख दिया था,घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सिरसागंज अनिवेश सिंह और थाना नगला खंगर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी भेज दिया है। आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।मामले की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी सिरसागंज ने बताया थाना नगला खंगर के नगला नंदे गांव में एक महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पुलिस और फील्ड यूनिट ने साक्ष्य जुटाए हैं। शुरूआती जांच और ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला है कि पति आशुतोष और पत्नी लता के बीच अक्सर कलह होती थी। इनका बेटा जेल में है, जिसे लेकर आरोपी ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। अभियुक्त को हिरासत में ले लिया गया है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति विधि और जनजागरण से ही संभवः महेंद्र प्रताप

**मथुरा।** वृंदावन के कुंभ क्षेत्र स्थित सुदामा कुटी में आयोजित शताब्दी महोत्सव 2026 के दौरान श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का मुद्दा एक बार फिर प्रमुखता से उठा। नाभा पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुतीक्ष्ण जी महाराज के सानिध्य में हुए इस आयोजन में संत, विद्वान और श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता रही। महोत्सव को संबोधित करते हुए श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण के हिंदू पक्षकार एवं न्यास अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति आस्था का विषय होने के साथ-साथ ऐतिहासिक सत्य और विधिसम्मत अधिकार का प्रश्न है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर मुगल आक्रांताओं द्वारा किए गए बार-बार के आक्रमण, मंदिर विध्वंस, लूट और जजिया कर जैसे अत्याचारों के ऐतिहासिक तथ्यों को रेखांकित किया। महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि जिस स्थान पर वर्तमान में शाही ईदगाह मस्जिद स्थित है, वही श्रीकृष्ण का प्राकट्य स्थल है और इस संबंध में उनके पास ठोस व प्रामाणिक साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि लगभग ढाई एकड़ भूमि को लेकर दाखिल किया गया वाद सबसे पहले स्वीकार किया गया है और यह मामला उच्च न्यायालय में पूरी तरह विधिसम्मत तरीके से लड़ा जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह लड़ाई किसी समुदाय के विरुद्ध नहीं, बल्कि सत्य और न्याय के पक्ष में है। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायालयी प्रक्रिया के साथ जन-जन में जागरण और समर्थन आवश्यक है, ताकि सांस्कृतिक आस्था से जुड़े इस विषय का समाधान संविधान के दायरे में शांतिपूर्ण ढंग से हो सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का मार्ग कानून और तथ्यों पर आधारित रहेगा। महोत्सव को संबोधित करते हुए सेवा मंगलम के महंत एवं विद्वान गोविंदानंद तीर्थ ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है, जब उसके मंदिर और मठ सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि का विषय केवल एक स्थल का नहीं, बल्कि हिंदू समाज की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है, जिसके लिए समाज को संगठित और सजग रहना होगा। कार्यक्रम में संत श्यामानंदजी महाराज की उपस्थिति रही, जिनका मंच से सम्मान किया गया।

# संस्कृति विवि में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाया गया युवा दिवस




**मथुरा।** संस्कृति विवि में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छाता इकाई स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्रोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री पश्चिम क्षेत्र एडवोकेट राय सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राय सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि एबीवीपी 12 जनवरी को अपना स्थापना दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एड राय सिंह, विशेष उपस्थिति भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री डॉ रजनीश त्यागी, मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री पुनीत कुमार, जिला सह संयोजक प्रिया राजपूत ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।

परिषद के पूर्व कार्यकर्ता व भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री डॉ रजनीश त्यागी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में विवेकानंद प्रासंगिक हो जाते हैं। दुनिया के कई देशों में जेन जी ने तख्तापलट किए हैं । चूंकि भारत का युवा स्वामी विवेकानंद को अपना आदेश मानता है इसलिए भारत में युवाओं को भड़काने में विदेशी ताकतें कामयाब नहीं हो पाई हैं। स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों को अपनाकर विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री पुनीत कुमार ने कहा देश में युवाओं का अहम योगदान राष्ट्रवाद के भाव को बढ़ावा देना और संगठित छात्र शक्ति की कल्पना को पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव पैदा करना और विवेकानंद का संदेश प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाना ही विद्यार्थी परिषद का संकल्प है, ताकि आने वाले समय में आतंकवाद की मानसिकता को खत्म करते हुए राष्ट्रवाद को प्रोत्साहित करने का काम युवाओं द्वारा किया जा सके।

# कैडेट्सों ने आयोजित किये देशभक्ति कार्यक्रम




**टूंडला।** भारतीय सेना दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट ने महान विभूतियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन चरित्र पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा महात्मा गांधी डॉ. भीमराव अंबेडकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस शहीद भगत सिंह, वीरांगना झलकारी बाई एवं रानी लक्ष्मीबाई के जीवन संघर्ष, विचारधारा देशभक्ति और बलिदान को प्रभावशाली संवादों एवं भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कैडेट्स ने अपने सशक्त अभिनय से छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एमपी सोनकर के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। अपने उद्बोधन में प्रधानाचार्य ने भारतीय सेना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय सेना हमारे देश की शान, स्वाभिमान और सुरक्षा की प्रतीक है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव का विकास करते हैं। साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर देश और समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने का आह्वान किया। महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के संदेश, डॉ. अंबेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के विचार, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी नेतृत्व, भगत सिंह के अदम्य साहस, झलकारी बाई के पराक्रम और रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य को मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के दौरान वंदे मातरम् इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारों से पूरा सभागार गूंज उठा। अंत में एनसीसी अधिकारी कमल कान-?त एवं एनसीसी बटालियन से आये हवलदार समीरोन दास ने एनसीसी कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और भारतीय सेना के शौर्य एवं बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम कालेज के संगीत शिक्षक सूर्य देव ने कैडेट्स को तैयार करने में अहम योगदान दिया।

## चंद्रपुरी में बनी हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति

**मथुरा।** शहर की चंद्रपुरी कालोनी में हुई हिन्दू समाज की बैठक में आगामी दिनों में हिन्दू सम्मेलन कराने की योजना बनी। रियल पब्लिक स्कूल में हुई बैठके हिन्दू सम्मेलन करने के लिए महाराजा सूरजमल हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति



का गठन किया गया, जिसमें कैप्टन रामपाल सिंह, जगवती देवी, सपना रावत, रामवीर सिंह, सेठ मुन्ना लाल, प्रेमपाल, मुकुटपाल, रमन शर्मा, डॉ अनिल, ललित आदि को शामिल किया गया। बैठक में बोलते हुए सेठ मुन्ना लाल ने कहा कि आज हिन्दुओं को तोड़ने के लिए अनेक शक्तियां षडयंत्र चला रही हैं, कभी जातिवाद में तो कभी भाषावाद तो कभी किसी और कारण से हिन्दुओं के अंदर भेद किया जा रहा है ऐसे में जरूरी है कि समस्त हिन्दू समाज संगठित होकर ऐसी शक्तियों को कुचल दे। समिति ने सर्वसम्मिति से निर्णय लिया कि आगामी रविवार को हिन्दू सम्मेलन, कॉलोनी के टंकी वाले पार्क कराया जाएगा, इसके लिए आस पास की कालोनियों जैसे प्रिया नगरी, चाणक्यपुरी, इंद्रप्रस्थ एनक्लेव, प्रहलाद नगर से भी हिन्दुओं को निमंत्रण देने की योजना बनाई गई। सम्मेलन के वातावरण निर्माण हेतु शुक्रवार को कलश यात्रा एवं शनिवार को बाइक रैली की भी योजना बनाई गई।

## जेल में बंदियों के बीच हुई चित्रकला प्रतियोगिता, विजयी बंदियों को गणतंत्र दिवस पर किया जायेगा पुरस्कृत

**मथुरा।** जिला कारागार में बंदियों के बौद्धिक विकास और सकारात्मक विचार परिवर्तन की दिशा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के सहयोग से बंदियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि कोई विषय पूर्व से निर्धारित नहीं किया गया। बंदियों ने अपनी सोच और भावनाओं को चित्रों के माध्यम से स्वतंत्र रूप से उकेरा। किसी ने तिरंगे झंडे के जरिए देशभक्ति दिखाई तो किसी ने मेहंदी की कलात्मक ड्राइंग बनाकर अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में 75 पुरुष बंदी 14 महिला बंदी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए अधिकतम 100 अंक निर्धारित किए गए। प्रतियोगिता कारपाल सुरेंद्र मोहन सिंह उपकारापाल दुर्गेश प्रताप सिंह हेमराज तथा शिक्षा अध्यापक सुलेंद्र चैधरी की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के अनुसार प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग से प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बंदियों को 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

## बीडीएम कॉलेज में काव्यपाठ व हिंदी की वैश्विक स्थिति पर हुई भाषण प्रतियोगिता




**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में शोधार्थी संघ के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्या प्रो.गीता यादवेन्दु की अध्यक्षता में विश्व हिन्दी दिवस पर काव्यपाठ एवं हिन्दी की वैश्विक स्थिति पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक की भूमिका में डॉ माया गुप्ता एवं डॉ नम्रता प्रसाद थी। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदिनी अग्रवाल, द्वितीय स्थान नीलम, तृतीय स्थान पूजा ने प्राप्त किया। द्वितीय चरण में काव्यपाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने स्वरचित एवं हिन्दी के प्रसिद्ध कवियों की कविताओं की प्रस्तुति दी। काव्य पाठ में भावना प्रथम, शगुन द्वितीय एवं निशा तृतीय स्थान पर रही। विश्व हिन्दी दिवस पर निधि तुलस्यान ने हिन्दी की वैश्विक स्थिति पर प्रकाश डाला। डॉ माया गुप्ता ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो0 शशिप्रभा तोमर ने अमीर खुसरो की प्रसिद्ध कविता काहे को ब्याहे बिदेश रे कविता का पाठ किया । प्राचार्या ने कार्यक्रम में हिन्दी भाषा के विकास एव उन्नयन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ पल्लवी पाण्डे ने किया। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की छात्राये शिक्षकाये एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पत्नी की हत्या की साजिश रचने वाला पति दोस्त के साथ गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने 15 दिन पूर्व हुई एक महिला की सनसनीखेज हत्या का खुलासा करते हुए मृतका के पति और उसके शातिर अपराधी साथी को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार देर रात बरेली हाईवे बाईपास पर हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिफाइनरी सीओ अनिल कुमार ने बताया बीते 28 दिसम्बर को थाना रिफाइनरी क्षेत्र के अंतर्गत रांची बांगर से करनावल रोड पर एक गेहूं के खेत में करीब 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला था, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। सीसी टीवी फुटैज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से मृतका की शिनाख्त अनीता पत्नी राकेश निवासी फतेहापुरा थाना बलदेव के रूप में हुई। मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना रिफाइनरी पुलिस टीम ने सोमवार रात करीब 9:45 बजे बरेली हाईवे बाईपास के पास घेराबंदी की. खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी. जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त ललित उर्फ मंगल पैर में गोली लगने से घायल हो गया. पुलिस ने मौके से मृतका के पति राकेश और ललित दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि राकेश ने अपने दोस्त ललित के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची थी। 27 दिसंबर की रात दोनों अनीता को लेकर रांची बांगर रोड पर पहुंचे और वहां सुनसान खेत में ललित के हुड (जैकेट) के कॉलर में लगे फीते (स्ट्रिप) से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी. साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को गेहूं के खेत में फेंककर फरार हो गए। एसपी सिटी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ललित उर्फ मंगल एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उस पर मथुरा के विभिन्न थानों में लूट, हत्या के प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट और गुंडा एक्ट जैसे 19 गंभीर मामले दर्ज हैं। वहीं मृतका के पति राकेश पर भी हत्या और पुलिस मुठभेड़ के मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

# 101 नेत्र रोगियों की हुई शल्य चिकित्सा

**मथुरा।** सेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि साधना है। जिस प्रकार साधना में अनुशासन, संयम और निरंतरता आवश्यक होती है, उसी प्रकार सेवा में भी मन, वचन और कर्म-तीनों की शुद्धता अनिवार्य है। सेवा करते समय यदि मन में राग-द्वेष, तुलना या किसी प्रकार की अपेक्षा आ जाए, तो सेवा की पवित्रता नष्ट हो जाती है। सेवा का अर्थ केवल दान देना ही नहीं है; बल्कि किसी के दुःख को समझना, समय देना, स्नेह देना और आवश्यकता पड़ने पर मौन रहना भी सेवा के ही रूप हैं। यह विचार श्रीमद् जगद्गुरु पीपाधीश्वराचार्य बलरामदास देवाचार्य महाराज द्वारा व्यक्त किए गए। ये विचार स्वर्गीय श्रीराम बाबूजी अग्रवाल एवं स्वर्गीय श्रीमती प्रेमवती अग्रवाल की पुण्य स्मृति में, बृजवासी परिवार के सौजन्य से, कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के अवसर पर प्रस्तुत किए गए।



यह शिविर कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

एडीएम नमामि गंगे राकेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शरीर में हर अंग का अपना-अपना महत्व होता है। जिस प्रकार अकेले व्यक्ति से परिवार नहीं बनता, उसी प्रकार शरीर के किसी एक अंग में भी दिक्कत आ जाए तो पूरा शरीर प्रभावित हो जाता है। सभी अंगों के आपसी सहयोग से ही शरीर स्वस्थ और सक्रिय रहता है। कल्याण दास अग्रवाल ने कहा यह संस्थान केवल नेत्र रोगों का उपचार ही नहीं कर रहा, बल्कि मानवीय मूल्यों, संवेदना और संस्कारों को भी समाज में जीवंत बनाए हुए है। नीता सिंह ने कहा कि हमें अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि संस्थान का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति केवल आर्थिक अभाव के कारण अपनी दृष्टि से वंचित न रहे। उन्होंने जानकारी दी कि इस निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में दूर-दराज के क्षेत्रों से आए कुल 348 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 101 नेत्र रोगियों की शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सीय टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। शिविर में सभी रोगियों के लिए दवाइयाँ, चश्मे, भोजन, पलंग-बिस्तर सहित आवश्यक समस्त व्यवस्थाएँ पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम का संचालन निरूपम भार्गव ने किया। इस अवसर पर सुधा अग्रवाल, नितिन बाबू अग्रवाल, नितांशु, मेध अग्रवाल, रीना सारस्वत गाजियाबाद, सर्वेश कुमार शर्मा एडवोकेट, रामकिशोर पूर्व प्रधान बसौती, अमित प्रधान जिखनगांव, अशोक प्रधान खामनी, की पी सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### दुर्घटना संभावित हाईवे को रोशन करेगा लॉर्ड्स मार्क

नई दिल्ली। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया से विजयवाड़ा क्षेत्र के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर फेज-1 के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा चिन्हित 104 दुर्घटना-संभावित और ब्लैक स्पॉट स्थानों पर सोलर हाईवे लाइटिंग लगाने का काम मिला है। एक कॉम्पिटिटिव कमर्शियल बिडिंग प्रोसेस के बाद, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सिग्निफाई इनोवेशंस इंडिया लिमिटेड (पहले फिलिप्स लाइटिंग इंडिया लिमिटेड) के साथ पार्टनरशिप में, सर्वे, डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए सफल बिडर के रूप में सामने आई। यह प्रोजेक्ट रोड सेफ्टी में टेक्नोलॉजी पर आधारित एक पहल है, जो दुनिया की पहली, डेटा-ड्रिवन मेथोडोलॉजी पर आधारित है। इसमें रिसर्च-बेस्ड एक्सीडेंट एनालिटिक्स, ऑन-ग्राउंड विजिबिलिटी डायग्नोस्टिक्स और इंटेलिजेंट सोलर लाइटिंग डिजाइन को इंटीग्रेट किया गया है। पारंपरिक रोशनी वाले प्रोजेक्ट्स से अलग, यह सॉल्यूशन खास सर्वे फ्रेमवर्क और प्रेडिक्टिव रिस्क मैपिंग का इस्तेमाल करके एक्सीडेंट वाली जगहों पर स्ट्रक्चरल सेफ्टी की कमियों को सटीक रूप से पहचानता है और उन्हें ठीक करता है।

### एक्सिस मैक्स लाइफ ने छात्रों के लिए की टर्म प्लान की शुरुआत

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने छात्रों के लिए स्मार्ट टर्म प्लान प्लस की पेशकश की है। इस टर्म प्लान से उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे युवा 2 करोड़ रुपये तक का लाइफ कवर प्राप्त कर सकेंगे। यह कमाई नहीं कर रहे (नॉन अर्निंग) लोगों को आमतौर पर मिलने वाली लिमिट से कहीं ज्यादा है। उल्लेखनीय है कि एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। 2047 तक सभी के लिए बीमा (इंश्योरेंस फॉर ऑल बाय 2047) के लक्ष्य को साकार करने के लिए हमें प्रोटेक्शन नेट को नये उभरते सेगमेंट तक विस्तार देना होगा। महिलाओं के लिए टर्म प्लान की सफलता के बाद छात्रों को केंद्र में रखकर लाया गया यह प्लान फर्स्ट-टाइम कस्टमर के तौर पर छात्रों को कवर करने की दिशा में स्वाभाविक कदम है।

### सैमसंग इनोवेशन कैंपस ने 1750 युवाओं को फ्यूचर-टेक स्किल्स में सर्टिफिकेट दिया

लखनऊ। सैमसंग ने राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर, अपने प्रमुख सैमसंग इनोवेशन कैंपस प्रोग्राम के तहत उत्तर प्रदेश में 1,750 छात्रों को सर्टिफि केट देने की घोषणा की, जो राज्य में कंपनी के युवा-कौशल प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। लखनऊ पहल के तहत, छात्रों को उभरती हुई टेक्नोलॉजी में इंडस्ट्री के हिसाब से ट्रेनिंग मिली, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (950 छात्र), कोडिंग और प्रोग्रामिंग (550 छात्र), बिग डेटा (150 छात्र), और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (100 छात्र) शामिल हैं। सैमसंग में, हमारा पक्का मानना है कि भारत का भविष्य उसके युवाओं द्वारा तय किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत प्रशिक्षित छात्रों की कुल संख्या 3,900 हो गई है, जिससे यह कार्यक्रम के तहत सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में से एक बन गया है। सैमसंग ने उत्तर प्रदेश में 5,000 युवाओं को कुशल बनाने के अपने इरादे की घोषणा की, जो 20,000 छात्रों को अपस्किल करने के अपने व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्य का हिस्सा है, जो पिछले साल की तुलना में छह गुना ज्यादा है। यह कार्यक्रम वर्तमान में 10 राज्यों में चल रहा है।

### सम्पर्क फाउंडेशन ने 25 करोड़ का निवेश किया

नई दिल्ली। सम्पर्क फाउंडेशन ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और सीखने की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए 25 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। यह घोषणा ऐसे समय पर की गई है जब फाउंडेशन सार्वजनिक शिक्षा में नवाचार और प्रभाव के 20 वर्ष पूरे कर रहा है। इस विस्तार योजना के तहत, सम्पर्क फाउंडेशन आठों राज्यों में 20,000 अतिरिक्त स्मार्ट स्कूलों को सहयोग देगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के डिजिटल रूप से सशक्त कक्षाओं के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इसके अंतर्गत, जिन सरकारी स्कूलों में पहले से स्मार्ट टीवी या स्मार्ट बोर्ड मौजूद हैं।

# सेंसेक्स में 250 अंकों की गिरावट




मुंबई। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच मुनाफावसूली हावी रहने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 250 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी में 58 अंक की कमजोरी आई।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं से प्रभावित उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तिमाही नतीजों की कमजोर शुरुआत से भी बाजार धारणा दबाव में रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 250.48 अंक यानी 0.30 प्रतिशत गिरकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 615.38 अंक फिसलकर 83,262.79 के स्तर तक आ गया था। वहीं, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,732.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, लार्सन एंड टूब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति, आईटीसी, अदाणी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने दिसंबर तिमाही में नए श्रम संहिताओं के एकमुश्त असर के चलते शुद्ध लाभ 13.91 प्रतिशत घटकर 10,657 करोड़ रुपये रह जाने की सूचना दी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 3,638.40 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,839.32 करोड़ रुपये की खरीदारी की। वैश्विक मोर्चे पर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ कारोबार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा से भी निवेशक सतर्क रहे। यूरोप के बाजार मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 1.86 प्रतिशत बढ़कर 65.06 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 301.93 अंक चढ़कर 83,878.17 अंक और एनएसई निफ्टी 106.95 अंक बढ़कर 25,790.25 अंक पर बंद हुआ था।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे गिरकर 90.21 पर बंद



मुंबई। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत अमेरिकी मुद्रा और विदेशी कोषों की लगातार निकासी के दबाव में मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे गिरकर 90.21 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर शेयर बाजारों ने भी भारतीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90.24 पर खुला और कारोबार के दौरान 90.30 के निचले स्तर तक फिसल गया। कारोबार के अंत में भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 90.21 (अस्थायी) पर बंद हुई जो पिछले बंद भाव से चार पैसे कम है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक पैसा मजबूत होकर 90.17 पर बंद हुआ था। भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के बीच रुपया गिरा है। घरेलू बाजारों में कमजोरी, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी रुपये पर दबाव डाला। उन्होंने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 90.10 से 90.70 के दायरे में रहने की उम्मीद है। भारत में नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के सोमवार को यह कहने के बाद बाजार की धारणा में थोड़ा सुधार हुआ कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत बढ़कर 98.69 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 64.80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 3,638.40 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

घरेलू शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 250.48 अंक गिरकर 83,627.69 अंक और निफ्टी 57.95 अंक कमजोर होकर 25,732.30 अंक पर रहा।

## पीएफआरडीए ने किया पेंशन के लिए विशेषज्ञ समिति का गठन

नयी दिल्ली। पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत निश्चित भुगतान के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत निश्चित पेंशन सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा एवं नियम तैयार करने को लेकर एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

पीएफआरडीए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि यह पहल पेंशन नियामक अधिनियम के अनुरूप है और इसका उद्देश्य एनपीएस अंशधारकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली आय को सुनिश्चित और सुरक्षित बनाना है। इस समिति का गठन विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में पीएफआरडीए का एक अहम कदम है जिसका उद्देश्य हर नागरिक को उम्रदराज होने के बाद आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। बयान के अनुसार, 15 सदस्यीय समिति का गठन दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एम. एस. साहू की अध्यक्षता में किया गया है। इस समिति में विधि, मूल्यांकनकर्ता, वित्त, पूंजी बाजार एवं शिक्षा जगत जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं। विशेष सदस्यों के तौर पर प्रतिक्रिया एवं परामर्श के लिए आमंत्रित करने का अधिकार दिया गया है।

## यात्री वाहनों की बीते वर्ष बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर



नयी दिल्ली। यात्री वाहनों की थोक बिक्री 2025 में रिकॉर्ड स्तर पर रही। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती से त्योहारों के दौरान जोरदार मांग इसकी प्रमुख वजह रही। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यात्री वाहनों की कुल थोक बिक्री 2025 में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 44,89,717 इकाई हो गई, जो इससे पिछले वर्ष 42,74,793 इकाई थी। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 29,54,279 इकाई रही जो 2024 की 27,49,932 इकाई की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। यात्री कारों की थोक बिक्री मामूली वृद्धि के साथ 13,79,884 इकाई रही जबकि वैन की बिक्री में सालाना आधार पर एक प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। तिपहिया और वाणिज्यिक वाहन खंडों में भी 2025 में किसी भी वर्ष की तुलना में सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़कर 7,88,429 इकाई हो गई, जो इससे पिछले साल 2024 में 7,28,670 इकाई थी। इसी तरह वाणिज्यिक वाहनों की थोक बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 10,27,877 इकाई पर पहुंच गई, जो इससे पिछले साल 9,54,051 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले वर्ष 2,05,00,639 इकाई रही जो 2024 में दर्ज l,95,43,093 इकाई की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है।

## रूस से तेल खरीदने में भारत तीसरे स्थान पर खिसका

नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज और सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों द्वारा कच्चे तेल के आयात में भारी कटौती के बाद दिसंबर 2025 में रूस से इस ईंधन को खरीदने के मामले में भारत तीसरे स्थान पर आ गया है।

यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके अनुसार भारत द्वारा रूस से कुल हाइड्रोकार्बन आयात दिसंबर में 2.3 अरब यूरो रहा, जो पिछले महीने के 3.3 अरब यूरो से कम है। रिपोर्ट में कहा गया, तुर्की भारत को पीछे छोड़ते हुए दूसरा सबसे बड़ा आयातक बन गया, जिसने रूस से दिसंबर में 2.6 अरब यूरो के हाइड्रोकार्बन खरीदे। चीन शीर्ष खरीदार बना रहा, जिसकी रूस के शीर्ष पांच आयातकों से होने वाली निर्यात आय में 48 प्रतिशत (छह अरब यूरो) की हिस्सेदारी रही। सीआरईए ने कहा कि भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार था, जिसने दिसंबर में कुल 2.3 अरब यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया। इसके मुताबिक, भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 78 प्रतिशत थी, जो कुल 1.8 अरब यूरो रही। इसके अलावा कोयला (42.4 करोड़ यूरो) और तेल उत्पाद (8.2 करोड़ यूरो) आयात किया गया।

# म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिये निवेश 2025 में बढ़कर 3.34 लाख करोड़ रुपये पर




नयी दिल्ली। अनुशासित और लंबी अवधि के संपत्ति सृजन को लेकर निवेशकों के बढ़ते रुझान के कारण व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड निवेश 2025 में 3.34 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले एसआईपी से 2024 में 2.68 लाख करोड़ रुपये और 2023 में 1.84 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया था।

आंकड़े बताते हैं कि निवेशकों ने लगातार बाजार की गिरावट का उपयोग अधिक निवेश करने के अवसर के रूप में किया है। वर्ष 2025 में 3.34 लाख करोड़ रुपये का कुल एसआईपी योगदान अल्पकालिक सट्टेबाजी के बजाय लंबी अवधि के इरादे और भरोसे को दर्शाता है। एसआईपी योगदान म्यूचुअल फंड प्रवाह की रीढ़ बना रहा। यह सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में लगातार 29,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा और दिसंबर में 31,000 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशकों के बीच एसआईपी की लोकप्रियता बढ़ रही है, क्योंकि ये बाजार की अस्थिरता या समय की चिंता किए बिना अनुशासित तरीके से निवेश करने में मदद करते हैं।

आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ ए बालासुब्रमण्यम ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता और बाजार के उतार-चढ़ाव के बीच भी लगातार एसआईपी निवेश बढ़ती वित्तीय जागरूकता और अनुशासित निवेश को दर्शाता है।

## उत्तराखंड के तराई क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर लग सकता है प्रतिबंध

एजेंसी

रुद्रपुर। भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट को देखते हुए उत्तराखंड के तराई क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन या बेमौसमी धान की खेती पर प्रतिबंध जैसा सख्त कदम उठाया जा सकता है।

ऊधम सिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने संकेत दिए हैं कि एक फरवरी से 30 अप्रैल तक लागू रहने वाले संभावित प्रतिबंध को प्रदेश के पूरे तराई क्षेत्र में बढ़ाया जा सकता है जिसमें नैनीताल और हरिद्वार जिलों के कुछ हिस्से भी शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने की छूट नहीं दी जाएगी। हिमालय की तलहटी में स्थित उत्तराखंड के तराई क्षेत्र का अधिकांश भाग अन्न भंडार के रूप में मशहूर ऊधमसिंह नगर जिले में पड़ता है और यदि प्रतिबंध लागू होता है तो इसका सीधा असर जिले के करीब 15,000 किसानों पर पड़ेगा।

वर्ष 2024 में भी प्रशासन ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर प्रतिबंध लगाया था लेकिन बाद में किसानों के अनुरोध पर इसे अस्थायी रूप से हटा लिया गया था। हालांकि, इस बार प्रशासन भूजल संरक्षण को लेकर ज्यादा सख्त रुख अपनाने के मूड में नजर आ रहा है। वहीं, धान उत्पादक किसानों का कहना है कि वे वर्षों से ग्रीष्मकालीन धान की खेती करते आ रहे हैं, जिससे उन्हें साल में एक अतिरिक्त फसल का लाभ मिलता है। किसानों ने कहा कि यदि प्रतिबंध लगाया गया तो उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा। हालांकि, अभी तक तक प्रशासन स्तर से प्रतिबंध को लेकर कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं किया गया है, लेकिन लगातार मिल रहे संकेतों के चलते किसान असमंजस में हैं कि वे इस बार बेमौसमी धान की बुवाई करें या नहीं। कृषि और जल संरक्षण के बीच संतुलन की बहस के बीच फिलहाल तराई के किसान प्रशासन के अंतिम निर्णय के इंतजार में हैं।

## पेज एक का शेष

### कुत्ते ने काटा

गुजरात के एक वकील को एक पार्क में कुत्ते ने काट लिया और जब नगर निगम के अधिकारी उस जानवर को पकड़ने गए, तो खुद को कुत्ता प्रेमी बताने वाले वकीलों ने नगर निगम के अधिकारियों पर हमला कर दिया। न्यायालय ने इस पर भी अफसोस जताया कि पिछले चार दिन से वह इस मुद्दे पर दलीलें सुन रहा है, लेकिन कार्यकर्ताओं और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के हस्तक्षेप के कारण वह मामलों में आगे नहीं बढ़ पाया और केंद्र तथा राज्य सरकारों के पक्ष को भी नहीं सुन सका। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा, हम सभी वकीलों से अनुरोध करते हैं कि वे हमें केंद्र, राज्य सरकारों और अन्य संबंधित निकायों की जवाबदेही तय करने दें[8230] हमें आदेश पारित करने दें। हमें राज्यों और केंद्र के साथ आधा दिन बिताने की जरूरत है, ताकि यह देखा जा सके कि उनके पास कोई कार्ययोजना है या नहीं। समस्या हजार गुना बढ़ चुकी है। हम सिर्फ वैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं। हमें यह करने दें। हमें काम करने दें। हमें आगे बढ़ने दें।

### मकर संक्रांति

क्षेत्र में 17 थाने व 42 पुलिस चौकी, 20 अग्निशमन स्टेशन, 07 अग्निशमन चौकी, 20 अग्निशमन वॉच टावर, 01 जल पुलिस थाना, 01 जल पुलिस कन्ट्रोल रूम तथा 04 जल पुलिस सब कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। 8 किलोमीटर से अधिक डीप वाटर बैरीकेडिंग एवं 02 किलोमीटर रिवर लाइन (एकल दिशा मार्ग के लिए) लगायी गयी है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत पैरा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है। नगर एवं मेला क्षेत्र में पूर्व से स्थापित सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त एआई युक्त कैमरों सहित 400 से अधिक कैमरों के माध्यम से क्राउड मानिटरिंग, क्राउड डेन्सिटी एनालिसिस, इन्सीडेन्ट रिपोटिंग, स्वच्छता एवं सुरक्षा निगरानी की व्यवस्था की गयी है।

### नये भारत

कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम-चेंजर सिद्ध हुआ है। उत्तर प्रदेश आज देश के प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन के रूप में उभरा है। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो और एयर कनेक्टिविटी, देश की पहली रैपिड रेल, अंतर्देशीय जलमार्ग और रोपवे जैसे प्रोजेक्ट समयबद्ध ढंग से आगे बढ़े हैं, जिनके पीछे निरंतर समीक्षा और समस्या-समाधान का प्रभावी मंच प्रगति रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' (स्टेट वाइड अटेंशन ऑन ग्रीवांसेज बाई एप्लिकेशन ऑफ टेक्नोलॉजी) के रूप में प्रारंभ हुई थी, जिसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। यही मॉडल आगे चलकर प्रगति के राष्ट्रीय स्वरूप के रूप में विकसित हुआ, जिसने मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, सामाजिक योजनाओं और सिस्टम रिफॉर्म के क्षेत्र में टीम इंडिया अप्रोच को मजबूती प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि गवर्नेंस रिफॉर्म है। इसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में अग्रसर किया है। इसके माध्यम से निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बबार्दी रुकी है तथा केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के साथ-साथ स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके माध्यम से 86 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। इनमें से 377 प्रमुख परियोजनाओं की प्रत्यक्ष समीक्षा प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है, जबकि 3162 में से 2958 मुद्दों का समाधान किया जा चुका है, जो शासन की विश्वसनीयता को दर्शाता है।

### महिलाओं के

ने यह सुनिश्चित किया है कि युवतियां भयमुक्त वातावरण में स्कूल-कॉलेज और बाजार जा सकें तथा हंसते हुए आगे बढ़ें। उन्होंने चेतावनी दी, अगर किसी गुंडे ने दुस्साहस किया तो उस गुंडे के लिए अगले चौराहे पर यमराज उसका टिकट काटने के लिए जरूर बैठा होगा। आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जापानी इंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) बीमारी को लेकर कहा कि राज्य की पिछली सरकारें जो नहीं कर पाईं, उनकी सरकार ने मात्र दो साल में कर दिखाया और इस बीमारी का हमेशा के लिए खात्मा कर दिया। उन्होंने कहा जब आज के गोरखपुर की तुलना 2017 से पहले के गोरखपुर से करेंगे, तो आपको ज़मीन-आसमान का फर्क नज़र आएगा-2017 से पहले का गोरखपुर उपेक्षित, असुरक्षित था। जिस तरह पूरे राज्य में अशांति थी, वही हाल गोरखपुर का भी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां गुंडागर्दी, बदमाशों द्वारा जबरन वसूली, गंदगी, विकास का अभाव, बिजली की कमी और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां फैली हुई थीं। उन्होंने दावा किया कि मच्छर और माफिया एक दूसरे के पूरक थे। आदित्यनाथ ने कहा जब समाज स्वच्छता के प्रति जागरूक नहीं होता, चाहे वह गांवों, कस्बों, शहरों की स्वच्छता हो या सामाजिक स्वच्छता, तो उसे स्वयं इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। पूर्व की सरकारों के कार्यकालों में दंगा, लूट और अशांति होने का दावा करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार ने गोरखपुर समेत पूरे पूर्वांचल के कायापलट के लिए जो अभियान चलाया, उसके परिणाम आज जमीनी स्तर पर देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में पिछले आठ वर्षों के अंदर हजारों करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, 50,000 से अधिक नौजवानों को नौकरी मिली है।

### ट्रंप ने ईरान

से एक रहा है। अमेरिका ने पहले ही भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, जो दुनिया के किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्क में से एक है। इसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, ईरान को भारत के प्रमुख निर्यातों में चावल, चाय, चीनी, दवाइयां, कृत्रिम फाइबर, विद्युत मशीनरी और कृत्रिम आभूषण शामिल हैं जबकि ईरान से भारत के प्रमुख आयातों में सूखे मेवे, अकार्बनिककार्बनिक रसायन और कांच के बर्तन शामिल हैं। ऑनलाइन डेटा विजुअलाइजेशन और वितरण मंच ऑब्जर्वेटरी ऑफ इकोनॉमिक कॉम्प्लेक्सिटी (ओईसी) के अनुसार, 2023 में भारत से ईरान को निर्यात कुल 1.19 अरब डॉलर था जबकि भारत में आयात कुल 1.02 अरब डॉलर का हुआ था। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने कहा, भारत और ईरान के बीच सदियों पुराना संबंध है। समकालीन संबंध इन ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंधों की मजबूती पर आधारित हैं और उच्च स्तरीय आदान-प्रदान, वाणिज्यिक एवं संपर्क सहयोग, सांस्कृतिक और मजबूत जन-संबंधों के माध्यम से लगातार मजबूत हो रहे हैं। भारत-ईरान संबंधों का एक महत्वपूर्ण पहलू चाबहार बंदरगाह का संयुक्त विकास है। ऊर्जा से भरपूर ईरान के दक्षिणी तट पर स्थित सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत और ईरान संपर्क एवं व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए विकसित कर रहे हैं।

### मंदिर के पास

शामिल होने का आरोप लगाया और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि मौके पर निरीक्षण और शुरुआती जांच के बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त आशुतोष कुमार ने बिल्हौर के थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज, चौकी प्रभारी प्रेमवीर सिंह, बीट अधिकारी आफताब आलम और हेड कांस्टेबल दिलीप गंगवार को कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा चार अन्य को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि लापरवाही के लिए सख्त कार्रवाई की गई है। शुरुआती जांच में पता चला कि घटनास्थल बिल्हौर थाने के डेढ़ किलोमीटर के दायरे में आता है और निरंतर गश्त के दावों के बावजूद ऐसी घटना होना पुलिस की गंभीर लापरवाही को दिखाता है। पुलिस ने बताया कि हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं के हंगामे के दौरान पांच कारों में तोड़फोड़ की गई।

### जम्मू-कश्मीर

और स्वास्थ्य विभाग में चालक मोहम्मद यूसुफ शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इन कर्मचारियों को संविधान के अनुच्छेद 311 (2)(सी) के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है। इस प्रावधान के तहत राष्ट्रपति या राज्यपाल के पास यह शक्ति होती है कि वह यह सुनिश्चित होने पर कि राज्य की सुरक्षा के हित में औपचारिक जांच कराना उचित नहीं है, किसी सरकारी कर्मचारी को बिना जांच के बर्खास्त या पद से हटा सकता है। बर्खास्त कर्मचारियों के खिलाफ तैयार दस्तावेज के अनुसार, स्कूल शिक्षा विभाग में रहबर-ए-तालीम के रूप में नियुक्त और बाद में 2013 में शिक्षक के रूप में नियमित किए गए मोहम्मद इशफाक कथित तौर पर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के लिए काम कर रहा था। दस्तावेज के मुताबिक, वह एलईटी के कमांडर मोहम्मद अमीन उर्फ अबू खुबैब के लगातार संपर्क में था, जिसे पाकिस्तान से काम करने वाले एक आतंकवादी के रूप में चिन्हित किया गया है। एलईटी ने इशफाक को सक्रिय भूमिका सौंपी थी और उसे 2022 की शुरुआत में डोडा में एक पुलिस अधिकारी की हत्या को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों ने इशफाक की गतिविधियों पर निगरानी शुरू की और लगातार निगरानी में यह सामने आया कि एलईटी के कुछ ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) आतंकवादी गतिविधियों में उसकी मदद कर रहे थे। अप्रैल 2022 में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उसे योजना को अंजाम देने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया।

### जेब में सांप

में जब उससे पूछा गया कि सांप कहां है, तो उसने अपनी जैकेट की चेन खोली, और सवाल पूछने वाले व्यक्ति को सांप दिखाया। उसके बाद उसने सांप को फिर से अपनी जैकेट की जेब में रख लिया। दीपक ने दावा किया कि वह वृंदावन से आया है और यह भी कहा कि सरकारी अस्पताल में उपचार की कोई सुविधा नहीं है।

### जरूरतमंदों की

द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जब तक सर्दी पड़ती रहेगी, वे शहर में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे और लोगों को जाड़े की मार से बचाते रहेंगे। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प है।




# गुजरात ने मुंबई को दिया 193 रन का लक्ष्य

## मुंबई के लिए शबनिम इस्माइल, अमीलिया कर, निकोला कैरी और हैली मैथ्यूज ने 1-1 विकेट लिया

एजेंसी



नवी मुंबई। विकेट की खुशी मनातीं शबनिम इस्माइल और मुंबई की बाकी प्लेयर्स। विमेंस प्रीमियर लीग के छठे मैच में गुजरात जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 193 रन का टारगेट दिया। नवी मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में मुंबई ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने मजबूत शुरूआत के बाद 5 विकेट खोकर 192 रन बना दिए। टीम से जॉर्जिया वेयरहम ने 43 और भारती फुलमाली ने 36 रन बनाए। मुंबई के लिए शबनिम इस्माइल, अमीलिया कर, निकोला कैरी और हैली मैथ्यूज ने 1-1 विकेट लिया।

गुजरात से बेथ मूनी 33, कनिका आहूजा 35, कप्तान एश्ले गार्डनर 20 और सोफी डिवाइन 8 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। आयुषी सोनी 14 गेंद पर 11 रन बनाने के बाद रिटायर्ड आउट हुईं। वे डब्ल्यूपीएल में रिटायर्ड आउट होने वाली पहली ही प्लेयर बनीं। गुजरात जायंट्स ने टूनार्मेंट में लगातार 2 मैच जीत लिए हैं, टीम ने यूपी वॉरियर्ज और दिल्ली कैपिटल्स को हराया। वहीं मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को तो हरा दिया, लेकिन टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से पहला मैच हार गई। फिलहाल पॉइंट्स टेबल में गुजरात दूसरे और मुंबई तीसरे नंबर पर हैं। जॉर्जिया वेयरहम ने गुजरात को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। गुजरात ने 17 ओवर में 5 विकेट खोकर 143 रन बना लिए थे। यहां से टीम ने अगले 3 ओवर में 49 रन बनाकर स्कोर 192 तक पहुंचा दिया। 18वें ओवर में 10, 19वें ओवर में 16 और 20वें ओवर में 23 रन बने। जॉर्जिया वेयरहम 43 और भारती फुलमाली 36 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। विकेट की खुशी मनातीं शबनिम इस्माइल और मुंबई की बाकी प्लेयर्स। विमेंस प्रीमियर लीग के चौथे सीजन में आज छठा मैच खेला जा रहा है। नवी मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात जायंट्स ने 16 ओवर के बाद 4 विकेट के नुकसान पर 136 रन बना लिए हैं। टीम से जॉर्जिया वेयरहम (27 रन) और आयुषी सोनी (11 रन) पिच पर हैं। बेथ मूनी 33, कनिका आहूजा 35, कप्तान एश्ले गार्डनर 20 और सोफी डिवाइन 8 रन बनाकर आउट हुईं। शबनिम इस्माइल, हैली मैथ्यूज, निकोला कैरी और अमीलिया कर ने 1-1 विकेट लिया।

गुजरात जायंट्स ने टूनार्मेंट में लगातार 2 मैच जीत लिए हैं, टीम ने यूपी वॉरियर्ज और दिल्ली कैपिटल्स को हराया। वहीं मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को तो हरा दिया, लेकिन टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से पहला मैच हार गई। फिलहाल पॉइंट्स टेबल में गुजरात दूसरे और मुंबई तीसरे नंबर पर हैं। 16 ओवर खत्म होने के बाद गुजरात ने आयुषी सोनी को रिटायर्ड आउट कर वापस बुला लिया। वे 14 गेंद पर 11 रन ही बना सकी थीं, उनकी जगह भारती फुलमाली को बैटिंग करने भेजा गया। गुजरात जायंट्स ने 12वें ओवर में अपने 100 रन भी पूरे कर लिए। जॉर्जिया वेयरहम और आयुषी सोनी पिच पर मौजूद रहीं। गुजरात जायंट्स ने 9 ओवर में 2 विकेट खोकर 96 रन बना लिए थे। अगले ओवर की दूसरी गेंद पर निकोला कैरी ने एश्ले गार्डनर को एलबीडब्ल्यू कर दिया। 11वें ओवर में फिर हैली मैथ्यूज ने कनिका आहूजा को भी कैच करा दिया। गार्डनर ने 20 और आहूजा ने 35 रन बनाए। लेग स्पिनर अमीलिया कर ने अपने पहले ही ओवर में विकेट झटक लिया। उन्होंने 7वें ओवर की तीसरी गेंद गुड लेंथ पर गूगली फेंकी।

बेथ मूनी सिंगल लेने गईं, लेकिन अमीलिया को ही कैच दे बैठीं। उन्होंने 33 रन बनाए। गुजरात जायंट्स ने 5 ओवर में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। इस दौरान टीम से बेथ मूनी और कनिका आहूजा पिच पर मौजूद रहीं। तीसरे ओवर में शबनिम इस्माइल ने मुंबई को पहला विकेट दिलाया। ओवर की चौथी गेंद शबनिम ने शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ फेंकी। सोफी डिवाइन कट करने गईं, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गईं। वे 8 रन ही बना सकीं। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात जायंट्स ने पहले ओवर में 1 रन बनाया। टीम से बेथ मूनी और सोफी डिवाइन ओपनिंग करने उतरीं। मुंबई से शबनिम इस्माइल ने पहला ओवर फेंका। गुजरात जायंट्स ने लगातार 2 मैच जीत लिए हैं। टीम ने यूपी वॉरियर्ज और दिल्ली कैपिटल्स को हराया।

# दिल्ली को हराकर विदर्भ विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में



बेंगलुरु। पिछले सत्र के उपविजेता विदर्भ ने अनुशासित और ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली को 76 रन से हराकर मंगलवार को यहां विजय हजारे एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विदर्भ सेमीफाइनल में कर्नाटक का सामना करेगा। पिछले सत्र में इन दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला गया था। सौराष्ट्र शुक्रवार को होने वाले एक अन्य सेमीफाइनल में पंजाब का सामना करेगा। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 300 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर बनाया। उसकी तरफ से यश राठौड़ ने 86 और सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे ने 62 रन का योगदान दिया। इसके जवाब में दिल्ली की टीम 45.1 ओवर में 224 रन पर आउट हो गई। उसे कप्तान ज्षभ पंत और उप कप्तान आयुष बडोनी की कमी खली। पंत चोटिल है जबकि बडोनी को न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।

उनके अनुपस्थिति में दिल्ली के बल्लेबाजों को विदर्भ के तेज और स्पिन मिश्रित आक्रमण के सामने संघर्ष करना पड़ा। विदर्भ की तरफ से तेज गेंदबाज नचिकेत भूटे ने 7.1 ओवर में 51 रन देकर चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर और कप्तान हर्ष दुबे ने भी नौ ओवरों में 36 रन देकर तीन विकेट लेकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि नई गेंद के गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने 54 रन देकर दो विकेट लेकर उपयोगी योगदान दिया। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने दिल्ली के लिए अकेले संघर्ष करते हुए 98 गेंदों पर 66 रन बनाए, लेकिन यह टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रावत ने शीर्ष और मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बाद पारी को संभालने की कोशिश की और मयंक गुसांई (18), हर्ष त्यागी (27) और ज्तिक शोकीन (21) के साथ उपयोगी रन जोड़े। लेकिन नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के कारण उनका प्रयास कामयाब नहीं रहा। दिल्ली को 64 गेंदों में 98 रन चाहिए थे और चार विकेट शेष थे। रावत आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के प्रयास में आउट हो गए। इसके बाद दिल्ली की पारी को सिमटने में देर नहीं लगी। इससे पहले विदर्भ ने सलामी बल्लेबाज अमन मोखाडे (06) के जल्दी आउट होने के बाद तायडे (72 गेंदों में 62 रन) और ध्रुव शोरे (71 गेंदों में 49 रन) के बीच दूसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी से अच्छी वापसी की। दिल्ली के कप्तान इशांत शर्मा ने तायडे को बोल्ड करके लिस्ट ए क्रिकेट में अपना 200वां विकेट लिया। इशांत के अलावा दिल्ली की तरफ से नवदीप सैनी और प्रिंस यादव ने भी दो-दो विकेट लिए। वहीं दूसरी ओर अपने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर पंजाब ने मध्यप्रदेश को 183 रन से हराकर मंगलवार को विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पंजाब ने कप्तान प्रभसिमरन सिंह के 86 गेंद में 88 रन, अनमोलप्रीत सिंह के 62 गेंद में 70, नेहाल वढेरा के 38 गेंद में 56 और हरनूर सिंह के 71 गेंद में 51 रन की मदद से छह विकेट पर 345 रन बनाये। रमनदीप सिंह ने 15 गेंद में 24 रन बनाये।

मध्यप्रदेश के लिये त्रिपुरेश सिंह और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने दो दो विकेट लिये। जवाब में मध्यप्रदेश की टीम 31 . 2 ओवर में 162 रन पर आउट हो गई। पहले गेंदबाजी का अय्यर का फैसला सफल नहीं रहा और पंजाब को शानदार शुरूआत देते हुए प्रभसिमरन और हरनूर ने पहले विकेट के लिये 21 ओवर में 166 रन जोड़े। आर्यन पांडे नू 22वें ओवर में हरनूर को आउट करके मध्यप्रदेश को पहली सफलता दिलाई। लेकिन इसके बाद अनमोलप्रीत ने आकर तेजी से रन बनाना जारी रखा। प्रभसिमरन हालांकि शतक से चूक गए और कुलदीप सेन की गेंद पर 30वें ओवर में सारांश जैन को कैच दे बैठे। नमन धीर भी 23 रन बनाकर आउट हो गए और एस समय पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 199 रन था। वढेरा ने चौथे विकेट के लिये अनमोलप्रीत के साथ 76 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी की। जवाब में मध्यप्रदेश की शुरूआत खराब रही और 17वें ओवर में उसके पांच विकेट 66 रन पर गिर गए थे। रजत पाटीदार 40 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए तब स्कोर सात विकेट पर 132 रन था।

## संक्षेप

### वीनस विलियम्स होबार्ट में पहले दौर में बाहर

होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया)। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही है। वीनस मंगलवार को यहा होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं। वीनस को साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं।

### प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को हराया

सेंचुरियन। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने अपने ऑलराउंड खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एमआई केपटाउन को 53 रन से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। बोनस अंक से जीत हासिल करने से प्रिटोरिया कैपिटल्स के 20 अंक हो गए हैं जबकि सनराइजर्स ईस्टर्न केप (19 अंक) दूसरे स्थान पर खिसक गया है। एमआई केपटाउन की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद को इस हार से करारा झटका लगा है। सोमवार रात को खेले गए इस मैच में कैपिटल्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेरफेन रदरफोर्ड (27 गेंदों में 53 रन) के अर्धशतक की मदद से छह विकेट पर 185 रन बनाए। इसके जवाब में एमआई केपटाउन की टीम सात व्किेट पर 132 रन ही बना पाई। एमआई केपटाउन की तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने नाबाद 68 रन बनाए। कैपिटल्स के लिए गिडयोन पीटर्स ने 32 रन देकर तीन विकेट लिए।

### नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेंगे कार्लसन

नयी दिल्ली। शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो इस बार स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेली जाएगी। कार्लसन पिछले 13 वर्षों में अपनी घरेलू धरती पर होने वाले टूर्नामेंट में हमेशा खेलते रहे हैं लेकिन हाल में उन्होंने क्लासिकल शतरंज से दूरी बढ़ाने का फैसला किया था जिससे उनका इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह पैदा हो गया था। नॉर्वे शतरंज क्लासिकल प्रारूप का टूर्नामेंट है।

# यौन कदाचार कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा : एनआरएआई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी महासंघ के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा कि यौन कदाचार को लेकर महासंघ की जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता) नीति है और राष्ट्रीय कोच अंकुश भारद्वाज द्वारा एक नाबालिग निशानेबाज के कथित यौन उत्पीड़न के मामले की जांच कर रही एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया जायेगा।

मोहाली के रहने वाले पिस्टल कोच भारद्वाज के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा छह के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न और भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(दो) के तहत आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है। सत्रह वर्ष की एक निशानेबाज ने फरीदाबाद में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा कि अपराध शाखा की दो टीमें और महिला पुलिस थाना आरोपी की तलाश के लिये छापेमारी कर रही है।

कलिकेश ने पीटीआई वीडियो से कहा, यह काफी संवेदनशील मामला है और एनआरएआई यह सुनिश्चित करने पर फोकस करता रहा है कि खिलाड़ियों के लिये सुरक्षित प्रदर्शन वातावरण और कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मामले का पता चलते ही एनआरएआई ने कोच को निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा चूंकि मामले की शिकायत सीधे पुलिस के पास की गई है तो जांच पुलिस ही कर रही है। एनआरएआई जांच में पूरा सहयोग करेगा। अगर हमारे पास शिकायत आती तो हम सीधे आंतरिक शिकायत समिति के पास भेजते।

# न्यूजीलैंड से श्रृंखला जीतने उतरेगी भारतीय टीम



एजेंसी

राजकोट। विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा।

भारत ने वडोदरा में खेले गए पहले मैच में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वाशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। चयनकर्ताओं ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है, लेकिन भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए नीतीश कुमार रेड्डी के रूप में एक और ऑलराउंडर को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। ज्षभ पंत पहले वनडे से पूर्व चोटिल होने के कारण श्रृंखला से बाहर हो गए थे। चयनकर्ताओं ने उनकी जगह ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल करने का फैसला किया, जो टीम प्रबंधन के लिए विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में एक और विकल्प हो सकते हैं। भारतीय टीम के पास कई विकल्प हैं लेकिन अगले महीने से शुरू होने वाले टीम टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वह किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहेगी। टी20 टीम में वनडे टीम से बिल्कुल अलग बल्लेबाजी क्रम होगा। लेकिन कुछ नाम दोनों टीमों में समान हैं। इनमें सबसे महत्वपूर्ण नाम ऑलराउंडर तिलक वर्मा का है जो ग्रोइन की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ कम से कम पहले तीन टी20 मैचों में नहीं खेल पाएंगे। भारतीय टीम की इन चिंताओं के बीच सभी की निगाह कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी रहेगी जो अब अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं। पहले मैच में कोहली वनडे में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी।

# दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स आज आमने-सामने

एजेंसी




नवी मुंबई। यूपी वॉरियर्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में जब आमने-सामने होगी तो उनकी निगाह पावरप्ले में अपने प्रदर्शन में सुधार करने पर टिकी रहेगी। वॉरियर्स के बल्लेबाज पावरप्ले में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि कैपिटल्स के गेंदबाज खेल के इस महत्वपूर्ण हिस्से में जूझते रहे हैं।

कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी में आदर्श शुरुआत नहीं की है और उसकी टीम अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी। गुजरात जायंट्स से हार के बाद रोड्रिग्स ने कहा था, मुझे लगता है कि पावरप्ले में हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। मुझे लगता है कि हमें अपनी रणनीति को और बेहतर बनाने की जरूरत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब तक की सकारात्मक बात गेंदबाज श्री चरणी और नंदनी शर्मा का अच्छा प्रदर्शन रहा है। नंदिनी ने पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी जिससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ होगा। दूसरी ओर यूपी वॉरियर्स को पावरप्ले में अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। पहले दो मैचों में हरलीन देओल और किरण नवगिरे ने मेग लैनिंग के साथ पारी की शुरुआत की लेकिन यह दोनों संयोजन कारगर साबित नहीं हुए। टीम प्रबंधन को लैनिंग के साथ पारी की शुरुआत करने के लिए एक अदद खिलाड़ी ढूंढनी होगी। भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ और शिखा पांडे को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है।

डिएंड्रा डॉटिन को भी पिछले मैच की निराशा से उबरना होगा। ग्रेस हैरिस ने इस मैच में उनके एक ओवर में 32 रन ठोक दिए थे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद कप्तान लैनिंग ने कहा, निश्चित रूप से कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। विशेषकर शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हमने शुरुआत में बहुत सारी डॉट बॉल खेलीं। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।?

# लक्ष्य इंडिया ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी



नयी दिल्ली। स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने मंगलवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। वर्ष 2022 के चैंपियन लक्ष्य ने आईजी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9,50,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर में आयुष को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इंडिया ओपन में खेल रहे थे। चौबीस साल के लक्ष्य अगले दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोडाई नारोका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने बेहतर खेल दिखाया और परिस्थितियों से बेहतर ढंग से सामंजस्य बैठाने में सफल रहे। आयुष ने कुछ मौकों पर अच्छी टक्कर दी लेकिन लक्ष्य का बड़े मुकाबलों में खेलने का अनुभव उनके काम आया।

लक्ष्य ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए 20 साल के आयुष को पहले गेम में कोई मौका नहीं दिया। पिछले कुछ समय से निरंतर प्रदर्शन करने में नाकाम रहे लक्ष्य ने अपने दमदार स्मैश और नेट पर अच्छे खेल की बदौलत 11-3 की मजबूत बढ़त बनाई। आयुष कुछ हद तक वापसी करते हुए स्कोर 12-17 करने में सफल रहे लेकिन इसके बावजूद लक्ष्य को पहला गेम जीतने में अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। दूसरे हाफ में आयुष ने बेहतर खेल दिखाया और लक्ष्य की कमजोरियों का फायदा उठाकर 5-1 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की। लक्ष्य ने हालांकि लगातार चार अंक के साथ स्कोर 4-5 कर दिया और फिर 6-6 के स्कोर पर बराबरी हासिल कर ली। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन आयुष ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाने में सफल रहे। लक्ष्य ने हालांकि लगातार दो अंक के साथ 12-11 की बढ़त बना ली और फिर स्कोर 15-12 किया। लक्ष्य ने 19-14 के स्कोर पर आयुष के शॉट बाहर मारने पर छह मैच प्वाइंट हासिल किए। आयुष ने स्मैश के साथ एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन अगले अंक पर शटल को नेट के पार भेजने में नाकाम रहे जिससे लक्ष्य ने गेम और मैच जीत लिया।

❍ विक्टर लेई और कुसुमा वरदानी इंडिया ओपन के दूसरे दौर में

वहीं दूसरी ओर विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता कनाडा के विक्टर लेई ने तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए मंगलवार को यहां योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन 2026 सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि उनके हमवतन ब्रायन यांग ने उलटफेर करते हुए चौथे वरीय चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला एकल में इंडोनेशिया की छठी वरीय और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता पुत्री कुसुमा वरदानी तथा थाईलैंड की अनुभवी सातवीं वरीय रतचानोक इंतानोन जीत दर्ज करने में सफल रहीं। इक्कीस साल के विक्टर ने फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21-12, 16-21, 21-8 से हराया जबकि यांग ने टिएन चेन को सीधे गेम में 21-19, 21-11 से शिकस्त दी। विक्टर ने मैच के बाद कहा मुकाबला काफी उतार-चढ़ाव वाला था।

## विंबलडन के मिलोस राओनिच ने लिया संन्यास लिया

ओटावा। विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। राओनिच 2016 में विंबलडन में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सेमीफाइनल में रोजर फेडरर को 6-3, 6-7, 4-6, 7-5, 6-3 से हराया था लेकिन फाइनल में एंडी मरे से हार गए थे। उस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी।

# पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन को मान्यता देने की मांग

आशुतोष यादव




लखनऊ। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य के लिए केवल एक रणजी टीम होना क्या न्यायसंगत है? यह सवाल एक बार फिर चर्चा में है। हाल ही में यूपी टी-20 लीग के फाइनल मुकाबले के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि 'हमारे यहां लाखों युवा क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन बहुतों को सही मंच नहीं मिल पाता। अगर राज्य में चार टीमें होंगी तो खिलाड़ियों को अधिक मौके मिलेंगे और भारतीय क्रिकेट को भी फायदा होगा।

❍ बीसीसीआई से की मांग, सीएम योगी के बयान से क्रिकेट जगत में नयी हलचल

मुख्यमंत्री के इस बयान ने यूपी क्रिकेट जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि इतनी बड़ी आबादी वाले प्रदेश से केवल एक टीम का रणजी ट्रॉफी में खेलना अनेक प्रतिभाओं के साथ नाइंसाफी है। योगी के इस बयान के बाद युवा खिलाड़ियों में नई उम्मीद जगी है, वहीं पूर्वांचल में भी उत्साह की लहर दौड़ गई है। पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) पिछले कई वर्षों से बीसीसीआई से मान्यता की मांग कर रहा है। संगठन का मानना है कि पूर्वांचल जैसे क्षेत्र की अपनी अलग टीम होनी चाहिए, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मौका मिल सके। एसोसिएशन के सचिव एस.एम. अरशद ने बताया कि वह वर्ष 2005 से पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन लगातार खिलाड़ियों के लिए काम कर रहा है और राज्य स्तर पर कई सफल प्रतियोगिताएं आयोजित की हैं उन्होंने कहा कि 'हम बीसीसीआई से मान्यता के लिए लंबे समय से प्रयासरत हैं। हाईकोर्ट से इस दिशा में हरी झंडी भी मिल चुकी है, लेकिन मामला अब तक लंबित है।

उन्होंने आगे कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्य के क्रिकेट ढांचे में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया है। अब हमें भरोसा है कि बीसीसीआई इस साल पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन को मान्यता प्रदान कर सकता है। एस.एम. अरशद के अनुसार, पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन ने बीते वर्ष पूर्वांचल टी- 20 क्रिकेट लीग का आयोजन बनारस, चंदौली और जौनपुर में कराया था, जो बेहद सफल रहा। इसका उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को बड़े मंच के लिए तैयार करना था। उन्होंने कहा, 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश के लिए केवल एक रणजी टीम होना किसी भी तरह उचित नहीं है। मुख्यमंत्री के बयान से अब हमें उम्मीद है कि पूर्वांचल की टीम रणजी ट्रॉफी में उतरते देखना जल्द ही संभव होगा। राज्य में क्रिकेट संरचना को विकेंद्रीकृत करने की दिशा में मुख्यमंत्री का यह बयान निश्चित रूप से ऐतिहासिक साबित हो सकता है। यदि बीसीसीआई पूर्वांचल क्रिकेट एसोसिएशन को मान्यता देता है, तो प्रदेश के हजारों युवा खिलाड़ियों को अपने सपनों को साकार करने का मंच मिल सकेगा। हमारे लिए गर्व की बात है कि वर्तमान समय में देश के प्रधानमंत्री पूर्वांचल क्षेत्र का ही प्रतिनिधित्व करते हैं जिनके चलते पूर्वांचल भी विकास की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है माननीय प्रधानमंत्री जी के अथक प्रयासों से पूर्वांचल के वाराणसी शहर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हो रहा है और गोरखपुर में भी प्रस्तावित है। लगभग 8 करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले पूर्वांचल के प्रतिभावान क्रिकेट खेल कौशल में दक्ष खिलाड़ियों के भविष्य को संवारने और उन्हें उचित प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से पूर्वांचल क्रिकेट संघ बीते 19 वर्षों से खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र के युवाओं का खेल के माध्यम से विकास करके पूर्वांचल के साथ-साथ देश प्रदेश का नाम रोशन करना है।

उत्तर प्रदेश की जनसंख्या लगभग 25 करोड़ से अधिक है यहां क्रिकेट प्रतिभाओं की भरमार है लेकिन एकमात्र क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ होने के नाते खिलाड़ियों को उचित अवसर और न्याय नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते उत्तर प्रदेश के होनाहर खिलाड़ी जैसे सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, मोहम्मद शमी, पंकज सिंह, दीपक चाहर ,राहुल चहर, नरेंद्र हिरवानी, मनोज प्रभाकर, चेतन चौहान और उमेश यादव जैसे खिलाड़ी अपने उत्तर प्रदेश से ना खेल कर अन्य राज्यों से देश की टीम का प्रतिनिधित्व किया हैं। उत्तर प्रदेश में 75 जिले हैं जिनमें एकमात्र संस्था उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ है जो खिलाड़ियों को बराबर उनका न्याय नहीं दे पा रही है।

# सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं :शाह

## गांधीनगर जिले के मानसा में 267 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बार-बार किए गए विनाश के प्रयासों के बावजूद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का उदाहरण देते हुए मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं है।

उन्होंने कहा कि मंदिर पर हमला करने वाले लोग अंततः मिट गए, लेकिन मंदिर आज भी गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में समुद्र तट पर उसी स्थान पर शान से खड़ा है। गांधीनगर जिले के मानसा में 267 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद शाह एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्घाटन किया था। महमूद गजनी ने 1,000 वर्ष पहले सोमनाथ मंदिर पर पहला हमला किया था। शाह ने कहा कि 1000 साल बाद और 16 बार नष्ट होने के बावजूद, सोमनाथ मंदिर अभी भी शान से खड़ा है और उसका ध्वज आसमान में लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि वहां एक भव्य सोमनाथ कॉरिडोर का निर्माण भी किया जा रहा है। शाह ने कहा कि यह पूरी दुनिया को संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और भारतीय लोगों की आस्था को मिटाना इतना आसान नहीं है। यह सूर्य और चंद्रमा की तरह शाश्वत और अमर है। यह सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गौरव का प्रतीक है। शाह ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे एक वर्ष तक मनाया जाएगा। इस दौरान देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य भारत की आत्मा को झकझोरना, उसकी चेतना को जागृत करना और सनातन धर्म की जड़ों को समाज के सबसे गहरे स्तर तक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि लगभग एक हजार वर्ष पहले हमारे भव्य सोमनाथ मंदिर को महमूद गजनी ने ध्वस्त किया था। इसके बाद अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब जैसे अन्य आक्रमणकारियों ने भी इस पर बार-बार हमले किए। लेकिन हर बार इस मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि विनाश करने वालों की सोच विनाश में विश्वास रखने वाली थी, जबकि निर्माण करने वालों की आस्था सृजन में थी। आज एक हजार वर्ष बाद वे विनाशक इतिहास में विलुप्त हो चुके हैं, लेकिन सोमनाथ मंदिर आज भी समुद्र के सामने गर्व से खड़ा है। शाह ने कहा कि आज़ादी के बाद इस मंदिर का पुनर्निर्माण सरदार वल्लभभाई पटेल, के एम मुंशी, जामनगर के महाराजा और देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के प्रयासों से किया गया। उन्होंने कहा कि इन सभी ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्स्थापन का संकल्प लिया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उस संकल्प के पीछे भावना यह थी कि सोमनाथ पर हुआ हमला केवल मंदिर पर हमला नहीं था, बल्कि वह हमारी आस्था, हमारे धर्म और हमारे आत्मसम्मान पर प्रहार था। इसका उत्तर किसी और हमले में नहीं, बल्कि अपने आत्मसम्मान की रक्षा करने में निहित है। अन्य परियोजनाओं के तहत शाह ने अपने गृह नगर मानसा में एक खेल परिसर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं और वैश्विक मानकों को ध्यान में रखते हुए इस खेल परिसर में कुछ और सुविधाएं जोड़े जाने की आवश्यकता है। इसलिए मैंने इस परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं जोड़ने के लिए सीएसआर कोष के माध्यम से 15 करोड़ रुपये एकत्र करने का निर्णय लिया है। इस क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी होगी कि आसपास के इलाकों के बच्चे इन सुविधाओं का उपयोग करें।

# ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है, किसी भी दुस्साहस से प्रभावी तरीके से निपटा जायेगा: सेना प्रमुख



नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है और दुश्मन के किसी भी दुस्साहस से माकूल तरीके से निपटा जाएगा।

सेना प्रमुख ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर हालात स्थिर हैं, लेकिन इस पर लगातार नजर रखने की ज़रूरत है। ऑपरेशन सिंदूर के अलग-अलग पहलुओं के बारे में विस्तार से बात करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि इससे रणनीतिक सोच को फिर से तैयार करने में मदद मिली, क्योंकि भारतीय सेना ने आतंकी ढांचे को खत्म करने और इस्लामाबाद की लंबे समय से चली आ रही परमाणु बयानबाजी को धता बताने के लिए अंदर तक हमला किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि आप जानते होंगे, ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है, और भविष्य में किसी भी दुस्साहस का दृढ़ता से जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि तीनों सेनाओं के तालमेल को दिखाने वाला यह अभियान सीमापार आतंकवाद के लिए भारत का सोचा-समझा और मजबूत जवाब था, जो तैयारी, सटीकता और रणनीतिक स्पष्टता दिखाता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने अपने सैनिकों को इकट्ठा कर लिया था और वह जमीनी हमलों के लिए तैयार थी। जनरल द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी मोर्चे पर हालात स्थिर हैं, लेकिन लगातार नजर रखने की जरूरत है। नए सिरे से संपर्क और भरोसा बनाने के उपायों से हालात क्रमिक तरीके से सामान्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि साथ ही, संपूर्ण सरकार के रुख के माध्यम से क्षमता विकास और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने का काम चल रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि जम्मू कश्मीर में हालात संवेदनशील बने हुए हैं, लेकिन पूरी तरह नियंत्रण में हैं।

## संक्षेप

### रूस ने यूक्रेन के विद्युत ग्रिड पर किया हमला, चार की मौत

कीव। रूस ने चार दिनों में यूक्रेन पर दूसरा बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला करके उसके विद्युत ग्रिड को एक बार फिर निशाना बनाया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। युद्ध के चार साल पूरे होने वाले हैं और ऐसा लगता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों को रूस नजरअंदाज कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर बताया कि रूस ने रात भर में आठ क्षेत्रों पर लगभग 300 ड्रोन, 18 बैलिस्टिक मिसाइलों और सात क्रूज मिसाइलों से हमला किया। जेलेंस्की ने कहा कि पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र में एक हमले में एक डाक डिपो में चार लोगों की मौत हो गई और कीव क्षेत्र में कई लाख घरों में बिजली गुल हो गई थी। राजधानी में दिन का तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। सड़कें बर्फ से ढकी थीं और शहर जनरेटरों के शोर से गूंज रहा था। चार दिन पहले रूस ने रात भर चले एक बड़े हमले में सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया था। इसके अलावा रूस ने लंबे समय से जारी युद्ध में केवल दूसरी बार एक शक्तिशाली नई हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया, जिसने पश्चिमी यूक्रेन को निशाना बनाया। रूस पीछे नहीं हटेगा। रूस पर लड़ाई को खतरनाक और समझ से परे तरीके से तूल देने का आरोप लगाया।

# विरोध प्रदर्शनों को लेकर ईरानी नागरिक विदेशों में बातचीत कर पाये



दुबई। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई के तहत इंटरनेट सेवाएं स्थगित किये जाने के बाद, लोग पहली बार मंगलवार को विदेशों में फोन के जरिये बातचीत कर पाए।

मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के अनुसार, प्रदर्शन में कम से कम 646 लोग मारे गए हैं। तेहरान में कई लोग समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को फोन कर वहां के एक पत्रकार से बात करने में सफल रहे, हालांकि बाद में दुबई स्थित एपी ब्यूरो उन नंबरों पर बातचीत नहीं कर पाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एसएमएस संदेश भेजने की सुविधा ठप है और ईरान में इंटरनेट उपयोगकर्ता सरकार द्वारा स्थानीय स्तर पर अनुमोदित वेबसाइटों से जुड़ सकते हैं, लेकिन विदेशी वेबसाइटों से नहीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने साढ़े चार दिन तक दुनिया से कटे रहने के दौरान ईरान की राजधानी की सड़कों पर जीवन की एक संक्षिप्त झलक पेश की। उन्होंने मध्य तेहरान में भारी सुरक्षा व्यवस्था होने की बात कही। हेलमेट और कवच पहने दंगा-रोधी पुलिस अधिकारी लाठी, ढाल, शॉटगन और आंसू गैस के गोले लिए हुए थे। वे प्रमुख चौराहों पर निगरानी रख रहे थे। पास ही में प्रत्यक्षदर्शियों ने रिवोल्यूशनरी गार्ड के स्वयंसेवी बासिज बल के सदस्यों को देखा, जो इसी तरह के आग्नेयास्त्र और लाठी लिए हुए थे। सादे कपड़ों में सुरक्षा अधिकारी सार्वजनिक स्थानों पर भी नजर आए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अशांति के दौरान कई बैंक और सरकारी कार्यालय जला दिए गए। उन्होंने बताया कि एटीएम तोड़ दिए गए थे और इंटरनेट के बिना बैंकों को लेनदेन पूरा करने में कठिनाई हो रही थी। हालांकि, दुकानें खुली थीं, लेकिन राजधानी में लोगों की आवाजाही नहीं के बराबर थी। तेहरान का ग्रैंड बाजार, जहां 28 दिसंबर को प्रदर्शन शुरू हुए थे, मंगलवार को खुलने वाला था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कई दुकानदारों से बात करने का जिक्र किया, जिन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने उन्हें हर हाल में दुकानें खोलने का आदेश दिया था।

# ट्रंप के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा से निर्यातक चिंतित

नयी दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा के बाद निर्यातक सतर्क हैं।

निर्यातकों का कहना है कि अतिरिक्त शुल्क के प्रभाव का आकलन ट्रंप प्रशासन द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद ही किया जा सकेगा। भारतीय निर्यातक पहले से 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क का सामना कर रहे हैं। ट्रंप ने घोषणा की है कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को अमेरिका के साथ अपने व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करना होगा। यह एक ऐसा कदम जो भारत, चीन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे ईरान के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों को प्रभावित कर सकता है। घरेलू कंपनियां ईरान के साथ व्यापार से संबंधित सभी प्रतिबंधों का अनुपालन कर रही हैं। हालांकि ट्रंप की ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों को 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा पर स्पष्ट जानकारी मिलने पर ही इस चेतावनी के प्रभाव का आकलन संभव हो पायेगा।

# खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को सुदृढ़ करना आवश्यक : वैष्णव



न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन। रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिका में आयोजित महत्वपूर्ण मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया और महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत एवं सुरक्षित बनाने के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। वैष्णव ने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा सोमवार को आयोजित महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित बनाने पर वित्त मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी, वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। भारत की विनिर्माण क्षमताओं और तेजी से बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र की मजबूती बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुदृढ़ करना अत्यंत आवश्यक है। वैष्णव रविवार को बैठक में भाग लेने के लिए वॉशिंगटन डीसी पहुंचे और उन्होंने कहा कि भारत के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। वॉशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास ने बयान में कहा कि वैष्णव ने आर्थिक समृद्धि, जुझारू विनिर्माण और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत एवं सुरक्षित करने के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता का उल्लेख किया। बेसेंट ने कहा कि बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं में प्रमुख कमजोरियों को शीघ्रता से दूर करने की मजबूत एवं साझा इच्छा के बारे जानकर उन्हें खुशी हुई। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि राष्ट्र अलगाव की बजाय विवेकपूर्ण जोखिम-निवारण उपायों को अपनाएंगे और महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं में मौजूदा कमियों को दूर करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता को भलीभांति समझेंगे। अमेरिकी वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि अमेरिका ने पहले से ही किए गए कार्यों एवं निवेशों के साथ-साथ मजबूत, सुरक्षित और विविध महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए नियोजित कदमों को रेखांकित किया।

# अगर सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को रद्द किया तो गड़बड़ हो जायेगी : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर सुप्रीम कोर्ट यह फैसला सुनाता है कि उनके पास व्यापक शुल्क लगाने की एकतरफा शक्ति नहीं है, तो बहुत बड़ी गड़बड़ हो जाएगी, और हमारे देश के लिए उन पैसों को चुकाना लगभग असंभव हो जाएगा, जो अमेरिका ने व्यापक टैरिफ से एकत्र किए हैं।

उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अगर अदालत उनके द्वारा लगाए गए टैरिफ को रद्द कर देती है, तो हम बुरी तरह फंस जाएंगे। ट्रंप ने अदालत के आसन्न फैसले के बारे में सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट किए हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में यह भी जिक्र किया कि सरकार के लिए पैसा वापस करना कितना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने शुल्क का पैसा वापस करने के बारे में कहा, यह संभव नहीं हो सकता। ट्रंप ने कहा कि लेकिन, अगर ऐसा हुआ, तो यह इतनी बड़ी रकम होगी कि यह पता लगाने में कई साल लग जाएंगे कि हम किस संख्या की बात कर रहे हैं और यहां तक कि किसे, कब और कहां भुगतान करना है।

## इंटरटेनमेंट...

# विवादों में घिरी यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक




मुंबई। फिल्म टॉक्सिक में यश लीड रोल में हैं। उनके साथ कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी भी नजर आएंगी। यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक : ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स विवादों में फंस गई है।

फिल्म को लेकर सोशल एक्टिविस्ट दिनेश कल्लाहल्ली ने सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने टीजर में मौजूद कुछ सीन को अश्लील, आपत्तिजनक और नैतिक मूल्यों के खिलाफ बताया है। एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीएफसी चेयरपर्सन प्रसून जोशी को की गई शिकायत में सोशल एक्टिविस्ट ने कहा कि टॉक्सिक के टीजर में बहुत ज्यादा अश्लील, सेक्सुअली एक्सप्लिसिट और वल्गर सीन हैं। जो खुले तौर पर सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। इससे बच्चे और युवा भी ऐसे कंटेंट देख रहे हैं, जो कानून और समाज दोनों के लिए ठीक नहीं है। एक्टिविस्ट का कहना है कि यह टीजर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा से बाहर है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अश्लील और सेक्सुअली एक्सप्लिसिट कंटेंट को संवैधानिक सुरक्षा नहीं मिलती।

उन्होंने सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952, फिल्म सर्टिफिकेशन नियमों और सीबीएफसी की गाइडलाइंस का भी हवाला दिया। उनका कहना है कि फिल्मों, ट्रेलरों और प्रमोशनल कंटेंट में शालीनता, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के मानकों का पालन होना चाहिए। फिल्म टॉक्सिक की कहानी यश और गीतू मोहनदास ने लिखी है।

# बॉर्डर 2 के इवेंट में इमोशनल हुए सुनील शेट्टी

मुंबई। फिल्म बॉर्डर 2 का नया गाना 'जाते हुए लम्हों' सोमवार को लॉन्च हुआ। इस मौके पर आयोजित स्पेशल स्क्रीनिंग में फिल्म के कलाकार अहान शेट्टी अपने पिता सुनील शेट्टी के साथ पहुंचे। इवेंट के दौरान सुनील बेटे के संघर्ष और फिल्म पर बात करते हुए भावुक नजर आए। नेपोटिज्म पर बनी आम धारणा को लेकर एक्टर ने कहा, 'लोगों को लगता है कि सुनील शेट्टी का बेटा है, तो उसे आसानी से काम मिल गया होगा, लेकिन सच्चाई यह है कि अहान ने जिंदगी में बहुत कुछ झेला है, लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि उसे बॉर्डर जैसी फिल्म मिली। इससे बेहतर फिल्म नहीं मिल सकती। मैं यही प्रार्थना करूंगा कि वह अपने रोल के साथ जस्टिस करें और फिल्म अच्छा प्रदर्शन करे। इतनी बड़ी फिल्म मिलना अपने आप में बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। जब अहान यह फिल्म कर रहा था, तब मैंने उससे साफ कहा था कि यह सिर्फ एक यूनिफॉर्म पहनने की बात नहीं है, इसे हमेशा याद रखना। आज अगर देश प्रगति के लिए पहचाना जाता है, तो उसके साहस के लिए भी जाना जाता है। यह साहस हमें हमारे सैनिक और अधिकारी देते हैं, जिनका हम सब पर बहुत बड़ा कर्ज है। मैंने बस यही कहा था कि जो भी करो, दिल से करो। इस दौरान सुनील ने फिल्म की प्रोड्यूसर निधि दत्ता को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि निधि उनके लिए छोटी बेटी जैसी हैं और इतनी बड़ी फिल्म लिखना और उसमें अहान को कास्ट करना बहुत बड़ी बात है। एक पिता के तौर पर वह हमेशा उनके कर्जदार रहेंगे। सुनील शेट्टी ने फिल्म बॉर्डर के पहले पार्ट के डायरेक्टर जेपी दत्ता का भी आभार जताया।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com